


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 242 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) मार्गशीर्ष कृ.9 2081 रविवार, 24 नवंबर-2024

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

## मणिपुर हिंसा-7 जिलों में लगा इंटरनेट बैन और बढ़ाया

इंफाल, 23 नवंबर (एजेंसियां)। मणिपुर सरकार ने 7 जिलों में मोबाइल इंटरनेट सर्विस पर लगी रोक को दो दिन के लिए और बढ़ाया गया। इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, बिष्णुपुर, थौबल, चुराचांदपुर और कांगपोकपी जिलों में 16 नवंबर को पहले दो दिन के लिए इंटरनेट सर्विस बैन की गई थी। मणिपुर में हिंसा लगातार जारी है। इसी को ध्यान में रखते हुए बैन को लगातार बढ़ाया जा रहा है। गृह विभाग ने नोटिस जारी किया है। इससे पहले 19 नवंबर को सरकार ने ब्रॉडबैंड सर्विस से बैन हटाया था। जिससे स्कूल-कॉलेजों, अस्पतालों, सरकारी ऑफिसों के काम नहीं रुकें। वहीं, 16 नवंबर को विधायकों के घरों में तोड़फोड़-आगजनी के मामले में 2 और लोग गिरफ्तार किए गए।

> पीएम मोदी ने महाराष्ट्र की जीत के लिए मतदाताओं का जताया आभार <

# 'एकजुट होकर हम और ऊंची उड़ान भरेंगे'

नई दिल्ली, 23 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को बहुमत मिला हुआ है। इसी के साथ इस चुनाव में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। महाराष्ट्र में बड़ी जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस जीत को ऐतिहासिक बताया। इसी के साथ उन्होंने महाराष्ट्र के लोगों को आश्वासन दिया कि गठबंधन राज्य की प्रगति के लिए काम करता रहेगा। बता दें कि विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी को हार का सामना करना पड़ रहा है।

महाराष्ट्र में महायुति की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, एक साथ होकर हम और भी ज्यादा ऊंची उड़ान भरेंगे। महाराष्ट्र के भाइयों और बहनों, विशेषकर राज्य के युवा और महिलाओं का एनडीए की ऐतिहासिक जीत के लिए आभार व्यक्त करता हूं। मैं लोगों को आश्वासन देता हूं कि हमारा गठबंधन महाराष्ट्र की प्रगति के लिए काम करता रहेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी महाराष्ट्र के लोगों का आभार व्यक्त किया।



उन्होंने कहा, जय महाराष्ट्र। इस ऐतिहासिक जनादेश के लिए महाराष्ट्र की जनता का कोटि-कोटि वंदन। छत्रपति शिवाजी महाराज, बाबासाहेब आंबेडकर जी, ज्योतिबा फुले जी और वीर सावरकर जी की पुण्यभूमि महाराष्ट्र ने विकास के साथ-साथ संस्कृति और राष्ट्र को सर्वोपरि रखने वाले महायुति गठबंधन को इतना प्रचंड जनादेश देकर भ्रम और झूठ के सहारे संविधान के नकली हितैषी बनने वालों की दुकान पर ताला लगाने का काम किया है। यह जीत हर एक महाराष्ट्रवासी की जीत है।

**झारखंड में झामुमो को शुभकामनाएं दी :** महाराष्ट्र के अलावा झारखंड में भी विधानसभा चुनाव हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य में झामुमो गठबंधन के प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, मैं झारखंड के लोगों का हमारे प्रति उनके समर्थन के लिए धन्यवाद करता हूं। हम लोगों के मुद्दों को उठाने और राज्य के लिए काम करने में हमेशा आगे रहेंगे। मैं झामुमो को उनके प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजों पर भी अमित शाह ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, झारखंड में भाजपा को सबसे अधिक मत प्रतिशत का आशीर्वाद देने के लिए प्रदेश वासियों का आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही, झारखंड भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को उनके अथक परिश्रम के लिए शुभकामनाएं देता हूं। भाजपा के लिए जनजातीय समाज की आकांक्षाओं की पूर्ति और उनकी अस्मिता की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। एनडीए की केंद्र सरकार झारखंड वासियों की उन्नति, प्रगति और जनजातीय विरासतों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और मोदी जी के नेतृत्व में हम निरंतर इस दिशा में कार्य करते रहेंगे। भाजपा झारखंड में एक सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी।

# भाजपा गठबंधन की सरकार बनना तय

> शिंदे बोले-सीएम तीनों पार्टियां मिलकर तय करेंगी
> फडणवीस ने कहा-एक हैं तो सेफ हैं




मुंबई, 23 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र चुनाव रिजल्ट में महायुति ने एक तरफा बढ़त बनाई है। 288 विधानसभा सीटों में भाजपा गठबंधन 230 पर आगे है, जिसमें से 107 सीटों पर जीत मिल चुकी है। 123 पर आगे हैं।

वहीं कांग्रेस के नेतृत्व वाले महा विकास अघाड़ी (एमवीए) 50 का आंकड़ा भी पार करता नहीं दिख रहा। अभी तक एमवीए ने 22 सीटें जीत ली है, 24 पर आगे हैं। राज्य में भाजपा गठबंधन की सरकार बनना तय है। मुख्यमंत्री शिंदे और देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि तीनों पार्टी मिलकर तय करेंगी कि राज्य का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। इससे पहले फडणवीस ने सोशल मीडिया पर लिखा था- एक हैं तो सेफ हैं।

## ताजपोशी से पहले लगे ठहाके

मुंबई, 23 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन एक बार फिर सत्ता में काबिज होगी। विधानसभा चुनाव में गठबंधन के तीनों दलों ने बेहतर प्रदर्शन किया और विपक्षी गठबंधन के घटक दलों को बड़े अंतर से पीछे छोड़ा है। वहीं इस प्रचंड जीत के बाद महायुति के प्रमुख नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और राज्य की जनता और सहयोगी दलों का आभार जताया। इस दौरान महायुति के नेताओं के बीच कुछ मजाकिया अंदाज भी देखने को मिला है।

# 15 राज्यों की 46 विधानसभा, 2 लोकसभा के नतीजे

**प्रियंका 4 लाख+वोटों से जीतीं; एमपी में मंत्री हारे, यूपी की 9 में 7 पर भाजपा गठबंधन जीता**


4 लाख 10 हजार वोटों से जीती।

नई दिल्ली, 23 नवंबर (एजेंसियां)। 15 राज्यों की 46 विधानसभा और 2 लोकसभा (वायनाड, नांदेड़) सीटों पर काउंटिंग लगभग पूरी हो चुकी है। वायनाड लोकसभा सीट पर प्रियंका गांधी ने 4 लाख 10 हजार वोटों से जीत दर्ज की है। उन्हें कुल 6 लाख 22 हजार 338 वोट मिले। यहां सीपीआई के सत्यन मोकेरी (2 लाख 11 हजार वोट) दूसरे और भाजपा की नव्या हरिदास (1 लाख 9 हजार वोट) तीसरे नंबर पर रहे। महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट पर भाजपा के संतुक हंबार्डे की जीत लगभग पक्की है। मध्य प्रदेश की विजयपुर सीट पर कांग्रेस से भाजपा में आए वन मंत्री रामनिवास रावत हार गए। वहीं, उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों में से भाजपा गठबंधन को 7 और सपा को 2 सीटों पर जीत मिली है। 46 सीटों पर भाजपा गठबंधन 24, कांग्रेस 7, टीएमसी 6, सपा 3, आप 3, सीपीआई-एम, नेशनल पीपुल्स पार्टी और भारत आदिवासी पार्टी को 1-1 सीटों पर संतोष करना पडा है। भाजपा गठबंधन में जेडीयू, हिंदुस्तान अवाम मोर्चा (हम), असम गण परिषद यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी और राष्ट्रीय लोक दल शामिल हैं। चुनाव से पहले इन 46 सीटों में से 27 सीटों पर विपक्ष का कब्जा था। इनमें अकेले कांग्रेस के पास 13 सीटें थीं। वहीं, भाजपा की 11 सीटों समेत एनडीए के पास कुल 17 सीटें थीं। इस तरह से भाजपा गठबंधन को कुल 7 सीटों का फायदा है।

## कल से संसद का शीत सत्र

नई दिल्ली, 23 नवंबर (एजेंसियां)। संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू हो रहा है। यह पिछले 10 साल में सबसे आक्रामक हो सकता है। मगर, इसमें सत्ता पक्ष का दबदबा रहेगा या विपक्ष का, यह शनिवार को आ रहे महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों के नतीजों से तय हो गये।

अगर नतीजों से भाजपा को झटका लगा तो केंद्र सरकार के लिए विपक्ष के साथ ही सहयोगी दलों को साधना भी बड़ी चुनौती हो सकती है। यही नहीं, 2025-26 का बजट भी दो महीने बाद फरवरी में आना है। इसके अलावा, ये नतीजे 2025 में बिहार-दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनावों पर भी असर डाल सकते हैं। बिहार में भाजपा का सियासी भविष्य नीतीश कुमार के हाथों में है। अदाणी मुद्दे पर कांग्रेस जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी की मांग उठा चुकी है। मणिपुर में फिर हिंसा भड़कने और वहां पीएम के नहीं जाने से सरकार पहले से ही बचाव की मुद्रा में है।

# झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार फिर से

✲ हेमंत बोले-इंडिया का परफॉर्मेंस अच्छा ✲ रांची में पोस्टर-शेरदिल सोरेन फिर आया



रांची, 23 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड विधानसभा चुनाव के रुझानों में हेमंत सोरेन की झामुमो का दोबारा सत्ता में आना तय हो गया है। 81 सीटों पर वोटों की गिनती के दौरान रुझानों में झामुमो गठबंधन ने 56 सीटों पर बढ़त बना ली है। यह आंकड़ा 41 के बहुमत से 15 सीट ज्यादा है।

भाजपा गठबंधन 24 सीटों पर आगे चल रहा है। अन्य 1 सीट पर बढ़त बनाए हुए हैं। झारखंड में 13 और 20 नवंबर को 81 सीटों पर मतदान हुआ था, 68 प्रतिशत वोटिंग हुई। यह अब तक की सबसे ज्यादा वोटिंग प्रतिशत है। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि चुनाव में इंडिया का परफॉर्मेंस अच्छा रहा। उधर, रांची की सड़कों पर पोस्टर लग रहे हैं कि शेरदिल सोरेन फिर आ गया। 2019 विधानसभा चुनाव में जेएमएम 30, कांग्रेस 16 और राजद ने एक सीट पर जीत दर्ज की थी। तीनों पार्टियों का गठबंधन था। तब मुख्यमंत्री जेएमएम नेता हेमंत सोरेन बने थे। बीजेपी को 25 सीटें मिली थीं।

# 84 की उम्र और 64 साल की राजनीति की 'आखिरी बाजी' में अपमानजनक मात खा गए




मुंबई, 23 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार के आखिरी दौर के वक्त शरद पवार ने कहा था कि मुझसे पंगा लेना भारी पड़ सकता है। जिन लोगों ने मेरा साथ विश्वासघात किया है उन्हें सबक सिखाना जरूरी है। आज जब महाराष्ट्र चुनाव के नतीजे सामने आए तो शरद पवार की पार्टी को मुंह की खानी पड़ी है। शरद पवार की पार्टी को महज 12 सीटों पर जीत मिलती दिख रही है। इस बुरी हार के बाद यह सवाल उठने लगा है कि क्या 84 साल के शरद पवार अब राजनीति से संन्यास लेंगे? क्या यह उनका आखिरी चुनाव होकर रह जाएगा? सियासत की आखिरी बाजी में शरद पवार कैसे मात खा गए?

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की वोटिंग से पहले शरद पवार ने चुनावी राजनीति से संन्यास के संकेत दिए थे। पवार ने कहा है कि अब वे चुनाव नहीं लड़ेंगे, हालांकि पार्टी संगठन का काम देखते रहेंगे। यानी चीफ के पद पर काम करते रहेंगे। शरद पवार ने कहा, मैंने अभी तक 14 बार चुनाव लड़ा है। अब मुझे सत्ता नहीं चाहिए। मैं समाज के लिए काम करना चाहता हूं। विचार करूंगा कि राज्यसभा जाना है या नहीं। अब महाराष्ट्र चुनाव के नतीजों के बाद उनकी पार्टी को महज 12 सीटों पर ही जीत मिलती दिख रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि यह चुनाव उनके लिए आखिरी होगा। शरद पवार का पूरा नाम शरदचंद्र गोविंदराव पवार है। वह 4 बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। वह पीवी नरसिम्हा राव के मंत्रिमंडल में रक्षा मंत्री के रूप में केंद्रीय मंत्रिपरिषद में भी रहे हैं। नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह के मंत्रिमंडल में वह कृषि मंत्री भी रहे हैं।

1960 में शरद पवार ने कांग्रेस से अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत की।

## नतीजों से खुश नहीं राहुल गांधी : कहा चुनाव परिणाम अप्रत्याशित, करेंगे विश्लेषण

नई दिल्ली, 23 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी खुश नहीं हैं। चुनाव में महायुति को बहुमत मिलने पर राहुल गांधी ने हैरानी जताई है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि महाराष्ट्र के चुनाव नतीजे अप्रत्याशित हैं। हम इनका विस्तार से विश्लेषण करेंगे। महाराष्ट्र में कांग्रेस नेतृत्व वाली महाविकास अघाड़ी 49 सीटें ही हासिल कर पाई है।

झारखंड के लोगों का इंडिया को विशाल जनादेश देने के लिए दिल से धन्यवाद। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी, कांग्रेस और झामुमो के सभी कार्यकर्ताओं को इस विजय के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। राहुल गांधी ने झारखंड चुनाव के परिणाम को लेकर एक्स पर पोस्ट में लिखा कि झारखंड में इंडिया गठबंधन की जीत हुई। यह जल, जंगल और जमीन के साथ-साथ संविधान की रक्षा की जीत है। झारखंड के लोगों का इंडिया गठबंधन को विशाल जनादेश देने के लिए दिल से धन्यवाद।

# हमें जनता की अदालत में जीत मिली है : सिद्धारमैया


बेंगलुरू, 23 नवंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक में विधानसभा उपचुनावों के नतीजों से उत्साहित कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को कहा कि उन्होंने 'जनता की अदालत' में जीत हासिल की है। इन तीनों सीटों पर सत्तारूढ़ कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। उन्होंने संदूर, शिगगांव और चन्नपटना में विधानसभा उपचुनावों में पार्टी की जीत का श्रेय गारंटी योजनाओं को दिया।

**जनता की अदालत अदालतों से बेहतर :** विधानसभा उपचुनाव में जीत के बाद सीएम सिद्धारमैया ने संवाददाताओं से कहा, आप जानते हैं कि महात्मा गांधी ने क्या कहा था। उन्होंने कहा था कि जनता की अदालत अदालतों से बेहतर है। अब जनता की अदालत ने मुझे अपना फैसला सुना दिया है। उन्होंने बताया कि यह जीत कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण थी, क्योंकि भाजपा और जेडीएस ने गठबंधन किया था। हमने कल्याण कर्नाटक (संदूर), कित्तूर कर्नाटक क्षेत्र (शिगगांव) और पुराने मैसूर क्षेत्र (चन्नपटना) से जीत हासिल की। सभी जगहों पर हमने जीत हासिल की। इसलिए, यह बहुत महत्वपूर्ण है। सीएम सिद्धारमैया ने आगे कहा, लगभग डेढ़ साल पहले हमारी सरकार के सत्ता में आने के बाद, भाजपा ने मुझ पर और मेरी सरकार पर झूठे आरोप लगाए। उन्होंने हमारी योजनाओं के बारे में भी झूठ फैलाया। बता दें कि, मुख्यमंत्री मुडा साइट आवंटन घोटाले में आरोपी हैं, जिसमें मैसूर के अपमार्केट में 14 साइटें उनकी पत्नी पार्वती को आवंटित की गई थीं। विवाद शुरू होने के बाद, पार्वती ने साइटें मुडा को वापस कर दीं।

## संयुक्त किसान मोर्चा के बड़े ऐलान : 26 नवंबर से देशव्यापी अनशन

नई दिल्ली, 23 नवंबर (एजेंसियां)। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने दिल्ली प्रेस क्लब में एक अहम प्रेस वार्ता आयोजित कर किसान आंदोलन को फिर से तेज करने की घोषणा की। गुरुद्वारा श्री रकाबगंज साहिब में आयोजित बैठक में दक्षिण भारत सहित देश के कई राज्यों के किसान नेताओं ने भाग लिया। बैठक का मुख्य एजेंडा किसानों की लंबित मांगों को लागू करवाने के लिए रणनीति तैयार करना था।

सीनियर किसान नेता जगजीत सिंह डलेवाल 26 नवंबर से खनौरी मोर्चे पर आमरण अनशन शुरू करेंगे। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और दक्षिण भारत के किसान बड़े पैमाने पर इस आंदोलन में शामिल होंगे। कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना जैसे राज्यों में जिला मुख्यालयों पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि यदि सरकार ने 9 महीनों से लंबित किसानों की मानी हुई मांगों को लागू नहीं किया, तो 6 दिसंबर को शंभू मोर्चे से दिल्ली तक पैदल मार्च किया जाएगा। मोर्चे ने संसद के आगामी सत्र (25 नवंबर से शुरू) पर जोर देते हुए सरकार से किसानों की मांगों को अमलीजामा पहनाने की अपील की।




# महाराष्ट्र में जीत पर गडकरी ने महायुति को दी बधाई

### कहा-पीएम के नेतृत्व में विकास को प्राथमिकता



मुंबई, 23 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के रुझानों में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन को बंपर बहुमत मिला है। महाराष्ट्र की जनता ने एक बार फिर भाजपा के नेतृत्व पर विश्वास किया है। महायुति को लगातार बधाइयां मिल रही हैं। वहीं, झारखंड में इंडिया गठबंधन जीत गयी है। केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन गडकरी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन के लिए महायुति को बधाई दी। साथ ही उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास को प्राथमिकता दी। उन्होंने एक्स पर कहा, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा-महायुति गठबंधन की ऐतिहासिक जीत के लिए राज्य की जनता को हार्दिक बधाई! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भाजपा-महायुति ने लगातार विकास को प्राथमिकता दी है और महाराष्ट्र की समग्र प्रगति और उसके लोगों की आकांक्षाओं के लिए प्रतिबद्ध है।

**इन लोगों को दी बधाई :**

उन्होंने आगे कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि पीएम मोदी के विजन से प्रेरित होकर डबल इंजन की सरकार राज्य के विकास को और ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। मैं इस शानदार उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस, अजित पवार और भाजपा नेताओं तथा महायुति कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई देता हूं। वरिष्ठ भाजपा नेता ने उन स्वयंसेवी संगठनों के प्रति आभार व्यक्त किया जो मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए चुनाव के दौरान अथक रूप से काम करते हैं।

## महायुति की जीत पर कांग्रेस ने उठाया सवाल

नई दिल्ली, 23 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजे आज जारी हुए। जहां एक तरफ महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन को बहुमत मिला तो दूसरी तरफ झारखंड में झामुमो गठबंधन आगे है। चुनाव के नतीजों के जारी होने के बाद कांग्रेस ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कांग्रेस नेता जयराम रमेश और पवन खेड़ा ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन की जीत पर सवाल उठाया। इसके साथ ही उन्होंने झारखंड में झामुमो गठबंधन की जीत पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोगों ने भाजपा की राजनीति को ठुकरा दिया और काम करने वाली सरकार को फिर से जीता दिया। बता दें कि झारखंड में कांग्रेस 10 सीटों पर जीत हासिल कर चुकी है, जबकि छह सीटों पर आगे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, महाराष्ट्र में वही पैटर्न दोहराया गया है, जो हमें पिछले कुछ साल में देखने को मिला है।

# विशाखापट्टनम को मिलेगा भारत का सबसे लंबा ग्लास स्काईवॉक ब्रिज, यहां हवा में कर सकते हैं साइकिलिंग



विशाखापट्टनम, 23 नवंबर (एजेंसियां)। टूरिज्म एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें बढ़ावा देने के लिए नए-नए पैंतरे अपनाए जाते हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा टूरिस्ट्स अट्रैक्ट होकर उन जगहों पर घूमने आ सके। ऐसे में विशाखापट्टनम भारत का सबसे लंबा ब्रैकेट ग्लास स्काईवॉक ब्रिज बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। बताया जा रहा है, ये स्काईवॉक 50 मीटर तक फैला होगा, जहां से समुद्र और पहाड़ियों के शानदार नजारे देख सकेंगे। ये नजारे इतने खूबसूरत होंगे कि आप मंत्रमुग्ध हो जानते हैं, इस स्काईवॉक ब्रिज के बारे में।

विशाखापट्टनम में बनने वाले भारत के सबसे लंबे ब्रैकट ग्लास स्काईवॉक ब्रिज का ये प्रोजेक्ट लगभग 6 करोड़ में पूरा होने की उम्मीद है। मीडिया रिपोर्ट्स की माने को इसका निर्माण इस साल नवंबर, 2024 को शुरू होने वाला है और जल्द ही निर्माण का कार्य पूरा किया जाएगा। अगर आप एडवेंचर के शौकीन हैं, तो हम यहां आना आपके लिए बेस्ट ऑप्शन होगा। बता दें, ग्लास स्काईवॉक ब्रिज कैलासगिरि में टाइटैनिक व्यू पॉइंट के पास स्थित होगा, जो विशाखापट्टनम के सबसे फेमस टूरिस्ट्स प्लेस में से एक है। बता दें, ये प्लेस अपने लुभावने दृश्यों और हरी-भरी हरियाली के लिए जाना जाता है।

ग्लास स्काईवॉक ब्रिज का निर्माण पूरी सेफ्टी और लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के साथ किया जाएगा। इंजीनियर्स की टीम इस प्रोजेक्ट पर दिन- रात काम कर रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, ग्लास स्काईवॉक ब्रिज में एक साथ 40 लोगों के रहने की क्षमता होगी। यानी एक समय में इस कांच के पुल पर 40 लोग आराम से चल सकते हैं। वहीं सुरक्षा कारणों से उन बच्चों को ब्रिज पर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

ऐसा माना जाता रहा है, कैलासगिरी ग्लास स्काईवॉक ब्रिज का निर्माण पूरा होने के बाद लंबाई के मामले में 3600 फीट की ऊंचाई पर बना केरल के वागामोन ग्लास ब्रिज को पीछे छोड़ देगा। बता दें, केरल के इस ब्रिज के पास वर्तमान में 40 मीटर पर भारत के सबसे लंबे कैंटिलीवर ग्लास ब्रिज का खिताब है, जो जल्द ही टूट जाएगा। वहीं विशाखापट्टनम के ग्लास स्काई ब्रिज की बात करें, तो अभी टिकट के बारे में कोई खास जानकारी नहीं मिली है। वहीं समय के बारे में भी जल्द जानकारी दी जाएगी।

# तबाही मचाने को तैयार भीषण तूफान, 11 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली, 23 नवंबर (एजेंसियां)। देश के मौसम ने करवट बदल ली है। सर्दी का मौसम चल रहा है। उत्तर भारत घने कोहरे की चपेट में है। दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर भारत में आंधी-तूफान के साथ बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने इस हफ्ते एक चक्रवाती तूफान आने की संभावना जताई है। तीनों पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी हो रही है, जिससे पूरे देश में सर्द हवाएं ठंड बढ़ा सकती हैं। दिसंबर-जनवरी के महीने में ला नीना के प्रभाव से उत्तर भारत में सामान्य से ज्यादा ठंड पढ़ने की संभावना वैश्विक मौसम विज्ञान संगठन (डब्लूएमओ) ने जताई है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने 28 नवंबर तक मौसम का ताजा अपडेट जारी किया है।



**कब आएगा चक्रवाती तूफान?**

मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्वी भूमध्यरेखीय हिंद महासागर और इससे सटे दक्षिण अंडमान पर ऊपरी हवा वाला साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव है, जो समुद्र के मध्य क्षोभमंडल तक फैला हुआ है। इसके प्रभाव से कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। 23 नवंबर के इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर दक्षिणपूर्व बंगाल की खाड़ी की तरफ बढ़ने की संभावना है। अगले 2 दिन के दौरान दक्षिण बंगाल की खाड़ी के मध्य भागों में एक दबाव का एरिया बन जाएगा। पूर्वी भूमध्यरेखीय हिंद महासागर और इससे सटे दक्षिण में साइक्लोनिक सर्कुलेशन से एक ट्रफ रेखा बनी हुई है। अंडमान सागर से मन्नार की खाड़ी तक निचले और मध्य क्षोभमंडल स्तर में ऊंचाई के साथ दक्षिण की ओर हवाओं का झुकाव होने से एक पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हुआ है। इसके असर से समुद्र तटीय राज्यों में तूफानी हवाएं चलेंगी और भारी बारिश होने की चेतावनी है।

**इन राज्यों में बरसेंगे बादल**

रिपोर्ट के अनुसार, आज से 28 नवंबर तक दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में हल्की से मध्यम बारिश होगी। कुछ स्थानों पर गरज और चमक के साथ बारिश हो सकती है। केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, पुडुचेरी, अंडमान निकोबार द्वीप समूह, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में बारिश होने की संभावना। यनम, माहे, कराईकल में भी कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। चक्रवाती तूफान के असर से 35 किलोमीटर प्रति घंटे से 45 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से और 55 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। मछुआरों से अपील है कि वे कोमोरिन क्षेत्र और मन्नार की खाड़ी, दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी, दक्षिण अंडमान सागर, उत्तरी अंडमान सागर, दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी, श्रीलंका तट और तमिलनाडु तट पर जाने से बचें।

**दिल्ली समेत इन राज्यों में छाएगा कोहरा**

मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, 30 नवंबर तक उत्तर भारत में मौसम शुष्क रहेगा। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश में सुबह-शाम घना कोहरा छाएगा। दिन में धूप निकलेगी, लेकिन तापमान गिरने से ठंड का अहसास होगा। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण कम होने लगा है और सुबह-शाम हल्का कोहरा छाने लगा है। दिन में धूप निकलने से राहत मिलती है, लेकिन सुबह-शाम कोहरा छाने से तापमान गिरता है और ठंड का अहसास होता है। पंखे बिल्कुल बंद हो गए हैं, वहीं आगे घना कोहरा छाने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है।

**कश्मीर में तापमान शून्य से नीचे गया**

रिपोर्ट के अनुसार, इस हफ्ते उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी होने की संभावना है। इससे मैदानी राज्यों में ठंड बढ़ेगी और सर्द हवाएं चल सकती हैं। वहीं जम्मू कश्मीर में बर्फबारी होने से ठंड का प्रकोप काफी बढ़ गया है। कश्मीर के ज्यादातर इलाकों में तापमान शून्य से नीचे है। शुक्रवार को श्रीनगर में तापमान 0.4 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 2-3 दिन में जम्मू-कश्मीर में कई जगहों पर हल्की बारिश होगी या गरज चमक के साथ छींटे पड़ेंगे। कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश या बर्फबारी हो सकती है।

# धर्म परिवर्तन करवाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

## 5 लाख में टैक्सी ड्राइवर के परिवार से कर रहे थे डील

इंदौर, 23 नवंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के इंदौर में धर्म परिवर्तन करवाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। ये बात तब सामने आई, जब इस गिरोह ने एक टैक्सी ड्राइवर और उसके परिवार को धर्म परिवर्तन करने के लिए 5 लाख रुपए का लालच दिया। इसके अलावा टैक्सी ड्राइवर के बच्चों की शिक्षा के लिए शहर के बड़े स्कूलों में एडमिशन का भी लालच दिया गया। इंदौर के लसूड़िया थाने में धर्म परिवर्तन का एक मामला सामने आया है। यहां एक टैक्सी ड्राइवर और उसके परिवार को धर्म परिवर्तन करने के लिए पांच लाख रुपए देने का लालच दिया गया, साथ ही बच्चों की शिक्षा के लिए शहर के बड़े स्कूलों में एडमिशन कराने का लालच भी दिया गया। परिवार के लोगों ने इस मामले की जानकारी हिंदूवादी संगठनों को दी। इसके बाद हिंदूवादी संगठन के लोगों ने धर्म परिवर्तन करने वालों के घर पहुंचकर उन्हें पकड़ा और लसूड़िया थाना पुलिस के हवाले किया। दरअसल लसूड़िया थाना क्षेत्र के निवासी सन्नी मंदोत टैक्सी ड्राइविंग का काम करते हैं और उनके परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। जिसे देखते हुए कुछ लोगों ने उनसे मुलाकात की और उन्हें क्रिश्चियन धर्म अपनाने की सलाह दी। इसके साथ ही उन्हें पांच लाख रुपए देने का लालच दिया और उनके बच्चों को शहर के बड़े स्कूलों में एडमिशन करवाने का झांसा भी दिया। इस दौरान धर्म परिवर्तन करवाने वाले गिरोह के सदस्य कई बार सनी के घर पहुंचे और पूरे परिवार पर धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाव बनाने लगे, इसके बाद सनी और उसके परिजनों ने इस मामले की जानकारी हिंदू जागरण मंच के नेताओं को दी, जिन्होंने धर्म परिवर्तन करवाने वाले कथित लोगों के घर पर जाकर जांच पड़ताल की और मौके से कई आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद कीं। हिंदूवादी संगठन के नेताओं का कहना है कि मौके से लाखों रुपए ट्रांसफर होने का लेखा जोखा बरामद किया गया है। साथ ही कई चेक बुक भी बरामद हुई हैं,

# इंदौर में होटल शेरेटन के रेस्टोरेंट मैनेजर की मौत

**रात 3 बजे बिजली के पोल में घुसी कार, दो घंटे बाद पहुंची एम्बुलेंस**

इंदौर, 23 नवंबर (एजेंसियां)। इंदौर में दरमियानी रात 3 बजे एक कार बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में होटल शेरेटन के रेस्टोरेंट मैनेजर की मौत हो गई। वे होटल से घर लौट रहे थे। हादसा एमआर-11 पर हुआ। उन्हें सिर और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोट आई थी। पुलिस ने मृतक की जेब में मिले आईडी कार्ड से पहचान कर होटल स्टाफ को सूचना देकर मौके पर बुलाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के दो घंटे बाद एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। मृतक का नाम मनीष (36) पुत्र रवींद्र है। पुलिस ने शेरेटन होटल के स्टाफ को मौके पर बुलाया। स्टाफ ने मृतक की पहचान रेस्टोरेंट मैनेजर के रूप में की। स्टाफ ने बताया कि मनीष बायपास स्थित होटल से देर रात घर जाने के लिए निकले थे।

**इवेंट पार्टी के चलते देर रात तक रुके थे**

होटल में एक इवेंट पार्टी थी। इसलिए मनीष होटल बंद होने तक वहीं रुके रहे। रात करीब 2.30 बजे से वे होटल से निकले। इस दौरान वे होटल गोल्डन लीव्स के नजदीक पहुंचे। यहां उनकी कार असंतुलित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। स्टाफ के मुताबिक उन्होंने 7 महीने पहले ही होटल जॉइन किया था। परिवार में एक बेटा और पत्नी है। मनीष मूल रूप से बिहार के छपरा के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि मनीष को एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने उन्हें मृतक घोषित कर दिया। स्टाफ से नंबर लेकर उनके परिवार को सूचना दे दी है। होटल के वरिष्ठ अधिकारियों को भी हादसे के संबंध में सूचित किया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

# 'बंगाल की राजनीति के लिए कैंसर है हिंसा और भ्रष्टाचार'

# मुर्शिदाबाद की घटना पर राज्यपाल ने जताया गुस्सा



कोलकाता, 23 नवंबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में कार्तिक पूजा के दौरान एक डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड पर आपत्तिजनक संदेश दिखाई देने के बाद दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। इस मामले में पुलिस ने रविवार को 15 लोगों को गिरफ्तार किया था। इस मामले में बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने प्रतिक्रिया दी। पत्रकारों से इस घटना पर बात करते हुए उन्होंने इसे संवेदनशील बताया और कहा कि वे स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। राज्यपाल ने कहा कि अगर इलाके में उनकी जरूरत पड़ी तो वे वहां का दौरा भी करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने हिंसा और भ्रष्टाचार को राज्य की राजनीति के लिए कैंसर बताया। मुर्शिदाबाद हिंसा पर बात करते हुए राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा, यह मुद्दा बहुत संवेदनशील है। मैं स्थिति पर नजर रख रहा हूं। पुलिस और खुफिया एजेंसियों के जरिए मुझे जानकारी मिल रही है। मैं स्वयं आकलन कर रहा हूं। अगर मेरी वहां जरूरत है तो मैं वहां का दौरा करूंगा। इस तरह की घटनाएं दोबारा नहीं होनी चाहिए। राज्यपाल ने आगे कहा, बंगाल एक महान भूमि है। बंगाल के लोग बहुत संस्कारी है, लेकिन राजनीति खराब है। जैसा कि कहा जाता है, राजनीति इस देश में आखिरी चारा है। अब मुझे इसका मतलब समझ आ रहा है, लेकिन इसे बदलना होगा। बंगाल के लोग इस तरह की चीजों को राजनीति में नहीं रहने देंगे। हिंसा और भ्रष्टाचार बंगाल की राजनीति के लिए कैंसर है। इन दो चीजों को अब राजनीतिक कार्रवाई के द्वारा प्रोत्साहित किया जाता है। मैं किसी विशेष राजनीतिक दल को इसके लिए जिम्मेदार नहीं ठहरा रहा हूं। यह हमारे सामने एक सच है कि हिंसा और भष्टाचार बढ़ रहा है।

**क्या है पूरा मामला?**

बेलडांगा में कार्तिक पूजा पांडाल के पास बने अस्थायी गेट पर एक डिजिटल बोर्ड पर कथित तौर पर कुछ आपत्तिजनक संदेश दिखाई देने के बाद एक गुट ने विरोध जताया। इसके बाद दूसरे गुट के लोग भी वहां इकट्ठा हो गए और दोनों पक्षों के बीच पत्थरबाजी शुरू हो गई। झड़प में कुछ लोग मामूली रूप से घायल हुए। कई दुकानों और घरों में तोड़फोड़ की गई और बम फेंके गए। पुलिस की गाड़ी पर भी हमला हुआ, जिसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।

# मेडिकल पीजी काउंसिलिंग 24 नवंबर रात 12 बजे तक

**जबलपुर हाई कोर्ट का डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन को आदेश, पहले राउंड के रिजल्ट पर भी रोक**



जबलपुर, 23 नवंबर (एजेंसियां)। जबलपुर हाई कोर्ट ने एमडी-एमएस कोर्स में दाखिले के लिए नीट-पीजी काउंसिलिंग के पहले राउंड के रिजल्ट घोषित करने पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। रीवा निवासी डॉक्टर अभिषेक शुक्ला व अन्य जिलों के डॉक्टरों की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। इस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस एसए धर्माधिकारी एवं जस्टिस अनुराधा शुक्ला की डिवीजन बेंच ने डायरेक्टर मेडिकल कॉलेज को 24 नवंबर रात 12 बजे तक पहले राउंड की काउंसिलिंग जारी रखने के निर्देश दिए हैं। हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन को यह भी कहा है कि जब तक पहले राउंड की काउंसिलिंग ना हो जाए तब तक उसका रिजल्ट घोषित नहीं किया जाएगा। हाई कोर्ट ने डीएमई एवं अन्य को नोटिस जारी करते हुए पूरे मामले में जवाब पेश करने के निर्देश भी दिए हैं। अब मेडिकल पीजी काउंसिलिंग के मामले में अगली सुनवाई 28 नवंबर को होगी। डॉक्टर अभिषेक शुक्ला व अन्य जिलों के डॉक्टरों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर करते हुए कहा कि पीजी कोर्स में दाखिले के लिए नीट ने मेरिट लिस्ट तैयार की थी, यह सूची नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया अपनाते हुए जारी की गई है। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता आदित्य संघी ने हाईकोर्ट को दलील दी कि राज्य शासन ने मेरिट लिस्ट तैयार करने में दूसरी बार नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया को अपनाया, इस कारण नीट की मेरिट लिस्ट में अच्छी रैंकिंग होने के बावजूद भी प्रदेश की मेरिट लिस्ट में याचिकाकर्ताओं का नाम नीचे हो गया।

# क्या संगठित अपराधियों के लिए अतिरिक्त सुरक्षा जरूरी?

## नए क्रिमिनल लॉ को चुनौती देने वाली याचिका पर एससी का सवाल



नई दिल्ली, 23 नवंबर (एजेंसियां)। नए क्रिमिनल लॉ को चुनौती वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया कि क्या संगठित अपराधों के आरोपियों के लिए सेफगार्ड के उपाय होने चाहिए। बेंच ने मुद्दे पर विचार करने की आवश्यकता जताई कि क्या संगठित अपराध में शामिल व्यक्तियों के लिए कानूनी प्रक्रिया में अतिरिक्त सुरक्षा उपायों की व्यवस्था होनी चाहिए? नए क्रिमिनल कानून के कई प्रावधानों के संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है।

**याचिकाकर्ता के वकील ने दिया ये तर्क**

इससे पहले याची की ओर से पेश वकील डॉ। मेनका गुरुस्वामी ने तर्क दिया कि नई संहिताओं के माध्यम से संगठित अपराध (जैसे मकोका) को सामान्य कानून (भारतीय न्याय संहिता, 2023 यानी बीएनएस) के दायरे में लाया गया है। ऐसा करने से विशेष कानूनों में आरोपियों के लिए तय किए गए सुरक्षा उपायों और संरक्षण को हटा दिया गया है, जो पहले संगठित अपराधों से निपटने के लिए बनाए गए थे। डॉ। गुरुस्वामी ने इस पर जोर दिया कि संगठित अपराधों की प्रकृति और उनकी जटिलताओं को देखते हुए इनसे संबंधित मामलों में विशेष सुरक्षा उपाय और प्रावधान जरूरी है लेकिन नए जनरल कानून में वह नहीं है।

**सुप्रीम कोर्ट में दी गई चुनौती**

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के कई प्रावधानों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। इन दोनों ही कानून ने पहले के सीआरपीसी और आईपीसी की जगह ली है और दोनों ही कानून एक जुलाई से अमल में आया है। साथ ही इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू किया गया है। भारतीय न्याय संहिता की धारा-111 और 113 को चुनौती दी गई है। इसके तहत कानून में आर्गेनाइज्ड क्राइम और टेरर गतिविधियों को रोकने के लिए प्रावधान किया गया है। याचिका में कहा गया है कि उक्त कानूनी प्रावधान के तहत जनरल कानून में इस अपराध को रखा गया है। ऐसे अपराध के लिए पहले से मकोका और गैर कानूनी गतिविधियों से संबधित स्पेशल एक्ट था जिसमें प्रक्रिया तय थी और सेफगार्ड तय किया गया था लेकिन जो मौजूदा नया कानून है उसमें जनरल कानून में इसे रखा गया है और कोई सेफगार्ड नहीं दिया गया है।

वहीं, बीएनएस की धारा-152 पर सवाल उठाया गया है और कहा गया है कि पहले के राजद्रोह कानून को दोबारा पेश किया गया है। जबकि पहले के राजद्रोह कानून आईपीसी की धारा-124 ए में परिभाषित था जिसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई गई थी। वहीं, याचिकाकर्ता ने बीएनएसएस की धारा-173 (3) पर सवाल उठाया है और कहा है कि पुलिस को शिकायत के बाद केस दर्ज करने या न करने के मामले में विशेष अधिकार दिया गया है। वह प्रारंभिक जांच के आधार पर केस दर्ज कर सकती है यहां उसे पिक एंड चूज का अधिकार मिल गया है।

# शिमला रेलवे स्टेशन से किया पैनोरमिक कोच का आखिरी ट्रायल, 25 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ी

शिमला, 23 नवंबर (एजेंसियां)। कालका-शिमला विश्व धरोहर रेलवे ट्रैक पर नागरिक उड्डयन मंत्रालय की टीम ने शनिवार सुबह शिमला रेलवे स्टेशन से पैनोरमिक विस्ताडोम ट्रेन का आखिरी ट्रायल किया गया। शिमला रेलवे स्टेशन से सात कोच वाली पैनोरमिक ट्रेन सुबह करीब 11:50 बजे कालका के लिए रवाना हुई। हालांकि, इसका निर्धारित समय सुबह 11:30 बजे था लेकिन तकनीकी खामी से ट्रेन लेट रवाना हुई। ट्रायल के दौरान ट्रेन की स्पीड भी 25 किलोमीटर प्रतिघंटा के बीच रही। इस ट्रैक पर अन्य ट्रेनें भी 25 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार में चलती हैं। ट्रेन में नागरिक उड्डयन मंत्रालय समेत रेल बोर्ड के अधिकारी मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि रेल सेक्शन के बीच ट्रेन को रोक कर जांच की जाएगी। इसी जांच पर चीफ कमिश्नर रेलवे सेफ्टी (सीसीआरएस) मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट भेजेंगे। यह ट्रायल 24 नवंबर तक चलेगा। सीसीआरएस की रिपोर्ट आने के बाद ही रेल मंत्रालय पैनारमिक विस्ताडोम कोच को चलाने का निर्णय लेगा।

# पूर्व मुख्यमंत्री का बेटा भी हार गया चुनाव

## कांग्रेस के प्रत्याशी ने दी बड़ी मात



बेंगलुरु, 23 नवंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक में हुए विधानसभा उपचुनावों में भारतीय जनता पार्टी और उसकी सहयोगी जनता दल (सेक्युलर) को बड़ा झटका लगा है। बता दें कि कर्नाटक में 3 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए थे जिनमें से 2 सीटों पर बीजेपी और एक सीट पर जनता दल (सेक्युलर) ने चुनाव लड़ा था। इन तीनों ही सीटों पर बीजेपी के नेतृत्व वाले गठबंधन की हार हुई है और कांग्रेस के प्रत्याशियों ने अपना परचम लहराया है। इनमें सबसे चौंकाने वाली हार चन्नपटना सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी के बेटे निखिल कुमारस्वामी की हुई है। निखिल को कांग्रेस प्रत्याशी सीपी योगेश्वर ने 25 हजार से ज्यादा मतों के अंतर से मात दी है।

**एचडी कुमारस्वामी के लिए भी बड़ा झटका है यह हार**

बता दें कि जनता दल (सेक्युलर) के नेता एचडी कुमारस्वामी के लिए यह उपचुनाव प्रतिष्ठा की लड़ाई था क्योंकि उनके बेटे निखिल पिछले चुनाव में हार का सामना करने के बाद एक बार फिर से चन्नपटना सीट पर अपनी किस्मत आजमा रहे थे। कुमारस्वामी ने इस साल लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद यह सीट खाली कर दी थी। हालांकि इस बार भी निखिल को मिली बड़ी हार ने कुमारस्वामी को जोर का झटका दिया होगा। निखिल ने चुनावों में काफी प्रचार किया था लेकिन जनता ने उन्हें साफतौर पर नकार दिया और उनके प्रतिद्वंद्वी को ज्यादा तरजीह दी।

**बीजेपी और कांग्रेस के लिए अहम थे ये नतीजे**

बता दें कि कर्नाटक की संदूर, शिग्गांव और चन्नपटना विधानसभा सीट पर हुए चुनावों के नतीजे बीजेपी और कांग्रेस, दोनों के लिए बहुत अहम थे। कांग्रेस की जीत ने निश्चित तौर पर मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को राहत दी होगी। वहीं, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र के लिए संदूर और शिग्गांव उपचुनावों में मिली हार एक बड़ा झटका है क्योंकि इससे उन्होंने पार्टी के भीतर अपने आलोचकों का मुंह बंद करने का एक जरूरी मौका खो दिया। संदूर में कांग्रेस नेता ई। अन्नपूर्णा ने जीत दर्ज की जबकि शिग्गांव में कांग्रेस के ही यासिर पठान ने बाजी मारी है।

# दलितों के घर जलाए, 10 साल बाद 98 को उम्रकैद

## पीड़ित बोले- फैसले ने हमें विलेन बनाया; सड़क पर निकलना मुश्किल, लोग भद्दे कमेंट करते हैं

हुबली, 23 नवंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के कोप्पल जिले के माराकुम्बी गांव में 28 अगस्त, 2014 के दलित उत्पीड़न मामले में 24 अक्टूबर, 2024 को फैसला आया। सेशन्स कोर्ट ने ऊंची जाति के 98 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। ऐसा देश में पहली बार हुआ, जब छुआछूत से जुड़े मामले में इतनी बड़ी संख्या में लोगों को एक साथ उम्रकैद की सजा सुनाई गई। कोर्ट के फैसले से लगा कि 10 साल बाद ही सही, माराकुम्बी के दलितों को न्याय मिल गया। इस चर्चित मामले का जमीनी सच जानने माराकुम्बी पहुंचा तो स्थिति इसके उलट थी। यहां दोषियों के परिवार के साथ-साथ पीड़ितों का परिवार भी दुखी और सदमे में है। उन्हें इस बात का डर है कि अब उनका ऊंची जाति के लोगों के साथ गांव में रहना और मुश्किल हो जाएगा। 24 अक्टूबर, 2024 को कोप्पल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन्स कोर्ट का दलितों के उत्पीड़न मामले पर फैसला आया। सेशन्स कोर्ट के जज चंद्रशेखर सी ने मामले में 101 लोगों को दोषी ठहराया। इनमें 98 लोगों को एससी/एसटी (प्रिवेंशन ऑफ एस्ट्रोसाइट्स) एक्ट, 1989 और आईपीसीसी की धाराओं के तहत आजीवन कारावास और 5-5 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। तीन दलित आरोपियों को 5 साल कैद और 2-2 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई। कोर्ट ने 21 अक्टूबर को आरोपियों को दोषी ठहराया था। 24 अक्टूबर को जेल भेजने से पहले एक दलित दोषी की मौत हो गई। बाकी के दोषियों को बल्लारी सेंट्रल जेल भेजा गया। इधर, माराकुम्बी के लोग डर और सदमे में हैं। करीब 2 हजार आबादी वाले इस गांव में सामुदायिक तनाव की आशंका बढ़ गई है। 24 घंटे कर्नाटक रिजर्व पुलिस के जवान तैनात रहते हैं। लोगों में मीडिया के खिलाफ भी आक्रोश है। उनका कहना है कि मामला सुर्खियों में नहीं आता तो गांव की इतनी बदनामी नहीं होती। दलितों ने कैमरे के सामने कुछ भी बोलने से मना कर दिया। अपना नाम नहीं बताने की शर्त भी रख दी। कुछ दलित बुजुर्गों ने ऑफ कैमरा बताया, 'हम आरोपियों को उम्रकैद की सजा मिलने से हैरान हैं। हम कानून के फैसले का सम्मान करते हैं, लेकिन हमने ऐसी कठोर सजा की उम्मीद नहीं की थी। 2014 की घटना के बाद सब सामान्य हो गया था।' 'हमने एक-दूसरे के खिलाफ दुश्मनी को दफन कर दिया था। हम उनकी (उच्च जाति की) जमीनों पर काम करते थे। गरीब ऊंची जाति के मजदूर हमारी जमीन पर खेती करने में भी हमारी मदद करते थे। कुछ संपन्न किसान हमारी जमीनों की जुताई और फसलों की ढुलाई के लिए अपने टिलर और ट्रैक्टर भी उधार दे देते थे। अब इस फैसले से सब खत्म हो गया।' दलितों ने कहा, 'अब हमें सड़कों पर अकेले चलने से भी डर लगता है। हम पर भद्दी टिप्पणियां की जाती हैं। आरोपियों के परिवारों पर जो आफत आई है, गांव के लोग उसके लिए हम पर उंगली उठा रहे हैं। हमें विलेन के रूप में देखा जा रहा है। हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए डर लग रहा है, क्योंकि मीडिया कवरेज के कारण हम सुर्खियों में आ गए हैं।' 'हम तो इंसाफ पाकर भी नुकसान में हैं। आस-पड़ोस के गांव वाले भी कोर्ट के फैसले के लिए हमें दोषी मानने लगे हैं। हमें नहीं लगता कि किसी गांव के लोग अपने बच्चों की शादी हमारे बच्चों से करेंगे।

# असम में सड़क पर खड़े ट्रक से वैन टकराई, पांच लोगों की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

गुवाहाटी, 23 नवंबर (एजेंसियां)। असम के बजली जिले से एक दुखद खबर सामने आ रही है। यहां शनिवार तड़के एक वाहन के सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा जाने से उसमें सवार पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह लोग रास उत्सव देखने के बाद नलबाड़ी में अपने घर लौट रहे थे, जब उनकी वैन भवानीपुर में ट्रक से जा टक्कराई। इससे पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो घायलों को फखरुद्दीन अली अहमद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मृतकों की पहचान आशीष हबीब खान, मिजानुर रहमान, रॉयल खान, मिजानुर खान और मोइनुल हक के रूप में की गई है।

# मणिपुर में कैसे आएगी शांति? राज्यसभा सांसद ने बताए उपाय



इंफाल, 23 नवंबर (एजेंसियां)। मणिपुर बीते एक साल से भी अधिक समय से जातीय संघर्ष की आग में झुलस रहा है। हर रोज बढ़ते संघर्ष के समाधन को लेकर मिजोरम से राज्यसभा सांसद के। वनलालवेना ने अपना बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि राज्य में हिंसा खत्म करने के लिए मैतेई और कुकी-जोज़ समुदाय के लिए अलग प्रशासनिक इकाइयां गठित होनी चाहिए। इसके साथ ही मौजूदा संकट से निपटने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को हटाकर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। उनकी मानें तो हिंसा रोकने के लिए यह जरूरी कदम है। वनलालवेना ने कहा कि केंद्र सरकार को राज्य की मौजूदा हालात का पता लगाने के लिए निगरानी करनी चाहिए, उन्होंने आगे कहा मैतेई और आदिवासी समुदायों दोनों के कब्जे वाली भूमि का सीमांकन करना चाहिए। दोनों समुदायों को अलग-अलग प्रशासित किया जाना चाहिए क्योंकि विभाजन बहुत व्यापक है। पहाड़ी जनजातियां घाटी में नहीं जा सकतीं हैं, इसी तरह, मैतेई लोग अब पहाड़ी क्षेत्रों में जाने की हिम्मत नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि जातीय हिंसा राज्य सरकार और राज्य पुलिस के नियंत्रण से बाहर हो गई है।

**प्रदेश में लगाया जाए राष्ट्रपति शासन**

एनपीपी की पहले ही मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को हटाने की मांग कर चुका है, इस बीच मिजोरम से राज्यसभा सांसद के।वनलालवेना ने भी एन बीरेन को हटाकर प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है।उन्होंने कहा कि राज्य की स्थिति पुलिस के नियंत्रण से बाहर हो गई है। अब यहां सेना की ताकत का इस्तेमाल किया जाए। हालांकि,अकेले राष्ट्रपति शासन से संकट का समाधान नहीं होगा, जब तक कि दोनों समुदायों के लिए अलग-अलग प्रशासन न हो।

**बीरेन को हटाने में असमर्थ भाजपा**

वनलालवेना ने दावा किया, भाजपा की सरकार मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को हटाने में असमर्थ है। अगर केंद्र ने शुरुआत में ही राष्ट्रपति शासन लगा दिया होता तो जातीय हिंसा पर पहले ही काबू पा लिया गया होता, भाजपा ऐसा नहीं कर सकती क्योंकि वह अपनी छवि बचाना चाहती है। उन्होंने कहा, "अगर सिंह को हटा दिया जाता है, तो उसी पार्टी और उसी समुदाय का कोई अन्य व्यक्ति उनकी जगह ले लेगा, जो उनसे भी बदतर हो सकता है। जब तक वर्तमान सरकार रहेगी, तब तक कोई स्थायी शांति नहीं होगी।

**सुविचार**

गुरु से ज्ञान सीखो पिता से संघर्ष सीखो और माँ से संस्कार बाकी जो बचा वो ये दुनिया सीखा देगी।

## युद्ध स्तर पर पूरा किया जाए भूमिगत सीवर निर्माण कार्य : एम दाना किशोर

### राइस वाटर होल्डिंग स्ट्रक्चर के निर्माण कार्य का निरीक्षण



हैदराबाद, 23 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य नगर शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव एम दाना किशोर ने ग्रेटर हैदराबाद कॉर्पोरेशन के अधिकारियों को निर्माणाधीन भूमिगत पुलियों को युद्ध स्तर पर पूरा करने का निर्देश दिया है। शनिवार को खैरताबाद जोन रेंज राजभवन रोड पर लेक व्यू गेस्ट हाउस के प्रवेश द्वार पर राइस वाटर होल्डिंग स्ट्रक्चर के निर्माण कार्य की प्रगति मुख्य सचिव एम दाना किशोर ने एचएमडीए, जल बोर्ड और जीएचएमसी के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इसके बाद डॉ. बीआर अंबेडकर सचिवालय के सामने बन रहे भूमिगत पुलिया के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। जीएचएमसी ने कहा कि ग्रेटर हैदराबाद क्षेत्र में 10 से 40 लाख लीटर की क्षमता वाले 12 स्थानों पर प्रायोगिक तौर पर भूमिगत पुलियों का निर्माण किया गया है, जिनमें से 4 पूरे हो चुके हैं। मुख्य सचिव को अधिकारी व्याख्या की। बाकी विभिन्न चरणों में बताए जा रहे हैं। इसका निर्माण बारिश के पानी की निकासी और सड़कों पर पानी जमा होने और यातायात की समस्याओं को रोकने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भूमिगत सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है। निर्माणाधीन भूमिगत सुरंगें सभी जीएचएमसी अधिकारियों को तेजी से काम करने का आदेश दिया गया। टैंकबंड परिवेश का सुंदर ढंग से नवीनीकरण किया जाना चाहिए। राज्य सरकार "प्रजापालन-प्रजा विजयोत्सवम" के नाम पर 7, 8 और 9 दिसंबर को हैदराबाद टैंकबंड, सचिवालय और नेकलेस रोड इलाकों में जीत के जश्न को देखते हुए इन इलाकों को जोड़ने वाली मुख्य सड़कों को साफ और सुंदर रखा जाएगा। राज्य नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव एम दाना किशोर ने अधिकारियों को सुधार करने का आदेश दिया है। शनिवार को मुख्य सचिव ने एचएमडीए, जल बोर्ड, जीएचएमसी के अधिकारियों के साथ नेकलेस रोड, टैंक बंड, विधानसभा, सचिवालय और संजीवय्या पार्क सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने शहर में "प्रजापालन-प्रजा विजयोत्सवम" समारोह की सफलता के लिए किए जाने वाले उपायों पर अधिकारियों को निर्देश दिया। अधिकारी ऐसी व्यवस्था करना चाहते हैं ताकि शहर के लोग इन समारोहों को देखने के लिए बड़ी संख्या में आ सकें। जहां आवश्यक हो वहां नया डामर बिछाना, मरम्मत करना, मार्किंग एवं साइन बोर्ड लगाए जाएं। टैंकबंड, सचिवालय, नेकलेस रोड डिवाइडर और चौराहों को सुंदर बनाया जाए। नेकलेस रोड, टैंकबंड और सचिवालय की मुख्य सड़कों के दोनों ओर चमकदार लाइटिंग लगाई जाए। यदि इन क्षेत्रों में कोई विकास कार्य लंबित है तो उसमें तेजी लाकर शुरू करने की तैयारी करें। स्थलीय निरीक्षण में मुख्य सचिव के साथ एचएमडीए आयुक्त सरफराज अहमद, जल कार्य एनडी अशोक रेड्डी, जोनल आयुक्त अनुराग जयंती, नगर निगम शहरी विकास विभाग की उप सचिव प्रियंका और इंजीनियरिंग अधिकारी उपस्थित थे।

## कविता ने बच्चों की मौत के लिए रेवंत सरकार की आलोचना की

हैदराबाद, 23 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस पार्टी की एमएलसी के. कविता ने हर दस दिन में मासूम बच्चों की मौत की अनदेखी करने के लिए राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने मांग की कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की जिंदगी को प्राथमिकता दी जाए और तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा, "अगर आप आदिलाबाद से आलमपुर तक किसी भी स्कूल को देखें, तो वहां किसी न किसी घटना का रिकॉर्ड है।" उन्होंने यह भी कहा कि पूरे राज्य में स्कूल व्यवस्था बर्बाद हो गई है। उन्होंने मरने वाले 42 बच्चों के परिवारों के लिए 10 लाख रुपये के मुआवजे की भी मांग की। एमएलसी कविता ने शनिवार को गुरुकुल की छात्रा शैलजा और उसके परिवार के सदस्यों से मुलाकात की, जो कुमरामभीम आसिफाबाद जिले के वंकीडी आदिवासी बालिका आश्रम स्कूल में दूषित भोजन खाने से बीमार हो गई थी और उसका निम्स अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## सीएम ने बिना किसी कारण के पटनम को जेल में डाला : केटीआर

### सेंट्रल जेल में बंद पटनम नरेंद्र रेड्डी से मुलाकात की




हैदराबाद, 23 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने आज आरोप लगाया कि कोडंगल के पूर्व विधायक पटनम नरेंद्र रेड्डी को मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के प्रतिशोधी रवैये के कारण चेरलापल्ली जेल में बंद कर दिया गया है, जबकि उन्होंने कोई गलती नहीं की थी। शनिवार को केटीआर ने चेरलापल्ली सेंट्रल जेल में बंद पटनम नरेंद्र रेड्डी से मुलाकात की। बाद में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए केटीआर ने कहा, हमने अपने नरेंद्र रेड्डी से मुलाकात की, जिन्हें गरीबों, आदिवासियों और किसानों के कमजोर वर्गों की ओर से लड़ने के कारण चेरलापल्ली जेल में भेजा गया था। जब मैं पटनम नरेंद्र रेड्डी से मिला, तो उन्होंने मुझसे कहा कि 30 निर्दोष किसानों को रिहा करवा दीजिए और उनकी परवाह नहीं करें। इसके लिए नरेंद्र रेड्डी को बधाई। कोडंगल में दलित, आदिवासी और बहुजन की जमीन हड़पी जा रही है और अनावश्यक फार्मा गांव को मजबूर किया जा रहा है। केटीआर ने कहा कि संगारेड्डी जेल से चेरलापल्ली जेल तक, निर्दोष लोग जिन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है, जेल में हैं। लेकिन कोडंगल से कोंडारेड्डी गांव तक, अराजकता करने वाले बदमाश गद्दी पर बैठे थे। कोडंगल में आधी रात को, वे अपने घरों पर लेट जाते हैं और महिलाओं और बच्चों पर अत्याचार करते हैं और गरीब किसानों की जमीन हड़प लेते हैं। कोंडारेड्डीपल्ली के 85 वर्षीय पूर्व सरपंच साई रेड्डी पर हमला किया गया। उन्होंने हाल ही में हुए चुनावों में रेवंत रेड्डी के लिए काम किया था। उन्होंने कहा कि सीएम ने उनके घर के चारों ओर दीवार खड़ी कर दी है, जिससे कोई रास्ता नहीं बचा है। साई रेड्डी ने दुख और अपमान के कारण आत्महत्या कर ली। ऐसी घटनाएं तानाशाहों और बदमाशों के शासन में देखने को मिलती हैं। हम पहले भी सत्ता में थे। क्या आपने कभी ऐसी घटनाओं के बारे में सुना है? उन्होंने कहा, लोग अब कांग्रेस सरकार के अत्याचारों और रेवंत रेड्डी के पापों को उसी तरह गिन रहे हैं जैसे उन्होंने शिशुपाल की गलतियों को गिना था। केटीआर ने पीड़ा व्यक्त की कि पुलिस फार्मा गांव के नाम पर भूमि घोटाले और अत्याचारों के कारण आधी रात को डाकुओं की तरह गरीब और आदिवासी किसानों के परिवारों पर हमला कर रही थी। उन्होंने आलोचना की कि साई रेड्डी और गुरुवा रेड्डी जैसे लोगों ने आत्महत्या की।

## झारखंड की जनता ने प्रगतिशील शासन को अपनाया : भट्टी

रांची/हैदराबाद 23 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत को सामूहिक उपलब्धि बताया है। शनिवार को यहां मीडिया से बात करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा द्वारा संदिग्ध तरीकों से सरकार बनाने के प्रयासों के बावजूद झारखंड की जनता ने इंडिया गठबंधन पर भरोसा जताया और भाजपा की चालों को खारिज कर दिया। उन्होंने संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने और इसमें निहित अधिकारों की रक्षा करने के गठबंधन के वादे को दोहराया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व पर प्रकाश डालते हुए भट्टी ने बताया कि कैसे उन्होंने झारखंड के लोगों को संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा के बारे में आश्वस्त किया। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी ने लोगों को समझाया कि राष्ट्र की संपत्ति और संसाधनों को जनसंख्या अनुपात के आधार पर समान रूप से वितरित किया जाना चाहिए, जैसा कि भारतीय संविधान में कल्पना की गई है। भट्टी ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो)-कांग्रेस गठबंधन द्वारा पिछले पांच वर्षों में किए गए विकास कार्यों और राज्य के भविष्य के लिए विस्तृत योजनाओं ने मतदाताओं को गठबंधन को शानदार बहुमत देने के लिए राजी किया। भट्टी ने कहा, भाजपा ने झूठे आख्यानों के साथ लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया, लेकिन मतदाता भारत गठबंधन का समर्थन करने में दृढ़ रहे। उन्होंने भाजपा के भय फैलाने वाले अभियान की आलोचना की, जिसमें दावा किया गया था कि भारत गठबंधन की जीत से बांग्लादेश से अवैध प्रवासियों की आमद बढ़ेगी। भट्टी ने कहा, घुसपैठ को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी बीएसएफ की है, जो भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के अधीन है। इस मोर्चे पर उनकी विफलता का दोष दूसरों पर नहीं डाला जा सकता। उपमुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि गठबंधन का ध्यान सिर्फ सरकार बनाने पर नहीं होगा, बल्कि लोगों

## कागजनगर में रक्तदान कार्यक्रम आयोजित

कुमराम भीम आसिफाबाद, 23 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शनिवार को कागजनगर में आयोजित एक दिवसीय रक्तदान कार्यक्रम को अच्छी प्रतिक्रिया मिली। यह कार्यक्रम बीआरएस नेता डॉ. आरएस प्रवीण कुमार के जन्मदिन के अवसर पर फिट इंडिया फाउंडेशन नामक एक स्वैच्छिक संगठन द्वारा आयोजित किया गया था।

प्रवीण कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और इस उद्देश्य के लिए अपना रक्तदान किया। उन्होंने सभी से जरूरतमंदों के लिए अपना रक्तदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कार्यक्रम के संचालन के लिए फाउंडेशन के दुस्सा कुमार की सराहना की। कुमार ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से 100 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। उन्होंने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

## एसबीआई ने किया वरिष्ठ नागरिक दंपति को

### 46 लाख रुपये की साइबर धोखाधड़ी के चंगुल से मुक्त

हैदराबाद, 23 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। चंद्रयानगुट्टा स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) शाखा के कर्मचारियों ने वरिष्ठ नागरिक दंपति को डिजिटल गिरफ्तारी व साइबर धोखाधडी के चंगुल से मुक्त किया।

22 नवंबर को एक सेवानिवृत्त पीएसयू कर्मचारी अपने पति के साथ शाखा में पहुंचकर, बैंक काउंटर पर आरटीजीएस के माध्यम से 46 लाख रुपये के हस्तांतरण के लिए चेक प्रस्तुत किया। पर काउंटर पर उपस्थित वरिष्ठ सहयोगी बी प्रवीण को, इस मामले में संदेह हुआ, तो बी. प्रवीण ने अपनी तुरंत उक्त दंपति को बैंक शाखा प्रमुख, डॉ. शिव कुमार, एजीएम के पास ले गए। बैंक शाखा प्रमुख ने संबंधित लेन-देन के बारे में पूछताछ की।

उक्त दंपति अपने साथ साइबर धोखाधडी को याद करते हुए पूरी घटना सुनायी। जिसमें ग्राहक ने कहा कि, वीडियो कॉल करने वालों ने उन्हें बताया कि वे सीबीआई के अधिकारी हैं। सुनील गोयल नामक व्यक्ति सहित उनके कुछ साथियों के नेटवर्क ने 100 करोड़ का घोटाला किया है। इसके चलते पुलिस ने सुनील गोयल नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है और पुलिस अब तत्संबंधित नेटवर्क के अन्य साथियों को भी गिरफ्तार करने की कोशिश में है, क्योंकि खोले गए खाते में उसके केवाईसी और आधार क्रेडेंशियल्स पाए गये। इस मामले में गत तीन दिनों से उक्त ग्राहक और उसकी पत्नी को साइबर अपराधियों ने वीडियो कॉल के माध्यम से बंधक बना रखा था। उक्त दंपत्ति को किसी से भी संपर्क करने या मामले का खुलासा करने से मना किया गया था। घोटालेबाजों ने कहा कि अगर उन्होंने उनके सावधि जमा खाते से तुरंत 46 लाख रुपये उनके खाते में ट्रांसफर नहीं किए तो वे उसे और उसके बेटे को गिरफ्तार कर लेंगे।

इससे भयभीत होकर उक्त ग्राहक और उसकी पत्नी ने फंड ट्रांसफर करने के लिए एसबीआई चंद्रायनगुट्टा शाखा पहुंचा था। उन्होंने औरंगाबाद के पुंडलिक नगर में आईसीआईसीआई बैंक में मेसर्स मिजानी इलेक्ट्राटेक के खाते में राशि ट्रांसफर करने के लिए अपना आरटीजीएस फंड ट्रांसफर अनुरोध प्रस्तुत किया। इसके चलते शाखा प्रबंधक डॉ. शिव कुमार ने तुरंत स्थिति को भांपते हुए ग्राहक के बच्चों से संपर्क कर, उन्हें उक्त घटना के बारे में जानकारी दी एवं तुरंत साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई।

साथ ही ग्राहक के नाम पर कोई खाता खुला है या नहीं, इसकी पुष्टि करने के लिए केनरा बैंक से भी संपर्क किया गया। केनरा बैंक ने बताया कि ऐसा कोई खाता नहीं खोला गया है। एसबीआई शाखा प्रबंधक के हस्तक्षेप से अपराधियों के साइबर धोखाधड़ी के प्रयास को विफल कर दिया गया। इस प्रकार दंपत्ति को आघात तथा भयावह वित्तीय हानि से बचा लिया गया।

## 26 नवंबर को मसाब टैंक में जॉब मेला आयोजित

हैदराबाद, 23 नवम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। 26 नवंबर को सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक खाजा मेंशन, मसाब टैंक में एक मेगा जॉब मेला का आयोजन किया जा रहा है। एक प्रेस विज्ञप्ति में आयोजक मन्नन खान इंजीनियर ने कहा कि इस जॉब मेले में कई कंपनियां भाग लेंगी और फार्मा, स्वास्थ्य, आईटी और आईटीईएस फर्मों, शिक्षा, बैंकों और अन्य क्षेत्रों में विभिन्न पदों पर नौकरियों की पेशकश करेंगी।

कुछ कंपनियों द्वारा घर से काम करने का विकल्प भी दिया जाएगा। अभ्यर्थियों की योग्यता एसएससी से ऊपर होनी चाहिए तथा प्रारंभिक साक्षात्कार स्थल पर ही आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क है। इच्छुक नौकरी चाहने वाले अधिक जानकारी के लिए 8374315052 पर संपर्क कर सकते हैं।

## साइबराबाद सीपीओ में यातायात समीक्षा बैठक आयोजित

### यातायात प्रवाह को सुव्यवस्थित करने पर चर्चा



हैदराबाद, 23 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस ने शनिवार को साइबराबाद सीपी कार्यालय मिनी कॉन्फ्रेंस हॉल में यातायात समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त सीपी (यातायात), डी. जोएल डेविस ने की, जिन्होंने साइबराबाद क्षेत्राधिकार में यातायात प्रवाह को सुव्यवस्थित करने और यातायात नियमों को लागू करने के लिए चल रहे प्रयासों और रणनीतियों पर चर्चा की। समीक्षा के हिस्से के रूप में, संयुक्त सीपी ने यातायात की स्थिति की प्रभावी निगरानी और मूल्यांकन करने के लिए हर महीने दो यातायात प्रभागों के साथ समीक्षा बैठकें आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। डिवीजनल एसीपी और इंस्पेक्टरों के साथ चर्चा के माध्यम से, संयुक्त सीपी ने उच्च यातायात घनत्व वाले क्षेत्रों का विश्लेषण किया, यातायात हॉटस्पॉट की पहचान की और पीक और नॉन-पीक घंटों सहित दैनिक यातायात पैटर्न का आकलन किया। बैठक के दौरान निर्देश दिए गए कि अनियमित नंबर प्लेट वाले वाहनों की पहचान करने और उन्हें दंडित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि सुचारू यातायात प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए सड़क चौड़ीकरण कार्य और पैचवर्क पूरा करना, यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए प्रमुख स्थानों पर डिजिटल बोर्ड लगाना, बाधा उत्पन्न करने वाले विद्युत पोलों को हटाना और उनका स्थान बदलना,यातायात की आवाजाही को प्रभावित करने वाले सड़क अतिक्रमणों को हटाने के लिए कदम उठाना होगा। प्रभावी यातायात विनियमन के लिए अतिरिक्त पुलिस कर्मियों की तैनाती, केंद्रित प्रवर्तन के माध्यम से लंबित यातायात चालानों का निपटान करना, शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, गलत दिशा में वाहन चलाने पर निगरानी बढ़ाना, सवारों के बीच हेलमेट के उपयोग को लागू करने पर चर्चा की गई। प्रदूषण नियंत्रण मानदंडों का उल्लंघन करने वालों पर मामला दर्ज करना, यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले अनावश्यक बैरिकेड्स को हटाना, यातायात हॉटस्पॉट और अनधिकृत पार्किंग क्षेत्रों की पहचान करना और उनका समाधान करना, बाधाओं को रोकने के लिए जलभराव वाले स्थानों को ठीक करना, ब्लैक स्पॉट और अधिक दुर्घटना वाले हिस्सों पर दुर्घटनाओं को कम करने के लिए कदम उठाने आदि पर चर्चा की गई। बैठक में मेडचल ट्रैफिक एडीसीपी वीरन्ना, माधापुर ट्रैफिक एसीपी के. सत्यनारायण, राजेंद्रनगर ट्रैफिक एसीपी ए. बालाजी, कुकटपल्ली ट्रैफिक एसीपी के. वेंकटैया, बालानगर ट्रैफिक एसीपी एस. श्रीनिवासुलु, मेडचल ट्रैफिक एसीपी के. वेंकट रेड्डी के साथ-साथ ट्रैफिक इंस्पेक्टर और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## सीएम रेवंत की लापरवाही से 42 छात्रों की जान चली गई : कोप्पुला ईश्वर

हैदराबाद, 23 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री कोप्पुला ईश्वर, पूर्व विधायक कोरुकांति चंद्र, पूर्व निगम अध्यक्ष मेडे राजीव सागर निम्स अस्पताल पहुंचे और गुरुकुल की छात्रा शैलजा की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी ली, जो कुमरामभीम आसिफाबाद जिले के वंकीडी आदिवासी बालिका आश्रम स्कूल में दूषित भोजन खाने के बाद बीमार हो गई थी।

मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कोप्पुला ईश्वर ने कहा कि ज्योति महालक्ष्मी, जो कुमरामभीम आसिफाबाद जिले के वंकीडी आदिवासी बालिका आश्रम स्कूल में दूषित भोजन खाने के बाद बीमार हो गई थी। उसका निम्स में इलाज किया गया और उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई, लेकिन शैलजा की हालत गंभीर है और वह किडनी की समस्या के कारण डायलिसिस पर है। उन्होंने कहा, लेकिन शैलजा की हालत बहुत गंभीर है क्योंकि उसकी किडनी पूरी तरह से काम नहीं कर रही है और लड़की का शरीर इलाज में सहयोग नहीं कर रहा है। एससी छात्रा शैलजा, जिसने पढ़ाई और अपना भविष्य सुधारने के कई सपने देखे थे, फूड पॉइजनिंग के कारण अपने जीवन के लिए संघर्ष कर रही है।

उन्होंने सरकार की अक्षमता पर अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा, सीएम रेवंत रेड्डी की लापरवाही के कारण 42 छात्रों की जान चली गई। उन्हें इस बात की परवाह नहीं है कि छात्र भूखे रहें क्योंकि वे कीड़े नहीं खा सकते थे। उन्हें इस बात की परवाह नहीं है कि छात्र फूड पॉइज़निंग के कारण अस्पताल में भर्ती हों। उन्हें इस बात की परवाह नहीं है कि छात्र शिक्षक बनने के लिए सड़क पर उतरें। उन्होंने कहा, रेवंत रेड्डी कहते हैं कि अगर वह बोलेंगे, तो वह केसीआर की जड़ें मिटा देंगे। इस तरह इन छात्रों की स्थिति बदल गई है क्योंकि इन गुरुकुलों की देखभाल नहीं की गई है।

## गांजा रखने के आरोप में दो गिरफ्तार

### छह उपभोक्ता भी पकड़े गए

हैदराबाद, 23 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। एसआर नगर पुलिस के साथ कमिश्नर टास्क फोर्स, वेस्ट जोन टीम के अधिकारियों ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से गांजा पाया गया है। इसके अलावा 6 उपभोक्ताओं को भी गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में बालकमपेट निवासी आरापति हरि कृष्णा, एसआर नगर निवासी जाबा नवीन शामिल है। पुलिस के मुताबिक कमिश्नर टास्क फोर्स वेस्ट जोन ने इंस्पेक्टर ई. जंगैया के नेतृत्व में दो व्यक्तियों को अवैध रूप से गांजा रखने और इसे आसान पैसे के लिए ग्राहकों को बेचने की कोशिश करते हुए पकड़ा। प्रकाशम जिले का मूल निवासी आरोपी आरापति हरि कृष्ण सितंबर 2024 में काम की तलाश में हैदराबाद आया था। वहां उसकी मुलाकात एसआर नगर निवासी जाबा नवीन से हुई और दोनों करीबी दोस्त बन गए। साथ में, उन्होंने गांजा बेचकर पैसे कमाने की योजना बनाई। प्रकाशम जिले के कम्मम से आने वाले हरि कृष्ण का संबंध आंध्र प्रदेश के तुनी के नाथवरम निवासी अशोक से था, जो गांजा विक्रेता है। एक सप्ताह पहले, हरि कृष्ण और नवीन ने तुनी की यात्रा की और अशोक से 3.5 किलोग्राम गांजा खरीदा। वे गांजा वापस एसआर नगर ले आए, जहां वे रह रहे थे। उन्होंने उपभोक्ताओं को थोड़ी मात्रा में बेचा और शेष गांजा को अपने परिचित ग्राहकों के लिए छोटे हिस्सों में पैक करके बेचने की योजना बनाई। एक गुप्त सूचना के आधार पर, टास्क फोर्स ने दोनों आरोपियों और उनसे गांजा खरीदने वाले छह उपभोक्ताओं को गिरफ्तार कर लिया।

## छात्रों को परोसा जाए गुणवत्तापूर्ण भोजन : कलेक्टर

भूपालपल्ली, 23 नवम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। पिछले कुछ समय से सरकारी स्कूलों और छात्रावासों में लगातार हो रही खाद्य विषाक्तता की घटनाओं ने राज्य के अधिकारियों को सतर्क कर दिया है। जिला कलेक्टर राहुल शर्मा ने शनिवार को भूपालपल्ली नगर पालिका सीमा में स्थित शहरी आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया और मध्याह्न भोजन के लिए पकाए गए व्यंजनों का निरीक्षण किया।



कलेक्टर ने विद्यालय के रसोईघर, भण्डार कक्ष तथा छात्रावास कक्ष का निरीक्षण किया तथा विद्यालय के अन्दर तथा आस-पास साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को मीनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों से भी बात की तथा विद्यालय में परोसे जाने वाले भोजन के बारे में जानकारी ली।

शर्मा ने छात्रावास के वार्डन से छात्रावास में वॉटर हीटर लगाने को कहा ताकि छात्र सर्दियों के मौसम में नहाने के लिए गर्म पानी का इस्तेमाल कर सकें। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) को आदेश दिया कि वे छात्रों को एक और जोड़ी यूनिफॉर्म उपलब्ध कराएं क्योंकि छात्रों को केवल एक जोड़ी यूनिफॉर्म उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों को समय पर अपनी ड्यूटी पर आना चाहिए और नियमों का पालन करना चाहिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से स्कूल में रिवर्स ऑस्मोसिस वाटर प्लांट लगाने को भी कहा। उन्होंने कहा कि अगर छात्रों को कोई स्वास्थ्य समस्या है, तो उन्हें तुरंत चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जानी चाहिए और छात्रों के माता-पिता को सूचित किया जाना चाहिए।

**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमें @SCRailwayindia पर फॉलो करें

द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**ई-टेंडर नोटिस नं. इएलएस/बीजेडए-इटीएन-20-2024-25 दि.21/11/2024**

PUB/1169

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु दि.12-12-2024 के 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित हैं।

निविदा सं. -बी/इ.221/टीआरएस/आरसी/223 ई-टेंडर नं.इएलएस-बीजेडए-इटीएन-20-2024-25 दि.21.11.2024, कार्य विवरणः एपीपीसीबी द्वारा अधिकृत डिसपोजल फैसिलीटी में, दो वर्ष की अवधि के लिए, इलेक्ट्रिक लोको शेड, विजयवाडा पर उत्पन्न खतरनाक अपशिष्ट(ह्याजर्डस वेस्ट) का निपटान करना। पूरा करने की अवधिः 24 महिने, निविदा मूल्यःरु.46,57,288.11(जीएसटी को मिलाकर), पूधरा(बोली सुरक्षा) रु. 93,200.00, निविदा दस्तावेज मूल्यःरु. शून्य, निविदा बंद करने की तिथि व समयः 12.12.2024 के 15.00 बजे

भावी निविदादाताओं को परामर्श दिया जाता है कि,तत्संबंधित किसी भी निविदा के परिवर्तनों/शुध्दिपत्रों को नोट करने के लिए, निविदा बंद करने की तिथि से पहले, वेबसाइटःwww.ireps.gov.in देखें।

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता(टीआरएस) इलेक्ट्रिक लोको शेड, विजयवाडा**

**ई-टेंडर नोटिस नं. इएलएस/बीजेडए-इटीएन-21-2024-25 दि.22/11/2024**

PUB/1170

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु दि.13-12-2024 के 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित हैं।

निविदा सं.-बी/इ.221/टीआरएस/आरसी/524 ई-टेंडर नं.इएलएस-बीजेडए-ईटीएन-21-2024-25 दि.22.11.2024, कार्य विवरणः दो(02) वर्ष की अवधि के लिए, इलेक्ट्रिक लोको शेड, विजयवाडा पर, प्रमुख अनुसूची में(पीयु पेन्टिन्ग-57, लोकोज एण्ड एनामेल पेन्टिंग-37 लोकोज) तत्संबंधित बीजी इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव्ज का पेन्टिंग कार्य। कुल 94 लोकोज, पूरा करने की अवधिः24 महिने, निविदा मूल्यः रु.6019002.75, पूधराः रु.120400.00, निविदा दस्तावेज मूल्यः रु.शून्य, निविदा बंद करने की तिथि व समयः 13.12.2024 के 15.00 बजे

1) भावी निविदादाताओं को परामर्श दिया जाता है कि,तत्संबंधित किसी भी निविदा के परिवर्तनों/शुध्दिपत्रों को नोट करने के लिए, निविदा बंद करने की तिथि से पहले, वेबसाइटःwww.ireps.gov.in देखें।

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता(टीआरएस) इलेक्ट्रिक लोको शेड, विजयवाडा**

**टेन्डर नोटिस नं.एनइडी/इ-30 एवं इ-जीएस-03/2024-25 दि.19/11/2024**

PUB/1171

निम्न ई-निविदाओं हेतु वेबसाइट www.ireps.gov.in पर आफर्स आमंत्रित हैं।

क्रम सं.-1. एनइडी/इ-30/2024-25, कार्य विवरणः नांदेड डिवीजनः नांदेड स्टेशन-स्टेबल लाइन-03 से 720एम का विस्तार, पिट लाइन-02 का विस्तार, कैट वाक का 30एम तक विस्तार एवम् कामन लूप हेतु ओवरशूट लाइन के तत्संबंधित विस्तार हेतु प्रस्ताव-01(पीएफ-04)-बिजली व्यवस्था। अनुमानित मूल्यः रु. 81,18,078/-, बोली सुरक्षाः रु.1,62,400/-, आफर वैधः 60 दिनों तक, पूरा करने की अवधिः 6 महिने। नांदेड डिवीजन प्रशासन के तहत वेबसाइटःwww.ireps.gov.in पर तत्संबंधित विवरण उपलब्ध। बंद करने की तिथि व समयः 11/12/2024 के 15.00 बजे

क्रम सं.-2. एनइडी/इ-जीएस-03/2024-25, कार्य विवरणः नांदेड डिवीजनः डिनेगांव स्टेशन-माल लदान और उतराई (गूड्स लोडिंग/अनलोडिंग) की सुविधाओं के संचालन के लिए, प्रस्तावित गूड्स लाइनें और प्लेटफार्म(फेज-1)-- बिजली व्यवस्था। अनुमानित मूल्यःरु. 84,18,425.00, बोली सुरक्षाः रु.1,68,400/-, आफर वैधः 60 दिनों तक, पूरा करने की अवधिः 6 महिने। नांदेड डिवीजन प्रशासन के तहत वेबसाइटःwww.ireps.gov.in पर तत्संबंधित विवरण उपलब्ध। बंद करने की तिथि व समयः 11/12/2024 के 15.00 बजे

निविदा दस्तावेज, योग्यता मानदंड, खास शर्तें आदि के लिए, हमारे उपरोक्त वेबसाइट का अवलोकन करें। सलाह दी जाती है, यह चेक करें कि, तत्संबंधित आफर की प्रस्तुति के पहले, आनलाइन पर कोई शुध्दिपत्र तो प्रकाशित नहीं हुवा है।

**विभागीय रेल प्रबंधक (बिजली), नांदेड**

A1498

**निविदा की शर्तें/अधिक जानकारी तथा निविदा दस्तावेज की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्सः https://www.ireps.gov.in अथवा www.scr.indianrailways.gov.in पर जाएं।**

# बिहार की सभी 4 सीटों पर एनडीए की जीत

### इमामगंज से मांझी की बहू, तरारी से बाहुबली के बेटे ने मारी बाजी; जनसुराज तीसरे नंबर पर




पटना, 23 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार में सभी 4 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के नतीजे आ गए हैं। चारों सीटों पर एनडीए ने जीत दर्ज की है। इमामगंज में जीतन राम मांझी की बहू दीपा मांझी ने राजद के रौशन मांझी को 5,945 वोटों से हराया, तो वहीं तरारी से बाहुबली सुनील पांडे के बेटे विशाल प्रशांत ने जीत दर्ज की। उन्हें कुल 78,755 वोट मिले। विशाल प्रशांत ने माले कैंडिडेट को 10 हजार से ज्यादा वोटों से मात दी। बेलागंज में जदयू की मनोरमा देवी ने भी जीत हासिल की है। उन्होंने राजद के विश्वनाथ सिंह को 21,391 वोटों से हराया।

सबसे दिलचस्प मुकाबला रामगढ़ का रहा है। यहां शुरुआत से बसपा के सतीश सिंह यादव बीजेपी के अशोक कुमार सिंह को कड़ी टक्कर दे रहे थे। हालांकि, उसके बावजूद सतीश 1,362 वोट से हार गए। वहीं राजद के अजीत सिंह यहां तीसरे नंबर पर रहे।

चारों विधानसभा सीटों पर सबसे बुरी स्थिति जनसुराज पार्टी की रही। पीके की पार्टी तरारी, बेलागंज और इमामगंज में तीसरे नंबर पर रही। जबकि रामगढ़ में चौथे नंबर पर।

# वाराणसी में सिपाही को धक्का देकर भागा चोर, पुलिसकर्मी का टूट गया पैर

### लोगों ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा



वाराणसी, 23 नवंबर (एजेंसियां)। वाराणसी के बड़ागांव हरहुआ पुलिस चौकी से शुक्रवार शाम शातिर चोर ने भागने का प्रयास किया। आरोपी ने गिरफ्तार करके लाए सिपाही को बाइक के सामने धक्का दे दिया और भाग निकला। कुछ दूरी पर स्थानीय लोगों ने घेराबंदी कर दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

हालांकि, पुलिस टीम ने आरोपी कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। आरोपी ने शुक्रवार सुबह ही हरहुआ सब्जी मंडी से बाइक चोरी की थी, जिसके बाद उसे पकड़कर व्यापारियों ने पुलिस को सौंपा था। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है लेकिन वह हर बार नई कहानी सुनाता है, आरोपी ने अब तक अपना नाम और पता तक नहीं बताया है।

बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ में लगातार कई दिनों से बाइक चोरी की घटनाओं ने पुलिस को छका दिया है। हरहुआ की पुरानी सब्जी मंडी से एक महीने में करीब छह बाइक चोरी हो चुकी है। शुक्रवार को एक युवक सब्जी मंडी में एक किसान की बाइक का लॉक तोड़ दिया। वह बाइक लेकर भागने वाला था, तभी वाहन मलिक उसे पकड़ लिया। इसके बाद मंडी में मौजूद लोगों ने उसकी पिटाई करने के बाद पुलिस को सूचना दी। सिपाही उपेंद्र कुमार युवक को हरहुआ चौकी ले आए।

पुरानी घटनाओं के सीसी फुटेज से युवक का मिलान कराया गया तो पता चला कि उसी ने पहले भी बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। अब पूछताछ में वारदातों के खुलासे की संभावना पर आला अधिकारियों को भी सूचना दे दी।

चौकी के सिपाही उसे थाने पर ले जाने की तैयारी कर रहे थे। उसने लघुशंका जाने की बात कही और पुलिस चौकी से बाहर निकलकर भागने लगा। सिपाही उपेंद्र कुमार ने उसे पकड़ लिया तो वह उन्हें बाबतपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार बाइक के सामने धकेल दिया। बाइक की टक्कर से सिपाही का पैर फ्रैक्चर हो गया। घायल सिपाही के पैर में एक निजी अस्पताल में प्लास्टर लगाया गया है। उधर, बड़ागांव थानाध्यक्ष अतुल सिंह ने बताया कि एक युवक को चोरी के आरोप में पकड़ा गया है। वह बार-बार अपना नाम और पता गलत बता रहा है। उससे पूछताछ की जा रही है, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# राहुल गांधी के मानहानि मामले में सुनवाई टली

### सुलतानपुर कोर्ट में चल रहा मामला, 4 दिसंबर को होगी सुनवाई



सुलतानपुर, 23 नवंबर (एजेंसियां)। आज सुल्तानपुर की एमपी/एमएलए की विशेष कोर्ट में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली सांसद राहुल गांधी के मानहानि मामले में सुनवाई टल गई। सुल्तानपुर दीवानी न्यायालय में विधिक कार्यशाला के आयोजन के चलते सुनवाई टाली गई है। उक्त मामले में कोर्ट ने 4 दिसम्बर को सुनवाई की तिथि नीयत की है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व रायबरेली सांसद राहुल गांधी के मानहानि मामले में शनिवार को सुल्तानपुर की एमपी/एमएलए की विशेष कोर्ट में सुनवाई होनी थी। इससे पहले कोर्ट ने 31 अक्टूबर को सुनवाई की तिथि नीयत की थी, लेकिन दीपावली के अवकाश के चलते सुनवाई नहीं हुई और 5 नवम्बर की तारीख तय हुई थी। कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी व भाजपा नेता विजय मिश्रा ने वर्ष 2018 में राहुल गांधी के विरुद्ध मानहानि का परिवाद एमपी/एमएलए कोर्ट में दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने अभद्र टिप्पणी की थी, इससे मैं आहत हुआ हूं। कोर्ट में पांच साल लंबी प्रक्रिया चली, राहुल गांधी हाजिर नहीं हुए तो दिसंबर 2023 में तत्कालीन जज ने वारंट जारी कर उन्हें तलब किया था। तब फरवरी 2024 को राहुल गांधी ने कोर्ट में सरेंडर किया। विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें 25-25 हजार के दो निजी मुचलके पर जमानत दे दी थी। इसके बाद राहुल गांधी को कोर्ट ने बयान दर्ज करने के लिए बुलाया।

# अमरोहा में थाने में युवक को तेजाब पिलाया

### पीड़ित के साथ एसपी ऑफिस के बाहर धरने पर बैठे घर वाले



अमरोहा, 23 नवंबर (एजेंसियां)। अमरोहा जिले के सैदनंगली थाने में युवक को पानी की जगह तेजाब पिलाने का मामला सामने आया है। हालांकि मामला लगभग डेढ़ माह पुराना है, लेकिन आज पीड़ित को लेकर उसके परिजन एसपी ऑफिस में धरने पर बैठ गए।

वहीं पर पीड़ित को लिटा दिया और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप है कि थाने में युवक को पानी की जगह तेजाब पिला दिया गया। अभी तक उसकी हालत में सुधार नहीं है। वह सीओ, एसपी, डीआईजी और मुख्यमंत्री के यहां तक जा चुके है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जबकि युवक की हालत दिन ब दिन बिगड़ती जा रही है। मांग पूरी होने तक धरने की बात कह रहे हैं। शनिवार को एसपी ऑफिस पहुंचे संभल जिले के गांव पनसुखा मिलक के रहने वाले पुष्पेंद्र ने बताया कि बीती 14 अक्टूबर की रात सैदनंगली थाने के पास दो गुटों में झगड़ा हो रहा था। यहां उसके छोटे भाई धर्मेंद्र ने झगड़ा शांत कराने की कोशिश की। आरोप है कि पुलिस उसे ही उठा कर थाने ले गई और लॉकअप में बंद कर दिया। उसकी एक न सुनी।

**कई जगह से कट गई आंत**

लॉकअप में उसने पीने का पानी मांगा तो उसे पानी की जगह पुलिस वालों ने तेजाब पीला दिया, जहां हालात बिगड़ने पर उसे पहले निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां हालत नाजुक देख मेरठ रेफर किया गया। यहां पता चला कि उसकी कई जगह से आंत कट चुकी है। तब से उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। इसके साथ ही बताया कि वह आरोपी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर सीओ, एसपी, डीआईजी सहित मुख्यमंत्री के यहां तक गए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

**मांग पूरी होने तक जारी रहेगा धरना**

शिकायत करने पर सीसीटीवी फुटेज मांगा जाता है। सुनवाई नहीं होने से परेशान पीड़ित का परिवार आज एसपी ऑफिस में तिरपाल बिछाकर धरने पर बैठ गया और पीड़ित युवक को भी वहीं जमीन पर लिटा दिया। जहां पीड़ित युवक के बोतल चढ़ रही है। फिलहाल पीड़ित परिवार की मांग है कि जब तक मामले की निष्पक्ष जांच के आदेश नहीं हो जाते और उनकी सुनवाई नहीं होती तब तक धरना जारी रहेगा।

# छपरा में रिटायर्ड फौजी के घर में डकैती

### 11-12 की संख्या में घुसे थे; लोगों को बंधक बनाकर की मारपीट

छपरा, 23 नवंबर (एजेंसियां)। छपरा ठंड में बढ़ोतरी के साथ ही चोरी और डकैती के घटनाओं में वृद्धि हो गई है। इसी तरह का एक मामला रिविलगंज थाना क्षेत्र से सामने आया है। जहां रिटार्यड जवान के घर में महिलाओ को बंधक बनाकर लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। घटना रिविलगंज थाना क्षेत्र के रामपुर भट्ट गांव में घटित हुआ है। डकैतों ने छत के सहारे सीढ़ी घर का ताला तोड़ घर में प्रवेश किया और घर में सो रहे लोगों को बंधक बना लूट के घटना को अंजाम दिया है। इस दौरान विरोध किए जाने पर हथियार के बट से मार कर सर फोड़ दिया हैं।

जिसमें महिला का सर फट गया है। पीड़ित व्यक्ति की पहचान रामपुर भट्ट गांव निवासी राजेंद्र राम के रूप में हुई है जो सीआरपीएफ से रिटायर्ड होकर एलआईसी में नाईट गॉर्ड के रूप में कार्य करते है। रोजाना की तरह वह डयूटी पर आ गए थे। तभी देर रात डकैतों ने लूट के घटना को अंजाम दिया है। इस दौरान 8 नग आभूषण सहित 50 हजार रुपए नगद लूट लिए है। पीड़ित लोगों वे अनुसार 4 लाख के समान की लूट हुई है।

घटना के बारे में जानकारी देते हुए पीड़ित राजेंद्र राम की पत्नी आरती देवी ने बताया कि शुक्रवार की रात सभी लोग खाना खाकर घर में सोने चले गए । तभी देर रात 12 बजे के आसपास 11 से 12 की संख्या में हथियार बंद अपराधी छत के रास्ते से घर का ताला तोड़कर घर में प्रवेश कर गए। घर में प्रवेश करने के साथ ही मारपीट करना शुरू कर दिया। रूम में बंधक बनाकर मारपीट करने के दौरान सर में हथियार से चोट लग गया। जिसे सर फट गया है। छोटे बच्चों को बंधक बनाकर घर में रखें आभूषण और पैसे के बारे में पूछने लगे। डर से बता दिए जाने के बाद सभी सामान लेकर डकैत भाग गए।

# समाजवादी पार्टी आगे चलकर बनेगी समाप्तवादी पार्टी

### डिप्टी सीएम :केशव प्रसाद बोले–पीडीए फर्जी डेवलपमेंट पार्टी



बांदा, 23 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र चुनाव में प्रचंड जीत के बाद उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य गदगद दिखाई दिए। यूपी के बांदा में एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। केशव मोर्या ने बताया कि जहां महाराष्ट्र के चुनाव के नतीजे केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं और कार्यों की उपलब्धि बताया, तो वहीं उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सीटें उप-चुनाव में भाजपा द्वारा छीने जाने पर भी खुशी जाहिर की। उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने सपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी आने वाले समय में समाप्तवादी पार्टी बनेगी। उन्होंने पीडीए को फर्जी डेवलपमेंट पार्टी बताते हुए कटाक्ष किया। कांग्रेस सुप्रीमो राहुल गांधी द्वारा मोदी को कटघरे में खड़ा करने और आरोपों पर केशव मौर्य आहत दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि एक गरीब घर का व्यक्ति प्रधानमंत्री आज देश विदेश में भारत की विजय का पताका फहरा रहे है। ऐसे प्रधानमंत्री को राहुल गांधी गाली देकर 140 करोड़ जनता को गाली देने का काम करते हैं। महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री कौन बनेगा। इस पर उप मुख्यमंत्री का कहना है कि यह निर्णय पार्टी करेगी, तो वहीं झारखंड चुनाव में हार पर उप मुख्यमंत्री ने चिंतन करने की बात कही। उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य बांदा में आज तेलंगाना के संगठन मंत्री चंद्रशेखर की माता जी के देहावसान के बाद शोकसभा में शामिल होने पहुंचे थे।

# सीसामऊ हारने के बाद सुरेश अवस्थी भावुक

### कानपुर में बोले– हिंदू न बंटते, तो ऐसा ना होता, लोकसभा चुनाव से ज्यादा वोट मिले



कानपुर, 23 नवंबर (एजेंसियां)। कानपुर की सीसामऊ सीट पर हुए उपचुनाव में सपा की नसीम सोलंकी ने शुरूआत से बढ़त बनाए रखी। सिर्फ बैलेट वोट में भाजपा के सुरेश अवस्थी आगे दिखे।

नसीम सोलंकी ने 8669 वोटों से जीतीं, 20 राउंड की काउंटिंग के बाद यह नतीजे सामने आए। इरफान सोलंकी की सीट पर उनकी पत्नी पहली बार चुनाव लड़ीं। सुरेश अवस्थी ने अपनी हार स्वीकार करते हुए कहा- लोकसभा चुनाव से ज्यादा हमें वोट मिला है। हिंदू वोटों में कहीं न कहीं बंटवारा हुआ है। वही हमारी हार की वजह है। यह वोट अगर नहीं बंटता, तो ऐसा नहीं होता। कानपुर की सीसामऊ में हर दिन चुनावी सीन बदलता दिखाई दिया। यहां भाजपा हिंदू वोटरों के सहारे चुनावी मैदान में उतरी। भाजपा ने बंटोगे तो कटोगे नारे के साथ जबरदस्त कैंपेनिंग की। लेकिन, उसे इसका नुकसान उठाना पड़ा। मुस्लिम वोटर एकजुट हो गए। सपा ने बीजेपी पर नफरत फैलाने का आरोप लगाते हुए सीट पर अपनी हवा बरकरार रखी। प्रचार-प्रसार के दौरान सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी के छलके आंसुओं ने लोगों को कनेक्ट किया।

# मवेशियों से भरी स्कॉर्पियो छोड़कर चोर फरार


### मोतिहारी में मुंह में टेप लगाकर पिछली सीट पर रखा था, लोगों को आता देख कार छोड़कर भागा

मोतिहारी, 23 नवंबर (एजेंसियां)। मोतिहारी के फेनहारा थाना क्षेत्र के गबंधी गांव से चोरी का एक अनोखा मामला सामने आया है। जहां शुक्रवार की रात स्कॉर्पियो सवार एक अज्ञात चोरों ने गांव के दरवाजों पर बंधे दर्जनभर खसी, बकरी और बोका की चोरी कर किया फिर जानवरों के मुँह टेप से सील कर दिए ताकि उनकी आवाज न निकले और गाड़ी के पिछली सीट पर रख लिया। हालांकि, चोरी के दौरान ग्रामीणों की नींद खुल गई और उन्होंने शोर मचाना शुरू किया, जिसके बाद आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। खुद को पकड़ा जाता देख चोर स्कॉर्पियो और चोरी किए गए जानवर वहीं छोड़कर भाग निकला। ग्रामीणों ने तुरंत स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही फेनहारा थाना के थानाध्यक्ष शानू गौरव ने गश्ती गाड़ी को मौके पर भेजा। जहां पुलिस ने स्कॉर्पियो और चोरी किए गए सभी जानवरों को कब्जे में लेकर थाना पहुंचाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि किन-किन ग्रामीणों के जानवर चोरी हुए थे।

फेनहारा थानाध्यक्ष ने बताया कि स्कॉर्पियो सवार चोर की पहचान के लिए जांच तेज कर दी गई है। गाड़ी के रजिस्ट्रेशन नंबर और अन्य सुरागों के आधार पर चोर तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। गांव में इस घटना को लेकर हड़कंप मचा हुआ है, वहीं ग्रामीण चोरी गए जानवरों की सूची तैयार कर पुलिस को सहयोग कर रहे हैं।

# मीटिंग में क्या कीजिएगा, बाहर जाइए

### सवाल का जवाब नहीं दे पाए अस्पताल प्रभारी, भागलपुर में डीडीसी ने लगा दी फटकार



भागलपुर, 23 नवंबर (एजेंसियां)। भागलपुर जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारियों के साथ डीडीसी प्रदीप कुमार सिंह ने बैठक की। बैठक में स्वास्थ्य सुविधाओं और संसाधनों पर एक-एक प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से जानकारी ली गई। जब पीरपैंती रेफरल अस्पताल के प्रभारी डॉ. गणेश खंडेलिया की बारी आई तो उनसे डीडीसी ने पूछा...आपके प्रखंड में कितनी पंचायतें हैं? कितनी आशा कार्यकर्ता हैं?... ऐसे ही कई सवाल पूछे गए, लेकिन प्रभारी एक का भी जवाब नहीं दे पाए। फिर डीडीसी ने फटकार लगाते हुए कहा जब आपको यह भी पता नहीं है तो मीटिंग में रहकर क्या कीजिएगा... बाहर जाइए।

फिर शाहकुंड के प्रभारी डॉ. जयप्रकाश सिंह से भी इसी तरह के सवाल पूछे गए। पहले तो उन्होंने भी चुप्पी साध ली। हालांकि बाद में वे सोचकर जवाब देने लगे। इस पर उनसे कहा गया कि आप क्या प्रतीक्षा कर रहे थे कि आपको भी बाहर कर दें...मीटिंग में इसी तरह से कई और प्रभारियों को डीडीसी ने फटकार लगाई। हालांकि बैठक में सब शांत रहे। बैठक खत्म होने के बाद डीडीसी के खिलाफ सभी प्रभारी एकजुट होकर सिविल सर्जन डॉ. अशोक प्रसाद से मिले। उन्हें डॉक्टरों ने कहा कि हमलोगों के साथ अमर्यादित तरीके से डीडीसी पेश आए हैं। आपकी मौजूदगी में यह सब होता रहा और आप चुपचाप सुनते रहे। हमलोगों की कोई इज्जत है या नहीं। डॉक्टरों ने अपना आक्रोश सीएस के सामने निकाला। कहा कि अगर यही स्थिति रही तो हमलोगों को भी सोचना होगा। हालांकि सीएस ने सभी को समझा-बुझाकर घर भेज के दिया।

# आपसी विवाद में मारपीट, 6 लोग घायल



औरंगाबाद, 23 नवंबर (एजेंसियां)। औरंगाबाद के रफीगंज में शनिवार की सुबह दो पक्षों में आपसी विवाद को लेकर मारपीट की घटना घटी। यह घटना रफीगंज थाना क्षेत्र के नीमा वाजिद गांव में मोहम्मद मोइन शाह और मोहम्मद महताब आलम के बीच हुई। मामले में 6 लोग घायल है। मारपीट में अमीर शाह के बेटे मोईन शाह (55 ), पत्नि जुबैदा खातुन (50), बेटा मो. ईशा दूसरे पक्ष से महताब आलम, इनकी पत्नि जैनब खातून , दमाद मो. नसीम घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में डायल-112 की पुलिस टीम को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल मोहम्मद ईशा और जैनब खातून को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। दोनों पक्ष के घायलों ने एक दूसरे पर जमीन विवाद को लेकर गाली गलौज करने की बात कही। इसके बाद लाठी-डंडे से मारपीट की। जानकारी के अनुसार करीब एक बीघा जमीन और घर के कुछ हिस्सा की जमीन को लेकर दोनों पक्ष के बीच विवाद है। शनिवार की सुबह करीब 7:30 में इसी बात को लेकर गाली गलौज होने लगी। गाली गलौज इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष से जमकर लाठी डंडे चलने लगे। इस मामले में दोनों पक्ष से 6 लोग घायल हो गए। रफीगंज थाना अध्यक्ष गुफरान अली ने शनिवार को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। दोनों पक्ष के घायलों का इलाज किया जा रहा है। इस घटना में दोनों पक्ष से कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है। आवेदन मिलने पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

# तेज रफ्तार वाहन ने 3 को रौंदा, दो की मौत

### बगहा में बारात से लौट रहे थे, तीसरे की भी हालत गंभीर



बगहा (वाल्मिकीनगर), 23 नवंबर (एजेंसियां)। बगहा के रामनगर-नरकटियागंज मुख्य मार्ग पर दिउलिया मोड़ के पास शुक्रवार रात हुए भीषण सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि सभी बारात से लौट रहे थे और एक बाइक पर सवार थे। तभी एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। मृतक की पहचान लौरिया थाना क्षेत्र के गोबरौरा गांव निवासी शंभू हजारा के बेटे लड्डू कुमार (20) और बलिराम हजारा के बेटे राहुल कुमार (13) के रूप में हुई है। वहीं घायल व्यक्ति की पहचान राधेश्याम पासवान के रूप में हुई, जिनका इलाज बेतिया के जीएमसीएच में चल रहा है। फिलहाल उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। हादसे की जानकारी मिलते ही रामनगर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों व मृतकों को रामनगर पीएचसी पहुंचाया। वहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने लड्डू और राहुल को मृत घोषित कर दिया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल, बगहा भेजा गया है।

मृतक के परिजनों ने बताया कि तीनों लोग भैरोगंज थाना क्षेत्र के सिरसिया गांव में एक बारात में शामिल होने गए थे। लौटते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से यह दर्दनाक हादसा हुआ। बताया कि लड्डू की शादी मात्र एक साल पहले हुई थी और उनकी दो महीने की बेटी है। हादसे की खबर सुनकर उनकी पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गोबरौरा गांव में शोक का माहौल है।

# इटावा में खेत में पड़ा मिला किसान का शव

### खेत में पानी लगाने गया था, देर शाम तक नहीं पहुंचे घर, मिट्टी से सना था शव



इटावा, 23 नवंबर (एजेंसियां)। इटावा के इकदिल क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में किसान का शव खेत में पड़ा मिला। किसान घर से पानी लगाने के लिए निकला था। देर शाम तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की। भाभी ने खेत में जाके देखा तो किसान मिट्टी में पड़ा मिला। घटना की जानकारी तुरंत ही पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम और पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इटावा के इकदिल थाना क्षेत्र के गांव नगला केशवपुर कला के रहने वाले विद्याराम शाक्य (65) पुत्र नरोत्तम सिंह शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे घर से सरसों के खेतों में पानी लगाने के लिए निकले थे। देर शाम तक जब वह घर नहीं पहुंचे तो परिवार के लोग उन्हें देखने खेत पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि विद्याराम का शव खेत में मिट्टी में पड़ा हुआ है। घटना की जानकारी तुरंत ही परिवार ने नजदीकी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। छोटे बेटे मुकेश ने बताया कि बुधवार शाम ताई संतोषी देवी पूजा करने के लिए जब मंदिर पर गईं तो, नजदीकी खेत में जाकर देखा तो पिता मृत अवस्था में पड़े हुए थे। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक विद्याराम चार भाई है और चारों एक-एक बीघा की खेती करते हैं और इसी से अपना परिवार का भरण पोषण करते हैं।

# सड़क हादसे में 4 साल के बच्चे की मौत

### ट्रक ने रौंदा, बहन के साथ घर लौट रहा था

संभल, 23 नवंबर (एजेंसियां)। संभल में आगरा-मुरादाबाद हाईवे पर ट्रक ने सड़क पार करते समय एक बच्चे को रौंद दिया।

साथ में उसकी बड़ी बहन भी थी लेकिन वह बाल-बाल बच गई। शोर सुनकर ग्रामीण एकत्र हो गए।बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। वहीं चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। इकलौते बेटे की मौत से माता-पिता का रो-रो का बुरा हाल हो गया। उक्त सड़क हादसा संभल की कोतवाली गुन्नौर क्षेत्र के आगरा मुरादाबाद हाईवे स्थित गांव रसूलपुर के पास हुआ है। जंगल में शौच करके भाई-बहन घर के लिए वापस आ रहे थे। सड़क पार करते समय नरोरा की ओर से आ रहे ट्रक ने भाई को रौंद दिया।

हादसे में बड़ी बहन बाल-बाल बच गई लेकिन भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर की आवाज सुनकर ग्रामीण एकत्र हो गए। बच्चे को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बच्चे का नाम अमित कुमार (4 वर्षीय) पुत्र सतपाल सिंह है। बच्चे की मौत के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आपको बता दें कि मृतक की बड़ी बहन का नाम ज्योति है। मां का नाम ममता है। पिता और मां सहित उसकी बहन का भी रो-रो कर बुरा हाल है।

# उन्नाव में फंदे से लटका मिला महिला का शव

### 8 महीने पहले हुई थी शादी, दोस्त के लिए लड़की देखने गया था पति

उन्नाव, 23 नवंबर (एजेंसियां)। उन्नाव के पुरवा थाना क्षेत्र के तौसिया गांव में रहने वाली एक नवविवाहिता का घर के अंदर कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से शव लटकता मिला। घर लौटे पति ने शव देखा तो कोहराम मच गया। सूचना पर मायके पक्ष के लोग पहुंचे। उन्होंने घटना को संदिग्ध बताकर आरोप लगाया है पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के तौसिया गांव के रहने वाले अमित का विवाह 8 महीने पहले मौरावां थाना क्षेत्र के बाबा खेड़ा गांव के रहने वाले महादेव की बेटी मोनी (18) के साथ हुआ था। शनिवार को अमित अपने साथी शिवकुमार की शादी के लिए लड़की देखने के लिए गया था।

वापस लौटा तो घर के कमरे में पत्नी मोनी का फांसी के फंदे से शव लटकता मिला।

आवाज सुनकर घर में मौजूद लोग बाहर निकले और मोहल्ले के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। उन्होंने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सुसाइड की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को फांसी के फंदे से उतारकर जांच पड़ताल करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उधर पति ने घटना की सूचना मायके पक्ष के लोगों को दी। बताया कि पहले भी महिला एक दो बार बार खुद पर चाकू से वार कर चुकी थी। मायके में सुसाइड करने का प्रयास किया था। किन कारणों से कदम उठाया है उसे भी जानकारी नहीं है। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर के कई पहलुओं पर जांच-पड़ताल कर रही है।

# भुवनेश्वर में होने जा रहा पुलिस महानिदेशकों का सम्मेलन

## विमानों में बम की अफवाह को लेकर होगी चर्चा; पीएम मोदी लेंगे हिस्सा



भुवनेश्वर, 23 नवंबर (एजेंसियां)। अगले हफ्ते 29 नवंबर से एक दिसंबर तक भुवनेश्वर में होने जा रहे पुलिस महानिदेशकों के सम्मेलन में हवाई जहाजों और होटलों में बम की अफवाह की बढ़ती घटनाओं से निपटने के उपायों पर चर्चा होगी। खुफिया ब्यूरो (आइबी) द्वारा आयोजित होने वाले सालाना सम्मेलन में आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों पर चर्चा होती है और उनमें लिए गए फैसलों के क्रियान्वयन की रिपोर्ट भी दी जाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल समेत सभी राज्यों व केंद्रीय बलों के पुलिस महानिदेशक बैठक में हिस्सा लेंगे।

**होटल में बम की फर्जी धमकी दी गई**

उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार पहली बार बैठक में हवाई जहाजों और होटलों में बम की अफवाह को आंतरिक सुरक्षा के नई चुनौती मानते हुए चर्चा के लिए रखा है। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार जिस तरह से एक दिन में दर्जनों विमानों और होटले में बम की फर्जी धमकी दी गई, वह किसी बड़ी साजिश की ओर इशारा करती है। बम की एक अफवाह के कारण हवाई जहाज की तलाशी और उड़ान में देरी होने से विमान कंपनी को तीन करोड़ रुपये का नुकसान होता है। जाहिर है कि सुरक्षा एजेंसियां इसे भारत के आर्थिक हितों को नुकसान पहुंचाने की साजिश के रूप में देख रही है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अभी तक इस तरह से अफवाह से निपटने के लिए कोई ठोस कानून नहीं है। फिलहाल बम की फर्जी धमकी देना संज्ञेय अपराध नहीं है, इससे आरोपी को तत्काल जमानत मिल जाती है।

**आपराधिक गिरोहों की बढ़ती गतिविधियों पर भी होगी चर्चा**

नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू इसे संज्ञन अपराध बनाने और कड़ी सजा का प्रविधान करने के लिए कानून में संशोधन का ऐलान कर चुके है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए कड़े कानून सहित अन्य उपायों पर विस्तार से चर्चा हो सकती है। इसके साथ ही बैठक में विदेशी धरती से भारत में संचालित संगठित आपराधिक गिरोहों की बढ़ती गतिविधियों, ड्रग्स तस्करों और आतंकी संगठनों के साथ आपराधिक गिरोहों की सांठगांठ को ध्वस्त करने पर भी चर्चा होगी।

**साइबर ठगी की बढ़ती चुनौतियों पर विस्तृत प्रजेंटेशन दिया जाएगा**

वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस मुद्दे पर पहले भी सम्मेलन में चर्चा हो चुकी है और कई फैसले लिए गए थे, उन फैसले के क्रियान्वयन पर पुलिस महानिदेशकों ओर से सौंपी गई रिपोर्ट पर भी चर्चा की जाएगी और आगे की रणनीति तय की जाएगी। इसके साथ ही कंबोडिया, लाओस और म्यांमार से चलाए जा रहे संगठित साइबर अपराध और आनलाइन ठगी से उत्पन्न चुनौतियों और उससे निपटने के उपायों पर भी चर्चा होगी। गृह मंत्रालय की इंडियन साइबर क्राइम कोआर्डिनेशन सेंटर की ओर से साइबर ठगी की बढ़ती चुनौतियों पर विस्तृत प्रजेंटेशन दिया जाएगा और उससे निपटने के उपायों पर चर्चा की जाएगी।

# चार लाख के लालच में फंसे सेवानिवृत्त अधिकारी

## डॉलर की जगह बैग में मिली कागज की गड्डी



उज्जैन, 23 नवंबर (एजेंसियां)। उज्जैन में सेवानिवृत्त अधिकारी को तीन बदमाशों ने डॉलर नोट का झांसा देकर 4 लाख रुपये ठग लिए। बदमाश सात दिनों से अपना जाल बिछा रहे थे। उन्होंने 20 रुपये के बदले एक डॉलर भी दिया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बदमाशों की तलाश में सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे जा रहे हैं। देवास के आदिम जाति कल्याण विभाग में पदस्थ रह चुके सेवानिवृत्त अधिकारी हरिनारायण पिता पन्नालाल, निवासी शंकरगढ़, बालगढ़, देवास, नानाखेड़ा बस स्टैंड पहुंचे थे। जहां उन्हें सात दिन पहले मिले मिलन घोष और अजय ने मिलने के लिए बुलाया था। दोनों के साथ एक अन्य साथी भी था। तीनों ने 6,000 के डॉलर नोट देने के बदले सेवानिवृत्त अधिकारी से 4 लाख रुपये से भरा बैग लिया और उनके पास डॉलर नोटों का बैग थमाकर भाग निकले। हरिनारायण ने उनके जाने के बाद बैग खोला तो उसमें कागज की गड्डियां भरी हुई पाईं। अपने साथ 4 लाख की ठगी होने पर उन्होंने नानाखेड़ा थाने पहुंचकर घटनाक्रम बताया। पुलिस ने रात में ही बदमाशों के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज किया और तलाश शुरू की। अब तक बदमाशों का कुछ पता नहीं चल पाया है। पुलिस बस स्टैंड क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे भी देख रही है, लेकिन कहीं भी बदमाशों का मूवमेंट दिखाई नहीं दिया है। आशंका जताई जा रही है कि बदमाश प्रदेश के बाहर से आए थे। नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि देवासवानिवृत्त अ के सेधिकारी के साथ हुई 4 लाख की ठगी के संबंध में पूछताछ करने पर सामने आया कि दो लोग सात दिन पहले देवास में मिले थे। उन्होंने डॉलर नोट दिखाया था और 20 रुपये मांगे थे। उन्होंने मोबाइल नंबर ले लिया था और बाद में कॉल कर बताया था कि उनके पास ऐसे 6,000 डॉलर नोट हैं। जिन्हें देना चाहते थे। कम कीमत में डॉलर मिलने पर हरिनारायण लालच में आ गए और सभी डॉलर का 4 लाख में सौदा तय कर लिया।

**बैग खोलने से किया था मना**

आदिम जाति कल्याण विभाग से सेवानिवृत्त अधिकारी ने पुलिस को बताया कि बस स्टैंड पर बैग का आदान-प्रदान करने के बाद वह डॉलर नोटों का बैग खोलकर देखना चाह रहे थे। तभी बदमाशों ने कहा कि यहां मत खोलो, कई लोग हमारे पीछे लगे हैं। आप बाद में बैग खोलना। वह कुछ समय पाते उससे पहले 4 लाख रुपये का बैग लेकर भाग निकले। वह पैदल ही आए थे।

# आईएएस बनने का था सपना, मैथ्स न मिलने के गम में छात्रा ने लगा ली फांसी

खंडवा, 23 नवंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के खंडवा में नवोदय स्कूल में पढ़ने



वाली 12वीं की एक छात्रा ने हॉस्टल की बाथरूम में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना का पता उस वक्त चला जब स्कूल जाने से पहले छात्रा नहाने के लिए गई थी और काफी देर तक बाहर नहीं निकली। सहेलियों को शक हुआ तो उन्होंने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। फिर हॉस्टल प्रबंधन को सूचना दी गई। इसके बाद दरवाजा तोड़कर देखा गया तो वह बाथरूम में फंदे पर लटकी मिली। छात्रा के पास मिले एक नोट के बाद पुलिस का कहना है कि छात्रा आर्ट्स विषय लेकर खुश नहीं थी और तनाव में थी, प्रिंसिपल का कहना है कि मृतक आईएएस बनना चाहती थी। मृत छात्रा का नाम सीमा देवड़ा (18) है। वह पंधाना के नवोदय स्कूल की छात्रा थी और 12वीं क्लास में पढ़ती थी। उसने एक साल पहले आर्ट्स विषय लेते हुए 11वीं क्लास में स्कूल में एडमिशन लिया था। वह हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थी। यहां गुरुवार सुबह उसने यह कदम उठा लिया। पुलिस को छात्रा की एक कॉपी मिली, जिसमें उसने लिखा था कि दसवीं में 90 प्रतिशत अंक आ जाते तो मैथ्स-साइंस विषय मिल जाता। नंबर अच्छे नहीं आए इसलिए आर्ट्स विषय लेना पड़ा। सीमा बिजौरा भील गांव के रहने वाले आदिवासी परिवार से थी। उसके माता-पिता गांव में रहकर खेती करते हैं। जबकि, वह अकेले रहते हुए पढ़ाई कर रही थी। उसका एक छोटा भाई भी है। सीमा ने बुरहानपुर में अपने मामा के घर रहते हुए 10वीं तक की पढ़ाई की थी। जब वह मामा के घर रहती थी तो अक्सर उनके बच्चों से कहती थी कि तुम्हारे पापा व तुम मेरे कारण परेशान रहते हो, मामा भी मेरा खर्च कब तक उठाएंगे। कब तक मामा पर बोझ बनकर रहूंगी। उधर छात्रा की मौत को लेकर स्कूल प्रिंसिपल शर्मिला खान ने बताया कि वह पढ़ने में होशियार थी।

# इंडियन नेवी के लिए इंदौर में बनी स्पेशल रोप

## हजारों टन के जहाज को बांधने में सक्षम,70 किलो की रस्सी उठाती है 160 टन वजन



इंदौर, 23 नवंबर (एजेंसियां)। इंदौर की एक कंपनी इंडियन नेवी के लिए स्पेशल रोप (रस्सियां) की मैन्युफैक्चरिंग कर रही है। इसके लिए अमेरिकन फाइबर का इस्तेमाल किया जा रहा है। कंपनी ने इंटरनेशनल पैरामीटर के आधार पर पतली और हल्की रोप बनाई हैं। यह रस्सियां अपने से कई सौ गुना भारी भरकम वजन उठाने में सक्षम हैं। हाई-डेंसिटी पॉली एथिलिन (एचएमपीई) से बनी 50 मीटर की एक रस्सी का वजन महज 70 किलो है। यह रस्सी 160 टन वजनी सामान उठा लेती है। ऐसी कई रस्सियां मिलकर टनों वजनी जहाज को बांधे रखती हैं। एक और खास तरह की पतली और हल्की रस्सी भी बनाई गई है, जो ड्रोन से पहाड़ी या खाई की दूसरी ओर भेजी जाती है। जब यह बंध जाती है, तो उससे 25 टन वजनी सामान भेजा जा सकता है। पीथमपुर स्थित टफरोप्स प्रा। कंपनी 30 सालों से डिफेंस सेक्टर में काम कर रही है। दो साल से कंपनी नए नाम टफरोप्स कॉर्टलैंड के नाम से संचालित की जा रही है। कंपनी ने गुरुवार को इंदौर में आयोजित रीजनल डिफेंस एमएसएमआई कॉन्क्लेव में रक्षा उत्पादन, रक्षा मंत्रालय, एमपीआईडीसी, सीआईआई आदि के अधिकारियों, एक्सपर्ट्स को इन रस्सियों की क्षमताओं और उपयोग के बारे में बताया।

**रस्सियों के लिए स्पेशल तरह का फाइबर**

टफरोप्स कॉर्टलैंड कंपनी की पेरेंट कंपनी अमेरिका की कॉर्टलैंड इंटरनेशनल कंपनी है। यह वहां डिफेंस सेक्टर के लिए ऐसी रोप तैयार करती हैं। टफरोप के वैभव गणेश (प्रोडक्ट मैनेजर) ने बताया कि, इंदौर कोकॉर्टलैंड का इंटरनेशनल अनुभव मिल रहा है। इंदौर की कंपनी ने इंडियन नेवी के लिए ऐसी रस्सी बनाई है, जो स्टील जैसी मजबूत है। इसका इस्तेमाल बड़े जहाजों को एंकर करने के लिए कर सकते हैं। कंपनी स्पेशल तरीके का फाइबर बनाती है, जो डिफेंस सेक्टर में कई इक्विपमेंट बनाने में यूज होता है। इससे पहले कंपनी नेवी के लिए 120 मिमी की फाइबर (पोली-प्रोपेलिन) की रस्सी बनाती थी। यह जहाज को बांधने के लिए होती है। इसमें पहले हैवी फाइबर यूज करना पड़ता था। अब उसके स्थान पर बिल्कुल पतला और हल्का फाइबर यूज होता है। इसे प्लाज्मा एचएमपी कहते हैं। यह इंदौर में बनता है। इसका इस्तेमाल नेवी के मझगांव डॉक (कंपनी) सहित सैन्य क्षेत्र के कई अन्य साजो-सामान बनाने में किया जाता है।

# पति फहद के चुनाव हारने पर भड़कीं स्वरा भास्कर, ईवीएम पर उठाया सवाल



मुंबई, 23 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव 2024 के परिणाम लगभग सामने आ गए हैं। राज्य में भाजपा, शिवसेना और एनसीपी की महायुति ने प्रचंड जीत हासिल की है। दोपहर 3 बजे तक महायुति राज्य की 226 सीटों पर आगे चल रही है। वहीं, विपक्षी कांग्रेस, शिवसेना यूबीटी और एनसीपी शरद पवार को बुरी हार मिली है। चुनाव में अभिनेत्री स्वरा भास्कर के पति फहद अहमद भी राज्य की अनुशक्ति नगर सीच से चुनाव हार गए हैं। परिणाम के बाद स्वरा और फहद ने ईवीएम की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं।

**किसे कितने वोट मिले?**

चुनाव में एनसीपी की उम्मीदवार सना मलिक को 49341 वोट मिले और उन्होंने 3378 वोटों से चुनाव जीत लिया। वहीं, एनसीपी शरद पवार गुट के उम्मीदवार फहद अहमद दूसरे नंबर पर रहे और उनको 45963 वोट मिले। तीसरे नंबर पर मनसे के आचार्य नवीन विद्याधर रहे जिन्हें 28362 वोट मिले।

स्वरा भास्कर ने ईवीएम पर सवाल खड़े करते हुए कहा- पूरा दिन वोट होने के बावजूद ईवीएम मशीन 99% कैसे चार्ज हो सकती है ? इलेक्शन कमीशन जवाब दे। वहीं, फहद ने कहा- 16वें राउंड के बाद और सभी राउंड में लगातार बढ़त के बाद 99% चार्ज हो चुकी ईवीएम मशीनें खोली गईं। इसके बाद बीजेपी समर्थित एनसीपी (अजित पवार) की उम्मीदवार ने बढ़त बना ली। यह हेरफेर है। हम 16वें, 17वें, 18वें और 19वें राउंड की दोबारा गिनती की मांग करते हैं।

अणुशक्ति नगर सीट पर मुख्य मुकाबला शरद पवार गुट की एनसीपी-एसपी और अजित पवार गुट की एनसीपी के बीच था। एनसीपी-एसपी ने एक्ट्रेस स्वरा भास्कर के पति फहद अहमद को टिकट दिया था, जबकि एनसीपी ने यहां से वर्तमान विधायक और अपने दिग्गज नेता नवाब मलिक की बेटी सना मलिक को टिकट दिया था। नवाब मलिक इस सीट से दो बार विधायक रह चुके हैं।

# गैस एजेंसी ने महिलाओं को गैस सिलेंडर देने का नाम पर ठगा? फर्जी मैसेज दिखाकर लूटे

बालेश्वर, 23 नवंबर (एजेंसियां)। ओडिशा के बालेश्वर जिले के बहांगा और रमुणा ब्लॉक्स की 10वीं और उससे ऊपर की पंचायतों की महिलाओं से गैस देने के नाम पर पैसे लिए जा रहे हैं। सुप्रभा एचपी ग्रामीण वितरक के दो युवकों ने प्रत्येक महिला से 30 रुपये लिए, साथ ही आधार कार्ड और राशन कार्ड भी मांगे, ताकि उन्हें गैस दी जा सके। कुछ दिनों बाद इन महिलाओं को यह संदेश प्राप्त हुआ कि उन्हें उज्जवला योजना के तहत गैस मिलेगी, जिससे वे फिर गैस लेने के लिए गईं, लेकिन जब महिलाएं गैस लेने पहुंची, तो उन्हें गैस के लिए फिर से रुपये चुकाने के लिए कहा गया। महिलाएं इस पर शिकायत करती हैं कि उन्हें बताया गया था कि गैस मुफ्त मिल रही है, लेकिन पैसे देने के बाद ही गैस सिलेंडर, स्टोव और रेगुलेटर दिए गए। इन महिलाओं का आरोप है कि उन्हें यह भी कहा गया कि अगर वे पैसे नहीं देतीं, तो उनके पास कोई भविष्य नहीं होगा। सवाल उठता है कि जब केंद्र सरकार महिलाओं को मुफ्त एलपीजी प्रदान कर रही है, तो सुप्रभा एचपी गैस एजेंसी क्यों पैसे ले रही है? यह कोई अकेला मामला नहीं है, बल्कि 1500 से ज्यादा महिलाओं से पैसे लेकर गैस दी गई है। इस गैस एजेंसी के खिलाफ पहले भी कई शिकायतें आ चुकी हैं, लेकिन फिर भी कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाया गया? महिलाओं के साथ लाखों रुपये की ठगी हो रही है, फिर भी जिला प्रशासन चुप क्यों है? इस मामले में गैस एजेंसी के कर्मचारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। अब यह देखना बाकी है कि बालेश्वर जिला प्रशासन और सरकार इस गैस एजेंसी के खिलाफ क्या कार्रवाई करती है।

## पेट्रोलिंग के दौरान दिल्ली पुलिस के सिपाही की हत्या

नई दिल्ली, 23 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में गोविंदपुरी थाने में तैनात दिल्ली पुलिस के जवान की पेट्रोलिंग के दौरान चाकू से गोदकर की हत्या कर दा गआ। मृतक की सिपाही की पहचान किरण पाल के रूप में हुई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, किरणपाल शनिवार तड़के गोविंदपुरी की गली नंबर -13 में पड़े मिलें। उनके पेट व छाती पर चाकू मारने के निशान थे। दिल्ली पुलिस के सिपाही की हत्या से दिल्ली पुलिस में हड़कंप मच गया है और सीनियर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। सिपाही वर्दी में था और सरकारी मोटरसाइकिल भी पास में पड़ी मिली है।

# एएसपी की नकली वर्दी पहनकर घूम रही थी युवती, असली पुलिस से हुआ सामना



भोपाल, 23 नवंबर (एजेंसियां)। भोपाल के एमपी नगर में नकली पुलिसकर्मी पकड़े जाने के बाद अब टीटी नगर पुलिस ने एक नकली महिला एडीशनल एसपी को पकड़ा। एएसपी की वर्दी पहनकर युवती न्यू मार्केट पहुंची थी। यहां पर उसका सामना टीटी नगर थाने की महिला एसआई से हो गया। बातचीत के दौरान महिला एसआई समझ गई कि युवती नकली वर्दी पहने हुए हैं। उसे तुरंत ही थाने ले जाया गया। युवती के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। टीटी नगर पुलिस ने बताया कि रोजाना की तरह थाने के स्टाफ की महिला एसआई थाने के सामने से न्यू मार्केट के भीतर जाने वाले रास्ते पर तैनात थीं। इसी दौरान मस्जिद के पास की दुकानों के पास उन्होंने एडीशनल एसपी की वर्दी मे एक युवती को देखा। महिला एसआई उनके पास पहुंची तथा सैल्यूट कर बात करना शुरू की। इसी दौरान महिला एसआई की नजर महिला अधिकारी की वर्दी पर लगी नेम प्लेट पर पड़ी। उसमें नाम के नीचे अंकों में नंबर लिखे हुए थे। इस तरह के नंबर आरक्षक और प्रधान आरक्षक की नेम प्लेट पर होते हैं, जबकि अधिकारियों की नेम प्लेट पर केवल नाम ही होते हैं। शंका होने पर महिला एसआई ने अपने स्टाफ को इशारा किया तथा युवती से बातचीत करना शुरू कर दिया। इस दौरान महिला अधिकारी समझ गई कि वर्दीधारी युवती झूठ बोल रही है। उसे तुरंत ही थाने लाया गया जहां पर पूछताछ करने पर पता चला कि वह नकली वर्दी पहनकर घूम रही थी।

# माता वैष्णो देवी के ताराकोट मार्ग पर रोपवे का विरोध 72 घंटे की हड़ताल का दूसरा दिन, धरना-प्रदर्शन जारी



जम्मू, 23 नवंबर (एजेंसियां)। श्री माता वैष्णो देवी के ताराकोट मार्ग पर रोपवे लगाने के विरोध में शुक्रवार को पिट्ठू, पालकी व घोड़ा संचालक 72 घंटे की हड़ताल पर चले गए। उनके साथ ही पारंपरिक मार्ग पर चरण पादुका के पास पंचायत पुराना दारूड़ के निवासियों ने भी अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखने का एलान किया है।इन सभी ने श्रीधर चौक में धरने के बाद सिनेमा हाल के बाहर रोष जताया। श्रीमता वैष्णो देवी बोर्ड दफ्तर के बाहर भी करीब डेढ़ घंटा शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। भवन मार्ग पर बाण गंगा क्षेत्र से मिल्कवार तक सभी निजी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि ताराकोट से रोपवे बनी तो पारंपरिक यात्रा मार्ग बंद हो जाएगा। पालकी, पिट्ठू व घोड़े वालों के साथ स्थानीय दुकानदारों के समक्ष रोजी-रोटी का संकट पैदा हो जाएगा। हम अपने बच्चों की रोजी-रोटी पर आंच नही देंगे। आज शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया है। यदि श्राइन बोर्ड नहीं माना तो रोपवे के विरोध में उग्र प्रदर्शन करेंगे।

**श्रद्धालुओं को करना पड़ा परेशानियों का सामना**

घोड़ा, पिट्ठू तथा पालकी वालों के हड़ताल पर जाने से माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को पैदल ही यात्रा करनी पड़ी। बुजुर्ग, महिलाओं तथा बीमार श्रद्धालुओं को वैष्णो देवी यात्रा के दौरान परेशानियां झेलनी पड़ीं। हालांकि भवन मार्ग पर अर्धकुंआरी से भवन तक श्रद्धालुओं को बैटरी कार सेवा उपलब्ध रही तो दूसरी ओर हेलिकॉप्टर सेवा भी चलती रही।

**कटड़ा बस स्टैंड पर किया प्रदर्शन**

बंद के पहले दिन भवन मार्ग पर पंचायत पुराना दारूड व्यापार मंडल कमेटी के सदस्यों के साथ ही ग्रामीण तथा मजदूर आदि हजारों की संख्या में एकत्रित होकर भवन मार्ग पर रोपवे परियोजना तथा श्राइन बोर्ड के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। जुलूस की शक्ल में प्रदर्शनकारी चरण पादुका मंदिर क्षेत्र से होकर बाणगंगा क्षेत्र, बाण गंगा मार्ग, प्राचीन दर्शन डियोडी क्षेत्र, अप्पर बाजार, मुख्य बाजार आदि से होकर कटड़ा के मुख्य बस स्टैंड के श्रीधर चौक पर पहुंचे। हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारियों ने श्राइन बोर्ड के साथ ही रोपवे परियोजना के विरुद्ध नारेबाजी की। प्रदर्शन सुबह से शाम करीब चार बजे तक जारी रहा।

प्रदर्शनकारियों ने कहा-बात नहीं बनी तो परिवार के साथ धरना देंगेइसी बीच कटड़ा मुख्य बस स्टैंड पर आने वाले वाहनों को एक साइड से निकाला जा रहा था, जिसके चलते लंबी कतारें लगी रहीं। इस दौरान वरिष्ठ अफसरों के साथ सुरक्षा बल मौजूद रहे। इसी बीच पंचायत पुराना दारूड व्यापार मंडल कमेटी के सदस्य डॉ. करण सिंह, सोहन सिंह, करण सिंह, विक्रम सिंह, रमन सिंह, सुदर्शन सिंह, ओंकार सिंह, जोगिंदर सिंह, रणजीत सिंह, सिंदूर सिंह, नरेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि किसी भी हालत में रोपवे परियोजना मां वैष्णो देवी के ताराकोट मार्ग पर लागू होने नहीं दी जाएगी।

## एमबीए छात्र ने की आत्महत्या, खजराना गणेश मंदिर में पिता की दुकान भी संभालता था

इंदौर, 23 नवंबर (एजेंसियां)। इंदौर के गणेश पुरी कॉलोनी में देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई, जब 20 वर्षीय एमबीए छात्र कार्तिक पाटीदार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना तब पता चली जब शनिवार सुबह उसकी मां ने उसे फंदे पर लटका हुआ देखा। मां ने तुरंत घर के अन्य सदस्यों को बुलाया और सभी ने मिलकर बेटे के शव को फंदे से उतारा और उसे तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है, क्योंकि अब तक आत्महत्या का कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। खजराना पुलिस ने बताया कि मृतक कार्तिक पाटीदार गणेश पुरी कॉलोनी का रहने वाला था और एमबीए की पढ़ाई कर रहा था।

इसके साथ ही वह अपने पिता नंदू पाटीदार के साथ खजराना गणेश मंदिर परिसर में लड्डुओं की दुकान संभालता था। परिवार के अनुसार, कार्तिक एक जिम्मेदार और मेहनती युवक था। घटना के वक्त परिवार के अन्य सदस्य एक शादी में गए हुए थे। कार्तिक घर पर अकेला था, और ऐसा माना जा रहा है कि उसी दौरान उसने यह कठोर कदम उठाया।

# भाजपा के रावत विजयपुर में फेल, वन मंत्री नहीं बचा पाए अपनी साख, हाथ लगी हार




भोपाल, 23 नवंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की विजयपुर विधानसभा सीट पर 21 राउंड की मतगणना पूरी हो गई है। कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश मल्होत्रा ने भाजपा के रामनिवास रावत को हरा दिया है। मल्होत्रा ने 7228 वोट से जीत दर्ज की है। मतगणना की शुरुआत से मल्होत्रा आगे चल रहे थे, लेकिन बीच वे पिछड़ गए थे। हालांकि, कुछ आखिरी राउंड की काउंटिंग में उन्होंने फिर बढ़त हासिल की जो आखिरी तक बनी रही। बता दें कि विजयपुर कांग्रेस का गढ़ रहा है। लेकिन, इस बार विजयपुर में बदली हुईं परिस्थितियों में उपचुनाव हुआ था। क्योंकि, छह बार के विधायक और कांग्रेस नेता रामनिवास रावत भाजपा में शामिल हो गए थे। अब तक कांग्रेस से रावत ही जीतते आ रहे थे, लेकिन इस बार वे भाजपा का चेहरा थे। ऐसे में पार्टी की साख बचाने के लिए प्रदेश कांग्रेस के नेताओं पूरी अपनी झोंक दी थी। विजयपुर में कांग्रेस से भाजपा में विधायक रामनिवास रावत के शामिल होने के बाद उपचुनाव हुआ था। भाजपा में शामिल होने के बाद रावत को कैबिनेट मंत्री बनाया गया था। 6 बार के विधायक रावत कांग्रेस सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। पिछले चुनाव में भाजपा की लहर के बाद भी रावत ने कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की थी। 1998 और 2018 के चुनाव छोड़ दें तो 1990 से 2023 तक आठ चुनाव में 6 बार कांग्रेस ने विजयपुर सीट पर जीत दर्ज की थी। लेकिन, 2024 के उपचुनाव में रावत अपना दबदबा कायम नहीं रख पाए। श्योपुर की विजयपुर विधानसभा आदिवासी बहुल सीट है। यहां पर भाजपा ने रामनिवास रावत और कांग्रेस ने आदिवासी वर्ग से आने वाले मुकेश मल्होत्रा को मैदान में उतारा था। यह दोनों उम्मीदवार एक दूसरे के खिलाफ पहले भी चुनाव लड़ चुके थे। लेकिन, इस बार दोनों दल बदलकर एक दूसरे के आमने सामने थे। इस सीट पर आदिवासी वोटरों की संख्या 60 हजार के आसपास है। कुशवाह समाज के भी 30 हजार वोट है। ज्यादातर चुनाव में दोनों ही समाज का झुकाव कांग्रेस की तरफ रहता है। इस बार भी कांग्रेस के मतदाता ने उसका साथ नहीं छोड़ा। कांग्रेस विजयपुर विधानसभा सीट और अपना गढ़ बचाने में कामयाब हो गई है। भाजपा की मतदाताओं को लुभाने की हर कोशिश नाकाम साबित हुई है। ऐसे में यह जीत कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का हौंसला बढ़ाएगी। साथ ही जीतू पटवारी की पार्टी में स्वीकार्यता भी बढ़ेगी। वहीं, रावत की हार के बाद उन्हें भाजपा में लाने को लेकर अब सवाल खड़े होंगे।

# कला और कलासंग्रहजीवी : जगदीश मित्तल



अतुल कुमार

भारतीय कला जगत की प्रसिद्ध शख्सियत जगदीश मित्तल ने पिछले दिनों अपनी आयु के सौ वर्ष पूरे किये . कला जगत में संग्रहकर्ता कलावंत , पारखी और लेखक के रूप में लोकप्रियता पायी . हैदराबाद से प्रकाशित हिंदी की लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्रिका " कल्पना " में कला संपादक की ज़िम्मेदारी निभाने के लिये सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और मुख्य संपादक स्व बदरीविशाल पित्ती ने उनको हैदराबाद आने का प्रस्ताव दिया जिसे सहर्ष स्वीकार कर सन 1953 में यहां आये और यहीं बस गये . कला और कलाकृतियों का संग्रह उनकी अभिलाषा बनी जिसमें इतने गहरे उतरे कि कला कृतियां और कलात्मक पुरातत्व वस्तुएं उनके पारखी ज्ञान से अपने ऐतिहासिक महत्व का परिचय पाने लगीं . आजीवन भारतीय कला के प्रति समर्पित रहे . कलात्मक कांथा वस्त्र को पहचाना जो पश्चिम बंगाल की महिलाओं द्वारा प्रचलित चीथडे से पैच वर्क कपडा सीने की सदियों पुरानी परंपरा है . रोचक प्रसंग है मछुआरा समझ नहीं पाया और उनको ऐसे ही भेंट करने लगा लेकिन मित्तल जी ने उस समय उसे पांच रुपये दिये यही कढाई वाला टुकडा सन 1985 में न्यूयार्क के मेट्रोपोलिटन म्यूसियम आफ आर्ट में फ़ेस्टिवल आफ़ इंडिया प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया जिसने कला प्रेमियों को प्रभावित किया और सुर्ख़ियां बटोरीं . इसका श्रेय जगदीश मित्तल की कला पारखी दृष्टि को है जिसने भारतीय कला के लिये प्रशंसा पायी .

हैदराबाद स्थित उनके संग्रहालय में एकत्रित 2000 से अधिक कलाकृतियों ,वस्तुओं और चित्रों आदि के दिलचस्प प्रसंग उन्हें याद हैं .उनको सहेज कर रखने और कला की दुनिया में उनकी महत्ता, रोचकता ,और ऐतिहासिकता की गाथाएं उनको कंठस्थ हैं .इन वस्तुओं की सुंदरता को कोई बाधित नहीं कर सकता न कोई काल खंड ,न कोई अन्य दर्शन इन संग्रहों में पत्थर से ले सभी क्षेत्र और माध्यम शामिल हैं इसमें लोक कला से शास्त्रीय कला सभी शामिल हैं . इनको खरीदने के लिये अपनी सारी ऊर्जा और मेहनत लगा दी . इसके कारण अगले दिन के लिये उनके पास सब्जियां खरीदने के पैसे भी नहीं होते .

स्कूली दिनों में स्कूल से घर लौटते हुए टेराकोटा कुम्हारों को मंदिर में चढावे के लिये हाथी बनाते हुए और सुनार ,बुनकर ,और पतंग बनाने वालों को देखने के लिये वहां रुकते पहले पतंग बनाना सीखा . पतंग बनाने और उडाने का शौक बचपन से रहा . पतंग के कारण क्राफ्ट में रुचि बडी. हिंदी साहित्य की सुप्रसिद्ध कवियत्री महादेवी वर्मा न सिर्फ अच्छा लिखती थीं बल्कि उतनी ही अच्छी पेटिंग्स भी बनाती उन्हीं में कुछ को देख पेटिंग्स के प्रति दिलचस्पी बडी .

बताया कि जिन दिनों गोरखपुर में था तब कवि सम्मेलनों में कविताएं सुनने जाता जिससे साहित्य और कविता में रुचि बडी और उसी दौरान हरिवंशराय बच्चन , श्रीनारायण चतुर्वेदी ,और सुमित्रा नंदन पंत आदि नामी कवियों को सुनने का अवसर मिला . जिनकी काव्य रचनाओं ने प्रभावित किया . " कल्पना " जो ऐतिहासिक साहित्यिक पत्रिका थी में आने के बाद देश के कई प्रतिष्ठित कवियों और लेखकों को जानने और पढने का अवसर मिला इनमें वासुदेव शरण अग्रवाल , भवानी प्रसाद मिश्र और प्रयाग शुक्ल ने प्रभावित किया . प्रसिद्ध भाषाविद डा आर्येंद्र शर्मा के साथ काम करने का मौका मिला . मुनींद्र जी की लिखी संपादकीय टिप्पणियों और भाषायी शुद्धता ने प्रभावित किया .

कला जगत में हुए कई बदलावों के साक्षी जगदीश मित्तल के अनुसार कला का सबसे अच्छा समय सन 1982 से 1985 रहा जिसमें कई नये प्रयोगों को देखने का मौका मिला जिसने जन मानस को भी आकर्षित किया . दिग्गज कलावंत और भारत कला भवन के संस्थापक राय कृष्ण दास की कला वस्तुओं के प्रति ललक ने उनको संग्रह के लिये प्रेरित किया सन 1976 में जगदीश और कमला मित्तल संग्रहालय की स्थापना की जिसकी विशेषता है कि इसमें कई ऐसी बहुमूल्य वस्तुएं हैं जिनको देख कला जगत के जानकार भी आश्चर्य करते हैं जैसे डेक्कन की चट्टानों तथा हैदराबाद के विविध वित्तचित्र की सुंदर श्रंखला के लिये इस संग्रहालय ने नये आयाम खोले .जो रमणीय हैं और प्रभावित करते हैं .दिवंगत पत्नी कमला मित्तल के साथ मिल जगदीश मित्तल ने अपनी पारखी नज़रों से उन कलाओं को भी खोज निकाला जो कलात्मक दृष्टी से नेपथ्य में थीं .

इस म्यूसियम को मित्तल दंपत्ती ने कला संग्रहालय के रूप में ऐसा आकार दिया कि दुनिया की कई नामी गिरामी हस्तियां इनको देखने के लिये यहां आने लगीं. जिनमें संयुक्त राज्य अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला जैकलिन कैनेडी और प्रसिद्ध इतिहासकार विलियम डेलरिंपल आदि शामिल हैं .दक्कनी कला के बारे में उनका मत है कि बीजापुर , गोल कुंडा , हैदराबाद और अहमदनगर में इस कला पर बहुत काम हुआ है .दक्कनी कला पर ईरानी विशेषताओं का गहरा प्रभाव था और यह मुगल कला से कहीं अधिक जटिल थी . संग्रहालय की प्रसिद्ध कृतियों में से एक " आम के पेड पर बैठा एक तोता , नीचे बंधा एक मेढा " जो सन 1670 की बनी है ,ने दर्शकों को आकर्षित किया

हंसमुख स्वभाव के मित्तल जी ने अपने खांनपान की याद को साझा करते हुए बताया कि शुरु से मिठाई का बहुत शौकीन हूं आज भी मुझे मालूम है कि किस हलवाई के यहां कौनसी अच्छी मिठाई मिलती है उसे मंगवा कर खाता हूं .

विद्यार्थी जीवन में देहरादून से शांतिनिकेतन जा रहा था तब लखनऊ इसलिये उतरा कि वहां संडीले के लड्डू स्वादिष्ट मिलते हैं तब एक रुपये में 16 लड्डू मिलते थे .सोचा चार पांच ट्रेन में खा लूंगा और बचे हुए यार दोस्तों में बांट दूंगा .पहले चार वहीं खा लिये ट्रेन चलने पर और चार खा लिये .दो घंटे बाद फिर उनको खाने की इच्छा हुई तब मन नहीं माना ( हंसते हुए ) और मैंने पूरे 16 लड्डू अकेले खाये . इमरती ,गाजर का हलुआ , और मोतीचूर के लड्डू बहुत पसंद हैं .

भारतीय कला को प्रचारित और प्रसारित करने की दृष्टि से संग्रहालय की ओर से 12 से अधिक पुस्तकें अंग्रेज़ी में लिखीं और प्रकाशित की हैं . जिनको कला प्रेमी बडे चाव से पढते हैं इनमें कुछ पुस्तकों के दो तीन संस्करण छप चुके हैं .इन दिनों अपनी नयी पुस्तक लिखने में व्यस्त हैं कला के प्रति उनकी निष्ठा बेजोड है .एक कथनानुसार एक कला पारखी और संग्रह कर्ता अपने से आगे होता है जो समय की नब्ज़ को जानता है "जगदीश मित्तल की इसी खूबी ने उनको भारतीय कला का यशस्वी नामवर बनाया .

16 सितंबर 1925 को मसूरी में जन्में. उनके पिताजी तब इंजीनीयर के रूप में वहां पोस्टेड थे . मित्तल जी ने बताया कि मेरे परिवार में पिता भाई सभी इंजीनीयर थे .हमेशा मेरा जिज्ञासु दिमाग रहा और यह जानने के लिये हमेशा उत्सुक रहता कि चीज़ें कैसे आकार लेती हैं .इसीलिये कला की ओर आकर्षित हुआ .सन 1945 में प्रतिष्ठित शांति निकेतन में प्रवेश पाया .सन 1950 में दिल्ली में जब वासुदेव शरण अग्रवाल के यहां रुका था तब वही मेरी मुलाकात देवेंद्र पुरी गोस्वामी से हुई जिन्होंने मुझे हैदराबाद आ कला प्रदर्शनी के लिये कहा उनके कहे अनुसार मैं और कमला जी यहां आये और प्रदर्शनी आयोजित की जिसका उद्घाटन तत्कालीन मुख्य मंत्री बुरुगुला रामकृष्ण राव ने किया .

मित्तल जी ने भारतीय कला में अपने को समर्पित किया .उनके ऐतिहासिक योगदान के लिये भारत सरकार द्वारा सन 1990 में पद्मश्री की उपाधि से सम्मानित किया गया . शास्त्रीय संगीत में रवि शंकर के सितार ,हरि प्रसाद चौरसिया की बांसुरी और शिव कुमार शर्मा के संतूर वादन से प्रभावित हैं . शास्त्रीय गायन में कुमार गंधर्व ने आकर्षित किया .

संग्रहालय के कामकाज में पोते नवीन बीसा , पौत्र वधू शैलका मिश्र और पोती उमा देवी उनका सहयोग करते हैं .

अपनी अदम्य इच्छा और इरादों से मित्तल जी ने कलात्मक इतिहास को ऐतिहासिकता का अनूठा रूप दिया किसी ने खूब कहा कि " काम करो ऐसा कि एक पहचान बन जाए / हर कदम ऐसा चलो कि निशान बन जायें / यहां ज़िंदगी तो हर कोई काटता है \ ज़िंदगी जियो इस कदर कि मिसाल बन जाये // " कला संग्रहकर्ता जगदीश मित्तल ने यही किया .



# काव्य कुंज

## जिंदगी सिर्फ एक किरदार हो गई है



संजीव ठाकुर, रायपुर

मुफलिसी अब रिश्तेदार हो गई है
फकीरी अब बेशुमार हो गई है।।
किसी की कोई कहाँ कद्र करता।
तंगहाली मेरा संसार हो गई है।।
देखे हमने न जाने कितने कद्रदान।
गर्दीशी मेरे गले का हार हो गई है।।
नंगे पैर चलोगे तो कांटे चुभेंगे ही।
राहें यहां की बड़ी रंगदार हो गई है।।
जिनके भी हाथ लगी दौलत-हुकूमत।
वो सब हस्तियां जागीरदार हो गई है।।
आप हमसे करें प्यार या बेशक नफरत।
जिन्दगी तुम पर जानिसार हो गई है।।
हमें मालूम है आपकी हक़ीक़ी फितरत।
आप रंगमंच की कलाकार हो गयीं हैं।।
मौसम की तरह रंग बदलती है जिन्दगी।
जिंदगी सिर्फ एक किरदार हो गई है।।

## बचपन के ख़ास दोस्त



कुमुद बाला, हैदराबाद

बचपन में अपने घर पर
मैंने देखा था गइया के बछड़ों को
हम उनके नाम रखकर उनके साथ
खूब खेला करते थे
कभी हम उन्हें दौड़ाते थे तो कभी
वे हमें दौड़ाते रहते थे
बचपन में कहीं से बंदर का
बच्चा भी आ गया था
किन्तु कुछ दिनों बाद चला गया
वह बड़े प्रेम से शीशे में अपना चेहरा देखा करता था।
एक कालू कुत्ता भी था चमकीले बालों वाला
आलसी इतना कि माँ से रोज़ डाँट खाता था
एक दिन अचानक गायब हो गया , मिला ही नहीं
शायद कोई लेकर चला गया था
धीरे - धीरे याद उसकी धुंधली हो गयी
एक तोता था मिट्ठू
बहुत बातें करता था ,
पिताजी को देखकर ' सीताराम - सीताराम ' कहता था
मेरी बहन को देखते ही बोलता
गुड्डी , चलो चाय बनाओ
सभी समझ जाते - चाय का टाइम हो गया
दरवाज़े पर घंटी बजते ही बोलता
गुड्डी जाओ दरवाज़ा खोलो
इसके अलावा माँ को देखते ही बोलता
माँ जल्दी खाना दो
मुझे देखते ही बोलता --जाओ पढ़ने जाओ
इतनी बातें करता कि सर दर्द हो जाता
कुछ दिनों के लिए हिरण का बच्चा भी कहीं से आ गया
पर ज़ल्द ही उसे जंगल में छोड़ दिया गया।
मेरे बचपन के इन दोस्तों को
क्या कभी कोई भूल सकता है ?
स्मृति के पालने में ये सारे अबतक जीवित हैं।

## गूगल भी हारा



पूजा महेश
हैदराबाद

एक बात पूछूं सच सच बताना
गूगल ज्ञान का है सागर
यही तो कहता है जमाना
हां, मैंने भी यही सुना
यही सुन कर ही
अपने सवाल के जबाब के लिए
गूगल को ही चुना
सवाल मेरा कुछ खास नहीं था
हां, जमाने पर विश्वास नहीं था
मैंने गूगल पर डाला
शराफत, इंसानियत और सच्चाई
कहां मिलेगी?
जरा पता तो बताओ
बहुत दिनों से ढूंढ रही हूं
मेरी शंका का समाधान तो कराओ
बहुत देर तक कोई जवाब नहीं आया
ऐसा पहली बार हुआ था
इसलिए माथा चकराया
मैं बार-बार कोशिश करती रही
अपने सवाल को मैं बार बार भरती रही
बहुत कोशिश के बाद गूगल के संदेश में
एक इमोजी बना था
दुखी मुद्रा में हाथ माथे पर धरा था
पहली बार मैं नाकाम हुआ हूं
और मैं बहुत शर्मिन्दा हूं
लेकिन कहीं पता मिलें तो
मुझे भी बताना
ताकि भविष्य में कोई पूछे तो
फिर से नहीं पड़ेगा शर्माना।।

## सबकी जान आफत में आई



गीता अग्रवाल
हैदराबाद

दस्तक देती हवा हवाई
है वह बहुत ही हरजाई,
जहर घोलने को चली आई
सांसों की दुश्मन बन आई,
सबकी जान आफत में आई।
हर यहां मनमौज खिलाड़ी
कहीं पराली, हर और गाड़ी,
धुएं की ही बारात सजाई
मास्क की दुनिया फिर लौट आई,
सबकी जान आफत में आई।
कोविद-19 जब आया था
धड़ाधड़ मौत का शोर आया था,
लाखों की जान पल में गंवाई
अब प्रदूषण की बारी आई,
सबकी जान आफत में आई।
प्रदूषण माया, घना कोहरा छाया
टिम टिम तारों का,कहां अब साया,
प्रदूषण मानव की असली कमाई
अपने ही जीवन की कीमत घटाई,
सबकी जान आफत में आई।
हर एक के पास अपनी सवारी
किसी को न भाये,साइकिल सवारी
फिर हर सांस में विष भर आई
कोई किसी की सुनता नहीं भाई
सबकी जान आफत में आई।

## बचपन



डॉ डी डी देसाई

आज मुझे बचपन छूकर गुजरा हैं।
धूल मिट्टी से लथपथ.. सतरंगी कंचों से
खेलता एक बालक पास से हो कर गुजरा हैं।
अपनी ही धून मे सवार...मस्तमौला,
इतराते हुए एक चतुर्भुज छूकर गुजरा हैं।
आज मुझे बचपन छूकर गुजरा हैं।
लोक लाज की न परवा न ही शरम,
बरसात में भीगता नंगधडंग पास से गुजरा हैं।
न उम्रदराज......न ही हमउम्र का लिहाज
दोस्तों संग मस्ती में चूर बालक मुझे छूकर गुजरा हैं।
आज मुझे बचपन छूकर गुजरा हैं।
गाँव की सड़कें.. गली. गलियारों की भटकन,
खेत खलिहनों की सैर से झूंड गुजरा हैं।
आम, अमरुद.. गन्ने कटहल की दावत छुट्टियों में,
पहाड़ों...झरनों में उछलते बालकों का शोर गुजरा हैं।
आज मुझे बचपन छूकर गुजरा हैं।
जिम्मेदारियों की व्यस्तता से पीड़ित जीवन को
मासूम बालकों की खुशियाँ छूकर गुजरी हैं।
गीली डंडा.. लागोरी.. लट्टू कभी लुकाछिपी,
सभी खेलों का नाम जहन छूकर गुजरा हैं।
आज मुझे बचपन छूकर गुजरा हैं।

## खाकर ठोकर...



दर्शन सिंह
हैदराबाद

ग़ज़ल सा हमको भी गाओ तो कोई बात बने
करीब होठों के आओ तो कोई बात बने
थे मुंगेरी सपने,हाथ मलता
रह गया दाव आजमाने में
खाकर ठोकर,फिर लौट आए मयखाने में
मुझे देखकर मेरे ग़म बोले
बड़ी देर लगा दी आने में
सूखे भी नहीं थे आंसू मेरे,
गहरा घाव उभर आया
धुंधला था मन का दर्पण, द
रारों से क्यूं भर आया
उलझता सुलझता रह गया फसाने में
खाकर ठोकर...
तुमसे शिकवा क्या करें,
तुमने देखा अपना सुख
व्यापार का जमाना है
कैसे कैसे रूप में आकर मिले अजदहे
गजब का घरौंदा बनाना है
रात बीत गई तकिया भिंगोने में
खाकर ठोकर...
मन के जज़्बातों को यों ही स्याही में भींगो लेता हूं
आंखों में बहे अश्कों को मोती में पिरो लेता हूं
चलता ही रह गया आग बुझाने में
खाकर ठोकर..

## जिन्दगी का हिसाब



संजय एम. तराणेकर

आईए जिन्दगी का कुछ हिसाब करते हैं,
पल-पल बीत गया उसकी बात करते हैं।
कोई नया मिल गया तो मुलाकात करते हैं,
जो कोई बिछड़ गया उसको याद करते हैं!
ए जिन्दगी तुझसे हम कोई बात करते हैं।
आईए जिन्दगी का कुछ हिसाब करते हैं,
पल-पल बीत गया उसकी बात करते हैं।
कोई हमसे रूठ गया उसकी बात करते हैं,
क्यों? कोई बिछड़ गया शिकायत करते हैं!
ईश्वर उससे मिला दे हम फ़रियाद करते हैं।
आईए जिन्दगी का कुछ हिसाब करते हैं,
पल-पल बीत गया उसकी बात करते हैं।
धैर्य, हौसला, साहस और हिम्मत की हमने,
न जाने कैसे संघर्षों से जिंदगी जी हैं हमने!
दुनिया की नफरतों से भी प्रेरणा ली हमने।
आईए जिन्दगी का कुछ हिसाब करते हैं,
पल-पल बीत गया उसकी बात करते हैं।

## भाईचारा



टी तारासिंह
हैदराबाद

ये ऊंचे ऊंचे पहाडे
ये पर्बते रब ने बनाये
ये लह लहराते झिले
ये नदियाँ रब ने बनाये
ये गांवे-घरे और
ये शहरे-इमारते इंसान ने बसाये
ये दुकाने-व्यापारे ये कारखाने इंसान ने बसाये
फिर अब हो रही है प्रतिस्पर्धा -संघर्ष
इसमे कौन आगे ओर कौन-कौन है पिछे
ओर बन रहे है एक दूसरे के दुश्मन
कभी जमीन के लिए लडते तो कभी पैसो के लिए
कौन भी किसी की ना सूने इस ज़माने मे
भाईचारा ओर अपनापन तो भूल ही गये
अब खून के रिश्ते भी पराये हो रहे
अब ओर देर ना कर सुधर जा शान्ति रख
अपने घर मे अपने धंधे मे ही बरकत है
धंधे मे बरकत है तो घर मे लक्ष्मी का वास रहता ।।

## मुझे खुद से ही मोहब्बत हो जाए



अन्नू प्रिया,
कटिहार, बिहार

उन रास्तों को रोक दिया है मैंने
जिनसे होकर मोहब्बत मुझ तक आती थी।
उन सारे वादों को तोड़ दिया है मैंने
जिससे होकर मोहब्बत निभाई जाती थी।
उम्मीदों पर जीना छोड़ दिया है मैंने
जिनसे होकर हौसला अफजाई होती थी।
मुश्किलों का साझा करना भी छोड़ दिया मैंने
जहां से हो रुहें, सूकून खोजा करती थी।
सुबह उठ उसे ही देखूं, ये हसरत भी भूल गया हूं मैं
जहां मुस्कुराहट उसे देखते ही आ जाया करती थीं।
न सबब और न तलब रही उनके मोहब्बत की हमें
तशरीफ़ मोहब्बत की हम लाएं,
वो उन्हें जिंदगी की तकलीफ़ बना जाएं।
न टूटने न छोड़ने का डर किया है खुद से मैंने,
अब इस बार मुझे खुद से ही मोहब्बत हो जाएं।

## इम्तिहान



मनीषा मंजरी
दरभंगा

आजमाती है ज़िन्दगी तो, इम्तिहान कड़े होते हैं,
काँटों की राह पर चलकर, हम उम्र को खोते हैं।
यूँ तो हर ईंट खुद को, मकान समझकर जीता है,
पर वास्तव में एक बूँद कभी, दरिया तो नहीं होता है।
सफर लम्बा है तो हमराही, तो बहुत मिल जाते हैं,
पर मंजिलों तक साथ निभाने वाले,
विरले हीं मिल पाते हैं।
ये दरख़्त कितने हीं,
परिंदों के घर तो बन जाते हैं,
पर जो छाये पतझड़ तो,
वो भी कहाँ साथ निभाते हैं।
वक़्त की आदत है कि हर लम्हा,
एक दिशा में चलता जाता है,
बस तस्वीरें और यादें रह जाती हैं,
कोई लम्हा खुद को कहाँ दोहरा पाता है।
कुछ दर्द ऐसे हैं जो, रूह को कुचल देते हैं,
कांपती है हर सांस पर, ये आँखों से कहाँ बहते हैं।
गिरकर उठना ये हर बार, हुनर नहीं बन पाता है,
शैनेः शैनेः ये तो आदतों में, शुमार सा कहा जाता है।
यूँ तो चाँद की तन्हाई को, ये सितारे भी बाँट लेते हैं,
पर जलते सूरज के एकाकीपन पर, हम कहाँ ध्यान दे पाते हैं।
कलम चलती है या दर्द, स्याही बनकर पिघलता है,
निःशब्द जज्बातों का पता, हर किसी को कहाँ चलता है।
अब अगले मोड़ की हम, फ़िक्र नहीं कर पाते हैं,
एक मुस्कान लिए बस, आँधियों से टकरा जाते हैं।

## चाहत



सुनिल चौरसिया,
उत्तरप्रदेश

हमें नहीं चाहिए स्वर्ग,
नहीं चाहिए मुक्तिधाम
हे शिव! हे राम!
बस एक करना काम,
मानव नहीं तो पाहन ही सही,
घाट-घंटा व गंगा-धार ही बनाना।
पशु-पक्षी भी बनाकर बनारस में भेजना
जहाँ मिले समय-समय से स्वादिष्ट दाना
निर्धन भी बनाकर बनारस में भेजना
जहाँ चले भक्ति, भाव, भंडारा रोजाना
बनारसी साड़ी नहीं तो लंगड़ा आम ही सही
या फिर बनारसी पान ही बनाना।
'सावन' शून्य में गूंजे अजान-हरिगान
हिन्दू नहीं तो मुसलमान ही बनाना
ईसाई बनाना या पारसी बनाना
जो भी बनाना बनारसी बनाना।।

## पथिक अनजान राहों के



डॉ शोभा भंडारी
हैदराबाद

एक मुसाफिर, एक पथिक हैं,
हम सभी उस मार्ग के,
गंतव्य से जिसके सभी अनभिज्ञ।
राहगीर मंज़िल से है परे कहीं,
अनजान किताब जैसी है ये,
जिसके अगले पन्ने की पहचान नहीं,
है किस दिशा में जाना,
ये भान नहीं, ये ज्ञान नहीं।
फिर भी एक जज़्बा, एक जुनून है,
संभाले हिम्मत की पतवार,
उस पार जाने का सुकून है,
हौसला और बुलंदी हमारे मज़मून हैं।।
किसी चमत्कार से ये कम नहीं,
खो जाने का भय नहीं,
बिंदास- बेबाक है नाविक,
कश्ती के डूब जाने का ग़म नहीं।।।
आभार है, सृष्टि नियंता का,
जिसने हमें सशक्त बनाया,
जिसने इतना गुणी बनाया,
इस विषम मार्ग का पथिक बनाया।
ऐ बटोही खुला निमंत्रण है यात्रा का,
मार्ग प्रशस्त है,लिख दे वीरगाथा,
लिख दे,एक प्रशस्तिगाथा।।।।

## "संस्कृति"



हेमंत सुराना,
उदयपुर

हमारी संस्कृति, हमारा अभिमान,
हमारी अभिव्यक्ति, हमारी पहचान
हमारी संस्कृति, हमारी सभ्यता,
मानव समाज की उन्नत अवस्था
हर धर्म का अपना मंत्र ,
सबसे बड़ा है मानव धर्म
रहन-सहन है सादगी पूर्ण,
जीवन निर्वाह का ये है ढंग
समान भाईचारा और एकता,
गरीबों की मदद, बूढ़ो की सेवा
नमन है इस देश की माटी को,
नमन है ऐसी तहजीब को
सलाह है, एक मशवरा है,
पाश्चात्य संस्कृति की होड़ में,
सबसे आगे निकलने की दौड़ में
अपने समाज की संस्कृति भूल न जाना,
अपनी सभ्यता भूल न जाना
रखेंगे संभाल कर आगे भी संस्कृति,
नहीं बिगाड़ेंगे सभ्यता की आकृति
आगे ले जाएगी आने वाली पीढ़ी ,
आगे ले जाएगी आने वाली पीढ़ी ।

## दोहरे सत्य



सत्यवान सौरभ

कहाँ सत्य का पक्ष अब,
है कैसा प्रतिपक्ष।
जब मतलब हो हाँकता,
बनकर 'सौरभ' अक्ष।।
बदला-बदला वक़्त है,
बदले-बदले कथ्य।
दूर हुए इंसान से, सत्य भरे सब तथ्य।।
क्या पाया, क्या खो दिया, भूल रे सत्यवान।
किस्मत के इस केस में, चलते नहीं बयान।।
रखना पड़ता है बहुत, सीमित, सधा बयान।
लड़ना सत्य 'सौरभ' से, समझो मत आसान।।
कर दी हमने जिंदगी, इस माटी के नाम।
रखना ये संभालकर, सत्य तुम्हारा काम।।
काम निकलते हों जहाँ, रहो उसी के संग।
सत्य यही बस सत्य है, यही आज के ढंग।।
चुप था तो सब साथ थे, न थे कोई सवाल।
एक सत्य बस जो कहा, मचने लगा बवाल।।
'सौरभ' कड़वे सत्य से, गए हज़ारों रूठ।
सीख रहा हूँ बोलना, अब मैं मीठा झूठ।।
तुमको सत्य सिखा रही, आज वक़्त की मात।
हम पानी के बुलबुले, पल भर की औक़ात।।
जैसे ही मैंने कहे, सत्य भरे दो बोल।
झपटे झूठे भेड़िये, मुझ पर बाहें खोल।।
कहा सत्य ने झूठ से, खुलकर बारम्बार।
मुखौटे किसी और के, रहते है दिन चार।।
मन में कांटे है भरे, होंठों पर मुस्कान।
दोहरे सत्य जी रहे, ये कैसे इंसान।।
सच बोलकर पी रहा, ज़हर आज सुकरात।
कौन कहे है सत्य के, बदल गए हालात।।

## खुशियां



रेणुका अग्रवाल
हैदराबाद

खुशियां आती है तो आने दो।
दिल बहलाती है बहलाने दो।
लक्ष्य हीन जीना कोई जीना नही
ज़िन्दगी को भी कोई मायने दो।
रिमझिम बौछारें पड़ रही है
दिल गाता है तो गाने दो।
खिली हुई धूप है पँछी आये है
हाथों से पंछियों को दाने दो।
मौसम का सुरूर दिल मे है
मदहोशी छाई है तो छाने दो।
सुबह ,सांझ को पाना चाहती है
साँझ बेला मे सुबह खो जाने दो।
शाम भी गुज़र गई रात आई है
सूरज के संग सहर को आने दो।
धरती ने ओढ़ी हरी चुनरिया
धरती को भी तो लहराने दो।
बादल करे सिंगार धरती का
धरती को खूब इठलाने दो।
कुदरत की माया कोई नजाने
यौवन को पंख लग जाने दो।
नदी चली समंदर में घुलने को
मौजों को चट्टान से टकराने दो।
प्यास बुझी धरती की भी तो
पिया संग रेणु कोभी गाने दो।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA, Publications, Ltd,
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080

# महाराष्ट्र में किसके सिर सजेगा ताज

## दोबारा एकनाथ या अबकी बार देवेंद्र? बीजेपी के लिए नतीजों के मायने




महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के रुझानों में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन को बंपर बहुमत मिल चुका है। भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है और चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, पार्टी 126 सीटों पर आगे चल रही है। इससे साफ है कि महाराष्ट्र की जनता ने एक बार फिर भाजपा के नेतृत्व पर विश्वास किया है। महायुति गठबंधन के लिए जहां रुझान खुश करने वाले हैं, लेकिन साथ ही महायुति गठबंधन में सीएम पद को लेकर भी पेच फंस गया है। दरअसल एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना ने भी शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन सबसे बड़ी पार्टी भाजपा है। इससे साफ है कि सीएम पद को लेकर महायुति में खूब माथापच्ची होगी।

भाजपा नेता प्रवीण दरेकर ने एक बयान में कह भी दिया है कि 'सबसे बड़ी हमारी पार्टी है तो सीएम भी भाजपा का ही होगा'। भाजपा नेता ने कहा कि 'भाजपा का सीएम बनेगा तो वो देवेंद्र फडणवीस ही होंगे। केंद्र और राज्य में बीजेपी की सरकार होगी तो महाराष्ट्र और विकास करेगा इसलिए जनता ने हमें बहुमत दिया है इसके लिए मैं प्रदेश की लाड़ली बहनों और जनता को विशेष रूप से धन्यवाद देता हूं। बीजेपी से ही मुख्यमंत्री होगा, मुझे लगता है कि देवेन्द्र फडणवीस ही सीएम होंगे।'

गौरतलब है कि देवेंद्र फडणवीस ने साल 2014 से 2019 के दौरान भाजपा-शिवसेना (संयुक्त) की गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया था। 2019 के चुनाव में भी भाजपा शानदार प्रदर्शन करते हुए सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी और उस समय भी फडणवीस ही सीएम पद के दावेदार थे, लेकिन शिवसेना (संयुक्त) के साथ मतभेदों के चलते भाजपा सरकार नहीं बना सकी और राज्य में महा विकास अघाड़ी की सरकार सत्ता पर काबिज हुई। जब एकनाथ शिंदे की बगावत के चलते महा विकास अघाड़ी की सरकार गिरी और भाजपा के नेतृत्व में नई सरकार बनी तो उसमें भी फडणवीस के ही सीएम बनने की उम्मीद थी, लेकिन बड़ी पार्टी होते हुए भी भाजपा ने एकनाथ शिंदे को सीएम बनाया।

हालिया विधानसभा चुनाव के एलान के बाद से ही इस बात की खूब चर्चा हो रही थी कि अगर महायुति की सरकार बनी तो सीएम पद कौन संभालेगा, क्योंकि देवेंद्र फडणवीस के साथ ही अब एकनाथ शिंदे भी सीएम पद के मजबूत दावेदार हैं। खासकर उनके नेतृत्व में महायुति की सरकार जिस तरह से सत्ता में वापसी करती दिख रही है, उससे भी एकनाथ शिंदे का दावा काफी मजबूत हो गया है। वहीं एनसीपी के अजित पवार भी सीएम पद की रेस में हैं और गाहे-बगाहे वो सीएम बनने की इच्छा सार्वजनिक तौर पर भी जता चुके हैं। अब अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने भी अजित पवार के सीएम बनने की मांग की है। हालांकि सीटों की संख्या को देखते हुए मुख्य मुकाबला एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस के बीच ही माना जा रहा है।

भाजपा के लिए महाराष्ट्र जीत बेहद अहम है क्योंकि आम चुनाव में जिस तरह से भाजपा नीत एनडीए को देश के सबसे धनी राज्यों में से एक महाराष्ट्र में बड़ा झटका लगा था, उसके बाद विधानसभा चुनाव का यह प्रदर्शन भाजपा के लिए संजीवनी साबित हो सकता है। आम चुनाव के दौरान भाजपा का हिंदुत्व का एजेंडा महाराष्ट्र में कमजोर दिखाई दिया था और लड़ाई पार्टियों की टूट पर आधारित रही, जिसका फायदा शिवसेना यूबीटी और शरद पवार की एनसीपी को मिला। राज्य की 48 लोकसभा सीटों में से भाजपा सिर्फ 9 पर जीत दर्ज कर सकी। वहीं महा विकास अघाड़ी ने 30 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की।

अब विधानसभा चुनाव में भी महा विकास अघाड़ी गठबंधन द्वारा प्रचंड जीत का दावा किया जा रहा था और राज्य में भाजपा का राजनीतिक भविष्य सवालों के घेरे में था, लेकिन भाजपा ने जिस तरह से वापसी की है, उससे राज्य की राजनीति पर उसकी पकड़ फिर से मजबूत हो गई है। साथ ही यह नतीजे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व के लिहाज से भी अहम हैं और इनसे पता चलता है कि भले ही विपक्ष पीएम आम चुनाव के बाद पीएम मोदी का जादू खत्म होने का दावा कर रहा है, लेकिन नतीजों से साफ है कि अभी भी प्रधानमंत्री मोदी का जलवा बरकरार है।

# बिहार उपचुनाव में 'किंग मेकर' की रणनीति फेल

बिहार की चार सीटों पर उप चुनाव में एक बड़ा चर्चित नाम थे- प्रशांत किशोर। चुनाव में नहीं उतरे, लेकिन उनके जितनी चर्चा किसी प्रत्याशी की भी नहीं थी। क्यों? वह खुद को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत कई दिग्गजों के लिए खुद को 'किंग मेकर' कहते थे, क्योंकि कभी इन लोगों की चुनावी रणनीति का हिस्सा रहे थे। उप चुनाव की सुगबुगाहट के बीच गांधी जयंती पर इस बार एक बड़ा कार्यक्रम करते हुए उन्होंने अपनी संस्था जन-सुराज को पार्टी के रूप में बदला। फिर बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के पहले चार सीटों पर हो रहे उप चुनाव में चारों पर जीत का दावा करते हुए प्रत्याशी दिए। चार में से तीन प्रत्याशियों का हश्र और एक की हार सामने आ चुकी है। अब बड़ा सवाल यही कि प्रशांत किशोर चुनावी रणनीतिकार भी बचे हैं या खांटी राजनेता कहलाएंगे, जो जीत-हार का अनुमान लगाए बगैर केवल जीतने के दावे करता है?

प्रशांत किशोर की अलग से चर्चा इसलिए, क्योंकि बिहार की चार सीटों पर हुए उप चुनाव में उन्होंने सबसे बड़े दावे किए थे। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कमजोर कहा। राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव पर हमलावर रहे। जन सुराज की जीत का दावा करने में अपने पुराने परफॉर्मेंस की चर्चा बार-बार करते रहे। खुद को बड़े-बड़े दिग्गजों का चुनावी रणनीतिकार बताने के साथ ही किंग मेकर कहलाने में भी गुरेज नहीं किया। जन सुराज पार्टी की स्थापना के समय पटना में बहुत बड़ा कार्यक्रम किया। मंच पर लाए लोगों को पढ़ा-लिखा और बाकी राजनीतिक दलों से अच्छा बताया। देश की राजनीति में प्रशांत किशोर का कद इस उपचुनाव में एक भी सीट जीतने पर बढ़ सकता था, लेकिन चार में से तीन सीटों पर पार्टी के प्रत्याशी तीसरे और एक सीट पर चौथे नंबर पर रहे। जहां तीसरे नंबर पर रहे, उन तीनों में से भी एक ही सीट पर सम्मानजनक या कहें कि तीसरे विकल्प के रूप में संतोषजनक वोट हासिल हुआ। बिहार में चार सीटों पर हुए उप चुनाव के दौरान प्रशांत किशोर ने सबसे ज्यादा जातिवाद और परिवारवाद से दूर रहने की बात की, लेकिन कहीं वह जातिवाद के सामने ध्वस्त हुए तो कहीं परिवारवाद के आगे। उन्होंने मुसलमान वोटरों को साथ लाने का जो प्रयास किया, वह कुछ हद तक काम आया। नई पीढ़ी को साथ लाने का प्रयास काम आया, यह कह सकते हैं। इसके बावजूद वोटों की स्थिति सिर्फ बेलागंज में ठीक रही, जिसमें वहां के प्रत्याशी की भी अहम भूमिका रही। बेलागंज में जन सुराज के प्रत्याशी को 15 हजार से ज्यादा, जबकि कैमूर में 6000 से ज्यादा वोट आए। बाकी, तरारी और रामगढ़ में पांच हजार से कुछ आगे बढ़कर जन सुराज के प्रत्याशियों को संतोष करना पड़ा।

# बिहार के विकास का नया आयाम, हवाई कनेक्टिविटी

**कुमार निशांत**



बिहार, जो ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भारत का एक महत्वपूर्ण राज्य है, अब बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी से प्रगति कर रहा है। एक समय था जब बिहार का नाम विकास के मानचित्र पर कमतर आंका जाता था। लेकिन बीते वर्षों में इस राज्य ने कई क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखे हैं। सड़क और रेल कनेक्टिविटी के बाद अब राज्य सरकार ने हवाई परिवहन के क्षेत्र में भी बड़ी छलांग लगाई है। पांच नए हवाई अड्डों में से पूर्णिया हवाई अड्डे का निर्माण और 2025 तक उन्हें कार्यान्वित करने की योजना बिहार की परिवहन प्रणाली में एक नया अध्याय लिखने वाली है। बिहार में पांच नए हवाई अड्डों का निर्माण एक दूरदर्शी और क्रांतिकारी पहल है। यह परियोजना राज्य को न केवल बेहतर हवाई संपर्क प्रदान करेगी, बल्कि इसे आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से भी सशक्त बनाएगी।राज्य सरकार और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के इस कदम से बिहार में विकास का एक नया अध्याय लिखा जाएगा। यह पहल न केवल बिहार को, बल्कि पूरे देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सहायक होगी।बिहार, जो कभी अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के लिए जाना जाता था, अब बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास के क्षेत्र में भी एक नई पहचान बना रहा है। हवाई कनेक्टिविटी के पंख फैलाकर यह राज्य एक समृद्ध और प्रगतिशील भविष्य की ओर उड़ान भरने के लिए तैयार है।

पटना का लोकनायक जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, यह राज्य का मुख्य और सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है। राजधानी पटना में स्थित यह हवाई अड्डा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का केंद्र है। हालांकि, यहां की सीमित बुनियादी सुविधाएं और छोटे रनवे के कारण यह हवाई अड्डा अत्यधिक दबाव में है।गया एयरपोर्ट, यह हवाई अड्डा मुख्य रूप से बौद्ध तीर्थयात्रियों के लिए जाना जाता है। गया के निकट बोधगया स्थित है, जो बौद्ध धर्म का एक प्रमुख तीर्थस्थल है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की सुविधा के बावजूद इसका उपयोग अपेक्षाकृत कम है। दरभंगा एयरपोर्ट, हाल के वर्षों में कार्यान्वित इस हवाई अड्डे ने उत्तर बिहार के लाखों लोगों को एक नई सुविधा दी है। यह क्षेत्र, जो पहले हवाई संपर्क से वंचित था, अब देश के अन्य हिस्सों से जुड़ गया है। हालांकि, इन तीन हवाई अड्डों पर बढ़ती यात्रियों की संख्या और संसाधनों की कमी साफ तौर पर महसूस की जा रही है। राज्य के कई हिस्से, विशेष रूप से पूर्वी और सीमांत क्षेत्र, अब भी हवाई कनेक्टिविटी से वंचित हैं। ऐसे में नए हवाई अड्डों की आवश्यकता एक अनिवार्यता बन गई है। बिहार के मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा के अनुसार, राज्य सरकार और एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने बिहार में पांच नए हवाई अड्डों के निर्माण का निर्णय लिया है। ये हवाई अड्डे बिहटा (पटना के निकट), पूर्णिया, रक्सौल, राजगीर और भागलपुर (सुल्तानगंज) में स्थापित किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य राज्य के हर क्षेत्र को हवाई संपर्क से जोड़ना और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देना है।

पटना का मौजूदा हवाई अड्डा अपनी सीमित क्षमता के कारण अत्यधिक दबाव में है। बिहटा में नया एयरपोर्ट राजधानी क्षेत्र के यात्रियों के लिए एक अतिरिक्त विकल्प होगा। यह न केवल पटना के यातायात को कम करेगा, बल्कि बिहार के अन्य भागों से आने वाले यात्रियों को भी सुविधाजनक परिवहन मुहैया कराएगा।

पूर्वी बिहार के सीमांचल और कोसी क्षेत्र में हवाई अड्डे की मांग लंबे समय से की जा रही थी। पूर्णिया में एयरपोर्ट का निर्माण इन क्षेत्रों को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने का एक बड़ा कदम है। इस क्षेत्र में कृषि और बागवानी आधारित अर्थव्यवस्था है। हवाई संपर्क इन उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने में सहायक होगा।

भारत-नेपाल सीमा पर स्थित रक्सौल का एयरपोर्ट न केवल बिहार बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण होगा। यह एयरपोर्ट भारत और नेपाल के बीच व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देगा।

राजगीर, जो अपनी ऐतिहासिक और धार्मिक महत्ता के लिए प्रसिद्ध है, एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यहां एक हवाई अड्डे का निर्माण पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देगा। यह मगध क्षेत्र के लोगों के लिए भी लाभकारी होगा।

भागलपुर, जो सिल्क उत्पादन और व्यापार के लिए जाना जाता है, अब तक हवाई सेवाओं से वंचित है। सुल्तानगंज में हवाई अड्डे का निर्माण इस क्षेत्र की आर्थिक और औद्योगिक प्रगति के लिए एक वरदान साबित होगा।

नए हवाई अड्डों का निर्माण न केवल बिहार की परिवहन व्यवस्था में सुधार करेगा, बल्कि राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बेहतर हवाई संपर्क के माध्यम से राज्य में व्यापार और निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा।

विदेशी निवेशक और उद्योगपति अब आसानी से बिहार पहुंच सकेंगे। यह पहल राज्य को उद्योग और सेवा क्षेत्र के लिए एक आकर्षक गंतव्य बना सकती है। बिहार, जिसे गौतम बुद्ध, महावीर और गुरु गोबिंद सिंह की भूमि के रूप में जाना जाता है, एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। राजगीर, गया, और सुल्तानगंज में हवाई अड्डों के निर्माण से पर्यटन उद्योग में अपार वृद्धि की संभावना है।

राज्य के सीमांत और पिछड़े क्षेत्रों को हवाई संपर्क से जोड़ने से क्षेत्रीय असमानता में कमी आएगी। यह पहल बिहार के विकास को संतुलित करने में मदद करेगी। ग्लोबल कनेक्टिविटीः नए हवाई अड्डे बिहार को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और बेहतर तरीके से जोड़ेंगे। औद्योगिक विकास, हवाई संपर्क औद्योगिक क्षेत्र, विशेष रूप से कृषि-आधारित उद्योगों, को बढ़ावा देगा। टूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्यटन स्थलों के निकट हवाई अड्डों का निर्माण इस क्षेत्र में विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ा सकता है। भूमि अधिग्रहणः परियोजना की सफलता के लिए भूमि अधिग्रहण एक प्रमुख चुनौती हो सकती है। पर्यावरणीय प्रभावः हवाई अड्डों के निर्माण से पर्यावरण पर संभावित नकारात्मक प्रभावों को कम करना आवश्यक होगा।

# दक्षिण ने फिर दिया गांधी परिवार का साथ



केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव के नतीजे आ चुके हैं। कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी लगभग चार लाख की बडी जीत दर्ज कर रिकार्ड बना लिया है। राहुल गांधी के वायनाड सीट छोड़ने के बाद उनकी बहन प्रियंका गांधी यहां चुनावी मैदान में उतरी थीं। करीब साढ़े तीन दशक का खुद का राजनीतिक अनुभव बताने वाली प्रियंका पहली बार चुनावी राजनीति में दाखिल हुई हैं। प्रियंका से पहले उनकी दादी इंदिरा, मां सोनिया और भाई राहुल भी दक्षिण भारत से लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। आइये जानते हैं कि नेहरू-गांधी परिवार से कौन-कब दक्षिण से चुनाव लड़ा? यहां से चुनाव लड़ने का कारण क्या रहा? नतीजे कैसे रहे हैं?

**आपातकाल के बाद कर्नाटक गईं इंदिरा**

देश में आपातकाल के बाद 1977 के आम चुनाव में कांग्रेस विरोधी लहर चली और पार्टी को देश भर में हार का सामना करना पड़ा। लहर ऐसी कि इंदिरा गांधी को रायबरेली लोकसभा सीट पर हार का मुंह देखना पड़ा। इस चुनाव के बाद इंदिरा गांधी ने संसद में फिर से प्रवेश करने के लिए दक्षिण की ओर देखा। इस तरह से इंदिरा ने 1978 में कर्नाटक के चिकमंगलूर से उपचुनाव लड़ने का फैसला किया। इंदिरा गांधी चिकमंगलूर लोकसभा सीट से उपचुनाव लड़ सकें इसके लिए चिकमंगलूर के तत्कालीन कांग्रेस सांसद डीबी चंद्रे गौड़ा ने अपनी सीट से इस्तीफा दे दिया। इस चुनाव में इंदिरा का मुकाबला जनता पार्टी के उम्मीदवार और कर्नाटक के पूर्व सीएम वीरेंद्र पाटिल से था। इंदिरा ने उन्हें लगभग 80,000 मतों से हराकर चुनाव जीता और फिर से लोकसभा पहुंच गईं।

**इंदिरा ने आंध्र प्रदेश से भी किस्मत आजमाई**

1980 के लोकसभा चुनावों में इंदिरा गांधी ने उत्तर प्रदेश के रायबरेली के साथ ही आंध्र प्रदेश की मेडक सीट से भी चुनाव लड़ा और दोनों सीटों पर शानदार अंतर से जीत हासिल की। इंदिरा ने मेडक में उस समय जनता पार्टी के साथ रहे एस. जयपाल रेड्डी को 2.10 लाख से अधिक मतों के अंतर से हराया था। दिलचस्प बात यह है कि इंदिरा ने रायबरेली से इस्तीफा दे दिया और मेडक की प्रतिनिधि बनी रहीं। जीत के साथ इंदिरा देश की प्रधानमंत्री भी बनीं। साल 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या कर दी गई।

**बेल्लारी में आमने-सामने हुईं सोनिया और सुषमा**

1999 में इंदिरा गांधी की बहू सोनिया पहली बार चुनावी मैदान में उतरीं और उन्होंने सुरक्षित सीट के लिए दक्षिण की ओर देखा। 1999 में सोनिया ने नेहरू-गांधी परिवार के पारंपरिक गढ़ अमेठी से चुनाव लड़ा, लेकिन उनको सुरक्षित सीट की भी जरूरत थी क्योंकि उस समय उत्तर प्रदेश में भाजपा की सत्ता थी। आखिरकार सोनिया गांधी ने कर्नाटक की बेल्लारी लोकसभा सीट से भी चुनाव लड़ा। सोनिया को चुनौती देने के लिए भाजपा ने सुषमा स्वराज को अपना उम्मीदवार बनाया। सुषमा स्वराज ने आक्रामक चुनाव प्रचार किया लेकिन सोनिया ने 56,000 वोट के अंतर से बाजी अपने नाम कर ली। सोनिया गांधी ने बाद में बेल्लारी सीट से इस्तीफा दे दिया और अमेठी को बरकरार रखा।

**राहुल ने भी चुनी दक्षिण की सीट**

2019 के लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने तय किया कि तत्कालीन पार्टी प्रमुख राहुल गांधी अमेठी के अलावा दूसरी सीट-उत्तर केरल की वायनाड से भी लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। राहुल अपने परिवार के तीसरे सदस्य बने जिन्होंने पार्टी के लिए दक्षिण भारत की सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला लिया। फैसला यह देखते हुए लिया गया किए राहुल को अमेठी में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से कड़ी चुनौती मिल रही थी, जो 2014 में कांग्रेस प्रमुख से मामूली अंतर से हारने के बाद से ही इस निर्वाचन क्षेत्र से जुड़ी रहीं। नतीजों ने भी ऐसा ही कुछ बताया और भाजपा की मंत्री स्मृति ईरानी ने अमेठी का किला भेद दिया और कांग्रेस अध्यक्ष को पटखनी दी। हालांकि, राहुल गांधी दूसरी सीट वायनाड बचाने में सफल रहे और यहां उन्होंने 4,31,770 वोट से बड़ी जीत हासिल की।

2019 के बाद 2024 में भी राहुल गांधी ने दो सीटों से चुनाव लड़ा। इस बार कांग्रेस नेता ने अमेठी की जगह मां सोनिया गांधी की रायबरेली सीट से चुनाव लड़ा। इसके अलावा केरल के वायनाड से भी चुनाव मैदान में उतरे। इन दोनों सीटों के नतीजे कांग्रेस नेता के पक्ष में रहे। हालांकि, राहुल ने रायबरेली सीट को अपने पास रखा और वायनाड सीट से इस्तीफा दे दिया। इस तरह से वायनाड लोकसभा सीट कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इस्तीफे से रिक्त हो गई।

**अब प्रियंका की राजनीति दक्षिण से शुरू हुई**

राहुल गांधी के इस्तीफे से रिक्त हुई वायनाड सीट पर उपचुनाव हुआ। इस उपचुनाव में राहुल गांधी की बहन प्रियंका गांधी मैदान में उतरीं। इस तरह से प्रियंका अपने परिवार की चौथी सदस्य बनीं जिन्होंने दक्षिण से लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला लिया। कांग्रेस महासचिव प्रियंका का इस चुनाव में भाकपा के सत्यन मोकेरी और भाजपा की नव्या हरिदास से मुकाबला था। जमीनी स्तर के नेता माने जाने वाले वामपंथी नेता सत्यन मोकेरी ने 1987 से 2001 तक केरल विधानसभा में नादापुरम निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया है। वहीं, नव्या हरिदास दो बार कोझिकोड नगर निगम की पार्षद रह चुकी हैं और भाजपा की महिला मोर्चा की राज्य महासचिव हैं।

# क्या अडानी को बचा पाएंगे ट्रंप?



## अडाणी जिस अमेरिकी कानून में फंसे, ट्रम्प उसके विरोधी

पिछले हफ्ते गौतम अडाणी ने डोनाल्ड ट्रम्प को जीत की बधाई देते हुए एक ट्वीट किया। इसमें लिखा- भारत और अमेरिका के बीच जैसे-जैसे साझेदारी गहरी होती जा रही है, अडाणी ग्रुप अपनी ग्लोबल एक्सपर्टीज और 10 बिलियन डॉलर का इस्तेमाल अमेरिका की एनर्जी सिक्योरिटी और इन्फ्रास्ट्रक्चर में करेगा। इससे अमेरिका में 15 हजार नौकरियां पैदा होंगी। अडाणी जब ये ट्वीट कर रहे थे, उससे 20 दिन पहले ही अमेरिका का डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस ने उनके खिलाफ इनडाइटमेंट फाइल कर चुका था, जिसमें भारतीय अधिकारियों को रिश्वत देने की प्लानिंग के आरोप लगाए गए। ऐसे में सवाल है कि क्या ट्रम्प 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद संभालने के बाद अडाणी को बचा लेंगे सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया यानी एसईसीआई भारत सरकार की सोलर एनर्जी कंपनी है। इसका मकसद देश में सौर ऊर्जा के इस्तेमाल को बढ़ाना है। एसईसीआई ने 2019 में 12 गीगावॉट की बिजली आपूर्ति के लिए टेंडर निकाला। अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड यानी एजीईएल और एज्योर पावर ने टेंडर हासिल कर लिया। दोनों कंपनियों को इसका लेटर ऑफ अवार्ड मिल गया। हालांकि, यह कच्चा कॉन्ट्रैक्ट था। अब यहां एक दिक्कत सामने आ गई। एजीईएल और एज्योर पावर से खरीदी बिजली के लिए एसईसीआई को ग्राहक नहीं मिल रहे थे। दोनों कंपनियों को इससे घाटा हो सकता था। अमेरिकी न्याय विभाग के एनडाइटमेंट के मुताबिक, इस घाटे से बचने के लिए गौतम अडाणी, उनके भतीजे सागर अडाणी समेत 7 लोगों ने सरकारी अधिकारियों को 250 मिलियन डॉलर यानी करीब 2,019 करोड़ रुपए रिश्वत देने की योजना बनाई। ताकि राज्य की बिजली वितरण कंपनी और एसईसीआई के बीच सोलर पावर एग्रीमेंट हो जाए। गौतम अडाणी ने खुद आंध्र प्रदेश के किसी बड़े अधिकारी से कई बार मुलाकात की। इसके बाद आंध्र प्रदेश की बिजली कंपनी और एसईसीआई के बीच एग्रीमेंट हो गया और अडाणी सोलर और एज्योर पावर को बिजली सप्लाई का कॉन्ट्रैक्ट मिल गया। एजीईएल में अमेरिकी निवेशकों का पैसा लगा था। एज्योर पावर न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड थी। अमेरिका में फॉरेन करप्ट प्रैक्टिस एक्ट नाम का सख्त कानून है। इसके मुताबिक अमेरिका से जुड़ी कंपनियां दुनिया में कहीं भी रिश्वत नहीं दे सकती। इसीलिए अमेरिका में मुकदमा दर्ज किया गया। अमेरिकी लीगल सिस्टम के मुताबिक केस में आरोपियों को कोर्ट के सामने पेश किया जाएगा, जहां अदालत उन पर लगे आरोपों को पढ़कर सुनाएगी। लिखित कॉपी भी देगी। आरोप सुनकर आरोपियों को बताना होगा कि वे खुद को दोषी मानते हैं या नहीं। अगर बचाव पक्ष ने खुद को निर्दोष बताया तो आरोपों का जूरी ट्रायल शुरू होगा। मतलब जूरी के सामने मुकदमा चलेगा। अडाणी ग्रुप की तरफ से अमेरिकी कोर्ट के आरोपों को गलत बताया गया है, इसलिए अब उन्हें कोर्ट में अपनी बेगुनाही के सबूत पेश करने होंगे। अगर अडाणी एफसीपीए के तहत दोषी पाए जाते हैं तो 5 साल की जेल और जुर्माना भरना होगा। ट्रम्प का मानना है कि एफसीपीए के तहत सारा नुकसान अमेरिकी कंपनियों को होता है। इस वजह से अमेरिकी कंपनियां बिजनेस में ग्रोथ नहीं कर पातीं। ट्रम्प हमेशा से ही एफसीपीए के खिलाफ रहे हैं। अमेरिकी जर्नलिस्ट फिलिप और कैरोल की किताब 'ए वेरी स्टेबल जीनियस' में छपे डोनाल्ड ट्रम्प के इस बयान को पढ़िए...। यह बहुत गलत है कि अमेरिकी कंपनियों को विदेशों में बिजनेस करने के लिए रिश्वत देने की इजाजत नहीं है।

# रविवार के दिन करें ये उपाय

## जाग उठेगी सोई किस्मत, धन से भर जाएगी तिजोरी!



हिंदू धर्म हर दिन किसी ना किसी देवी- देवता को समर्पित है। इसी तरह रविवार के दिन सूर्यदेव की आराधना की जाती है। इस दिन सूर्यदेव को अर्घ्य देना बहुत अच्छा माना जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से जीवन जीवन खुशियों से भर जाता है। ज्योतिष शास्त्र में रविवार के कुछ खास उपाय बताए गए हैं। मान्यता है जिसको करने से व्यक्ति की सोई किस्मत भी जाग उठती है और धन लाभ के योग बनते हैं।

### करें ये उपाय

हिंदू धर्म में व्रत के दौरान दान करना बहुत ही शुभ माना जाता है। इस दिन दूध, चावल और गुड़ के साथ अन्य खाने की चीजों को दान करने से भगवान सूर्य प्रसन्न होते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से व्यक्ति की सभी इच्छाएं पूरी होती हैं।

### पैसों तंगी होगी दूर

अगर कोई व्यक्ति आर्थिक तंगी से परेशान है। तो उसे रविवार के दिन घर के मुख्य द्वार पर देसी घी का दीपक जलाएं और जीवन में सुख-शांति की कामना करें। मान्यता है कि ऐसा करने से परिवार के सदस्यों पर मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है और आर्थिक तंगी से छुटकारा मिलता है।

### पूरे होंगे सभी काम

रविवार के दिन लाल चंदन का तिलक लगाकर ही घर से बाहर निकलें। मान्यता है कि इससे आप जिस भी कार्य के लिए बाहर जा रहे हैं उसके सफल होने की पूरी संभावना होती है।

### सुख-समृद्धि के लिए

जीवन में सुख-समृद्धि और यश पाने के लिए, रविवार के दिन पीपल के पेड़ के नीचे आटे का एक चौमुखी दीपक जलाएं। ध्यान रहें इसके लिए आप सरसों के ही तेल का उपयोग करें।

### ये रंग पहनना है शुभ

सूर्य देव को लाल रंग पसंद है। इस दिन लाल रंग का कपड़ा पहनना भी शुभ माना जाता है और आप लाल रंग का कपड़ा दान भी कर सकते हैं। इस दिन सुबह उठकर नहाने इसके बाद लाल रंग का वस्त्र धारण कर के सूर्य देव की पूजा करें।



# सुख-समृद्धि के लिए घर में जरूर लगाएं ये पौधा

## भगवान शंकर को है बहुत प्रिय,आक के आयुर्वेदिक फायदे

आक के पौधे की कई आयुर्वेदिक फायदे हैं। इसके रस का इस्तेमाल दवाई बनाने में किया जाता है। इसका फूल और पत्ता दोनों महादेव को बहुत प्रिय है। घर में इसे लगाने से सुख-समृद्धि में काफी वृद्धि होती है। आक एक औषधीय गुणों वाला पौधा है। इसके अनेकों धार्मिक महत्व भी है। आयुर्वेदिक डॉक्टर मनीष शर्मा ने बताया कि मदार, स्वेतार्क, और अर्क भी कहा जाता है। आक का पौधा राजस्थान में बहुत अधिक मात्रा में पाया जाता है। यह पौधा बंजर पड़ी जगह और खेत की मेड़ पर उगता है। आक के पत्ते मोटे, हरे और ओवल आकार के होते हैं। इसके फूल छोटे, सफेद या बैंगनी रंग के होते हैं। सफेद आक को धार्मिक और औषधीय दृष्टि से अधिक पवित्र माना जाता है। आयुर्वेदिक डॉक्टर मनीष शर्मा ने बताया कि इसके तने और पत्तियों से निकलने वाला सफेद रस विषैला होता है। इसका उपयोग आयुर्वेदिक दवाओं में किया जाता है। सफेद आक के पौधे की पत्ती बरगद के पत्तों की तरह ही मोटी होती है। पत्तियां जब पक जाती हैं और झड़ने के लिए तैयार हो जाती हैं तो वे पीली हो जाती हैं। इसके फूल छोटे होते हैं और गुच्छों में दिखाई देते हैं। फूलों पर रंगीन रेखाएं हो सकती हैं लेकिन मूल रूप से ये सफेद रंग के होते हैं।

इसका फल आकार में आम के फल के समान होता है और सफेद कपास जैसी संरचनाओं से भरे होते हैं। आयुर्वेदिक डॉक्टर ने बताया कि आक के रस का उपयोग दाद, खुजली, और अन्य त्वचा रोगों में होता है। इसकी जड़ का पाउडर पेट के कीड़े मारने और पाचन सुधारने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। आक के पत्तों को जलाकर उसके धुएं का उपयोग अस्थमा और खांसी के लिए किया जाता है। इसके पत्तों को हल्का गर्म करके जोड़ों के दर्द पर रखा जाता है। आक के पौधे के अनेकों धार्मिक महत्व भी हैं। इसके फूलों का उपयोग भगवान शिव की पूजा में होता है। इसे धार्मिक कार्यों में पवित्र और शुभ माना जाता है। पंडित अनिल शर्मा ने बताया आंक के पौधे में भगवान गणेश का वास माना जाता है। आंक के पेड़ घर में लगाना बहुत ही शुभ माना जाता है। यह जीवन में सुख समृद्धि आती है। इससे जुड़े कुछ उपाय करके व्यक्ति शनिदेव की कृपा भी प्राप्त करता है। पंडित अनिल शर्मा ने बताया कि आक का पौधा घर के अग्नि कोण यानी कि दक्षिण पूर्व के बीच दक्षिण या उत्तर दिशा में लगाया जा सकता है। इसके अलावा घर में सफेद आक का पौधा मुख्य गेट के पास या सामने लगाना चाहिए या फिर घर के बाहर गेट के पास रख सकते हैं।



# यूपी के इस मंदिर में है गुप्त खजाना

## 167 साल पुरानी है कहानी, आज भी लगती है भक्तों की भीड़

उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के विकासखंड करनैलगंज के सकरौरा में एक ऐसा मंदिर स्थित है, जिसके बारे में कहा जाता है कि यहां पर अंग्रेजों का खजाना आज भी मौजूद है। लोकल 18 से बातचीत के दौरान मंदिर का पुजारी तिलकराम तिवारी बताते हैं कि 1981 से वो मंदिर की सेवा कर रहे हैं। इस मंदिर का निर्माण नवाब वाजिद अली शाह के समय हुआ था। यहां शंकर जी की आराधना की जाती है। इस मंदिर का नाम है श्री आशुतोष त्रयंबकेश्वर महादेव मंदिर। दूर दराज से श्रद्धालु दर्शन के लिए यहां आते हैं। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग इस मंदिर में गुप्त खजाना छिपा होने की बात कहते हैं। कई बार कुछ लोगों ने चोरी से जमीन की खुदाई भी की लेकिन उनके हाथ कुछ नहीं लग सका।

### मंदिर और खजाने की कहानी

कहा जाता है कि इस शिव मंदिर के पास कहीं अंग्रेजों का खजाना छिपा हुआ है। यह खजाना 1857 की क्रांति के दौरान छुपाया गया माना जाता है, जब अंग्रेजों को यहां से भागना पड़ा था। कई स्थानीय लोगों का मानना है कि इस खजाने में सोने-चांदी के सिक्के और अन्य बहुमूल्य वस्तुएं शामिल हो सकती हैं। हालांकि, यह मात्र लोककथा है और अब तक किसी आधिकारिक शोध या खुदाई में इसका प्रमाण नहीं मिला है।

### क्या है मंदिर का धार्मिक महत्व

तिलक राम तिवारी ने बताया कि यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है और यहां शिव भक्तों की बड़ी संख्या दर्शन के लिए आती है। श्रावण मास और महाशिवरात्रि के दौरान यहां विशेष पूजा-अर्चना और मेलों का आयोजन होता है।

### पूजा करते से पूरी होती है मनोकामना

स्थानीय लोग मानते हैं कि यहां पूजा करने से भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है और मनोकामनाएं पूरी होती हैं। क्योंकि यहां पर भगवान भोलेनाथ का पंचमुखी शिवलिंग मौजूद है। तिलकराम तिवारी बताते हैं कि भगवान भोले का दो मंदिर के साथ-साथ इस परिसर में गायत्री मंदिर का भी निर्माण कराया गया है। 1981 में इस मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया।

# इस समुदाय में लिए जाते हैं 7 की जगह सिर्फ 4 फेरे

## इसके पीछे की कहानी भी है बड़ी रोचक



हिन्दू धर्म में विवाह व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। वहीं दुनियाभर में होने वाले विवाह की अपेक्षा यह काफी अलग होता है और इसमें कई सारी रस्मों को निभाया जाता है। इनमें सबसे खास माने जाते हैं सात फेरे। ऐसा कहा जाता है 7 फेरे 7 जन्मों का साथ होता है। लेकिन कई स्थान ऐसे हैं जहां 7 की जगह सिर्फ 4 फेरे ही लिए जाते हैं। पंडित जी कहते हैं कि, फेरों के संबंध में पारस्कार गृहसूत्र और यजुर्वेद में भी सिर्फ 4 फेरों का ही उल्लेख मिलता है, जिसके साथ 7 वचन लिए जाते हैं। लेकिन, लोकाचार में फेरों की संख्या कई बार बढ़ने के बाद 4 से 7 हो गई। लेकिन आज भी कई स्थनों पर सिर्फ 4 फेरे ही लिए जाते हैं।

### विवाह के 4 फेरों का महत्व

सिख समुदाय की शादी सिर्फ 4 फेरे लेने के साथ ही संपन्न हो जाती है और ऐसा माना जाता है कि 4 फेरों में वर और वधू वैवाहिक जीवन से जुड़े पहलुओं के बारे में जान लेते हैं। सिख समुदाय में शादी दिन में होती है और इस दौरान दुल्हन के पिता केसरी रंग की पगड़ी पहनते हैं। इस पगड़ी का एक सिरा दूल्हे के कंधे पर और दूसरा सिरा दुल्हन के हाथ में दिया जाता है। वहीं दूल्हा और दुल्हन गुरु ग्रंथ साहिब को बीच में रखकर चार फेरे लेते हैं। इसमें पहले के 3 फेरों में दुल्हन आगे रहती है और दूल्हा पीछे। वहीं आखिरी फेरे में दूल्हा आगे होता है और दुल्हन पीछे।

### क्या है 4 फेरों का अर्थ?

सिख समुदाय में 4 फेरों के साथ संपन्न होने वाले विवाह में पहला फेरा धर्म के मार्ग पर चलने की सीख देता है। इसमें बताया जाता है कि, वैवाहिक जीवन में धर्म से कभी भी समझौता नहीं करना चाहिए। वहीं दूसरे फेरे में सीमित धन में सुखी रहने और ज्ञान के बारे में बताया जाता है। तीसरे फेरे में काम से अवगत कराया जाता है, जबकि चौथे फेरे में वर-वधु को मोक्ष के बारे में बताया जाता है।

# स्त्री में इन 4 गुणों का होना वरदान के समान मानते हैं आचार्य चाणक्य, इनसे विवाह करके घर बन जाता है स्वर्ग

चाणक्य नीति में कई ऐसी बातें लिखी गई हैं जो हमारे जीवन को सुधारने का और हमें सही दिशा दिखाने का काम करती हैं। इसके साथ ही स्त्री-पुरुष के गुण और अवगुणों की जानकारी भी आचार्य चाणक्य ने दी है। ऐसे में आज हम आपको बातने वाले हैं कि, आचार्य चाणक्य ने स्त्री के किन गुणों को बेहद खास माना है। इन गुणों का स्त्री में होना घर को स्वर्ग के सामान बना देता है। ऐसी स्त्रियों से जो भी पुरुष विवाह करता है उसके जीवन में हमेशा सुख-समृद्धि बनी रहती है। आचार्य चाणक्य के अनुसार, स्त्री का जीवन में कोई न कोई लक्ष्य अवश्य रखना चाहिए। जो स्त्रियां लक्ष्य विहीन होती हैं वो व्यर्थ की बातों में अपना समय बर्बाद कर देती हैं, इससे उनके घर परिवार पर भी बुरा असर पड़ता है। वहीं जो स्त्रियां किसी लक्ष्य के साथ जीवन में आगे बढ़ती हैं, वो बेवजह की बातों में समय बर्बाद नहीं करती। ऐसी स्त्रियां स्पष्ट सोच वाली और घर परिवार को व्यवस्थित रखने वाली होती हैं। विवाह के बाद ऐसी स्त्रियां, पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलती हैं। इसलिए स्त्रियों में यह गुण अवश्य होना चाहिए। हर शख्स के जीवन में कभी न कभी बुरा समय जरूर आता है। अक्सर बुरे समय में आपके करीबी भी आपसे नाता छुड़ा लेते हैं। ऐसे में अगर आपको ऐसी स्त्री मिल जाए जो हर परिस्थिति में डटकर आपके साथ खड़ी हो, तो इससे बेहतर और कुछ नहीं हो सकता। इसीलिए आचार्य चाणक्य के अनुसार, मुश्किल स्थिति में भी जीवनसाथी का साथ निभाने वाली स्त्री, विपरीत समय में भी हंसकर आपका साथ देनी वाली स्त्री को चाणक्य बहुत अच्छा पार्टनर मानते हैं। ऐसा साथी अगर किसी को मिल जाए तो उसको धरती पर ही स्वर्ग सी अनुभूति हो सकती है। जो स्त्रियां अपने जीवनसाथी की सूरत नहीं बल्कि उनके गुणों पर ध्यान देती हैं, वो भी पारिवारिक जीवन को सुखद और संपन्न बनाकर रखती हैं। उम्र ढलने के साथ भले ही आपके रंग रूप में परिवर्तन आए लेकिन आपके गुण हमेशा आपके पास रहते हैं, इसलिए आचार्य चाणक्य के अनुसार, ऐसी स्त्री से ही रिश्ता जोड़ना चाहिए जो आपके गुणों पर ध्यान दे ना कि आपकी सूरत या आपके धन पर। ऐसी स्थिति कभी आपका साथ नहीं छोड़ती। अगर स्त्री अपने जीवनसाथी की उपलब्धियों पर गर्व करती है और साथी की कमियों को बताकर उन्हें दूर करने के लिए प्रेरित करती है, तो समझ जाइए वो एक सच्ची जीवन साथी है। ऐसी स्त्रियां अगर किसी गलत शख्स से भी रिश्ता जोड़ लेती हैं, तब भी ये उन्हें सही राह पर ला सकती हैं। इन गुणों वाली महिला के साथ विवाह करके पुरुष का घर-परिवार सुख शांति से रहता है।

# महाभारत में किन दो योद्धाओं ने जी सबसे लंबी जिंदगी: क्या था इसका राज, क्या रही पांडवों की उम्र

**ये दोनों योद्धा धृतराष्ट्र से भी कहीं पहले पैदा हो गए थे**

**इन दोनों योद्धाओं की मृत्यु महाभारत युद्ध या उसके आसपास हुई**

**पांडवों ने युद्ध के बाद हस्तिनापुर पर करीब 36 सालों तक राज किया**

महाभारत में दो योद्धाओं ने सबसे लंबी जिंदगी जी। इनकी जिंदगी इतनी लंबी थी कि उन्होंने अपनी जिंदगी में तीन पूरी पीढ़ियों को पैदा होते और खत्म होते देखा। चौथी पीढ़ी भी उनके सामने जवान हो रही थी। ये दोनों योद्धा महाभारत के महान योद्धा थे। इनकी लंबी जिंदगी का आखिर राज क्या था। इनका खाना पीना या कुछ और। इसमें कृष्ण को शामिल नहीं किया गया है। इन्होंने 100 सालों से ऊपर की जिंदगी जी। पुख्ता तौर पर उनकी कुल उम्र क्या थी, ये हम आगे बताएंगे लेकिन उनकी इस लंबी उम्र का रहस्य आध्यात्मिकता, दैवीय आर्शीवाद, अनुशासन, योग और खानपान से जुड़ा हुआ है। आज भी दुनिया में तमाम लोग आध्यात्मिकता, योग, खानपान और अनुशासन के जरिए 100 सालों से ऊपर का जीवन जी रहे हैं। हम आपको ये भी बताएंगे कि महाभारत में उनके अलावा अन्य खास योद्धा और पांडवों ने कितनी लंबी आयु पाई।



### कौन थे ये दो महान योद्धा

आइए पहले जान लेते हैं कि ये दो महान योद्धा कौन थे, जिन्होंने उस दौर में सबसे लंबा जीवन जिया। ये थे द्रोणाचार्य और भीष्म। दोनों की उम्र 120 साल के आसपास थी। दोनों शायद और लंबा जीते, अगर वो महाभारत के युद्ध में मारे नहीं गए होते। हालांकि भीष्म को तो इच्छा मृत्यु का वरदान मिला था। लिहाजा उन्होंने महाभारत के युद्ध में बुरी तरह घायल होने के बाद लड़ाई खत्म होने के करीब 20 दिन बाद प्राण त्यागे।

### क्या था लंबी जिंदगी का रहस्य

महाभारत में भीष्म और द्रोणाचार्य जैसे पात्रों की दीर्घायु के पीछे कई वजहें थीं। जो खासतौर पर उनकी जीवनशैली से ज्यादा जुड़ी थीं। द्रोणाचार्य की लंबी जिंदगी का रहस्य उनके योग, एक्सरसाइज, युद्ध कलाओं का अभ्यास और पवित्र शिक्षक की जिंदगी में था। भीष्म के बारे में महाभारत और शास्त्रों में ये कहा गया कि उनकी आयु 110 से 120 सालों के बीच थी। द्रोणाचार्य की लंबी जिंदगी का रहस्य उनके योग, एक्सरसाइज, युद्ध कलाओं का अभ्यास और पवित्र शिक्षक की जिंदगी में था। दोनों योद्धाओं ने ताजिंदगी कड़े अभ्यास वाला जीवन जिया। दोनों ने अपने कर्तव्यों का पालन किया। उनका जीवन कड़ी अनुशासित जीवन शैली वाला था। द्रोणाचार्य मार्शल आर्ट के मास्टर और एक समर्पित शिक्षक थे, जिसने उनकी शारीरिक फिटनेस और मानसिक पैनेपन में योगदान दिया। उनके जीवन में भी संतुलित पोषण शामिल था।

### भीष्म की जीवनशैली तपस्वियों वाली थी

भीष्म की तपस्वी जीवनशैली ने भी वर्षों तक उनके स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस युग में आहार संबंधी आदतों पर भी काफी जोर दिया जाता था। आहार प्रथाएं प्राकृतिक और पौष्टिक खाद्य पदार्थों पर जोर देने वाली थीं, जिनके बारे में माना जाता था कि वे स्वास्थ्य और दीर्घायु को बढ़ावा देती हैं। भीष्म की आजीवन ब्रह्मचर्य की भी प्रतिज्ञा की हुई थी।

### रोजाना आध्यात्मिक अभ्यास

दोनों ही रोजाना के जीवन में आध्यात्मिक अभ्यास करते थे, जो उनके शरीर को निरोग रखता था। महाभारत युग को अक्सर ऐसे युग के रूप में माना जाता है, जहां लोग कम प्रदूषण, स्वस्थ रहने की स्थिति और मानसिक और शारीरिक अनुशासन पर ज़ोर देने के कारण लंबा जीवन जी सकते थे। ये कहा जाता है कि उस समय के लोग 100 साल की उम्र में भी उतने ही स्वस्थ हो सकते थे, जितने आज 70 साल के लोग हैं।

### इनसे ज्यादा लंबे समय जीवन भी किसी ने जिया

महाभारत महाकाव्य के लेखक और ऋषि व्यास के बारे में माना जाता है कि वो इससे भी अधिक समय तक जीवित रहे। उनकी उम्र शायद 130 वर्ष की थी। व्यास की मां भी सत्यवती थीं और पिता ऋषि पाराशर। उनके जन्म की एक अलग कहानी है।

### क्या खाते पीते थे भीष्म

महाभारत से संबंधित जानकारी देने वाली किताबें कहती हैं कि भीष्म ने शायद ताजिंदगी सात्विक आहार का पालन किया, जिसमें ताजे फल, सब्जियां, साबुत अनाज, मेवे और घी और दूध जैसे डेयरी उत्पाद शामिल हैं। प्राचीन ग्रंथों में आहार में संयम के सिद्धांतों पर जोर दिया गया था। भीष्म ने संयम से भोजन करने का अभ्यास किया होगा। अधिक खाने से परहेज किया होगा, जो स्वास्थ्य को बनाए रखने और ज्यादा खाने से जुड़ी जुड़ी बीमारियों को रोकने के मामलों में अहम माना जाता है। किताबें कहती हैं कि भीष्म अनुष्ठान के अलावा खानपान में मांस के सेवन के पक्ष में नहीं थे।

# नीतू सिंह के साथ कैसा है आलिया का रिश्ता? रिद्धिमा का खुलासा

आलिया भट्ट ने अपने अभिनय से दर्शकों का दिल बखूबी जीता है। अपनी अभिनय प्रतिभा से अलग वह उम्दा इंसान भी हैं। उनकी इस



खूबी के कायल उनके ससुराल वाले भी हैं। हाल ही में आलिया की ननद यानी रणबीर कपूर की बहन रिद्धिमा साहनी ने अपनी भाभी की जमकर तारीफ की है। साथ ही उन्होंने नीतू सिंह के साथ आलिया की बॉन्डिंग को लेकर भी बात की। रिद्धिमा ने बताया कि मुश्किल वक्त में आलिया हमेशा उनके साथ रही हैं।

### मुश्किल वक्त में आलिया ने दिया परिवार का साथ

रिद्धिमा साहनी ने हाल ही में बताया कि आलिया भट्ट परिवार के मुश्किल वक्त में साथ खड़ी रहीं। उन्होंने बताया कि जब उनके पिता ऋषि कपूर इलाज के लिए गए और उसी दौरान उनकी दादी का निधन हो गया। तब आलिया न केवल उनके साथ रहीं, बल्कि उन्होंने सारे इंतजाम भी निजी तौर पर किए। रिद्धिमा ने कहा कि आलिया का यह साथ बहुत मददगार साबित हुआ। रिद्धिमा ने मां नीतू सिंह के साथ आलिया की बॉन्डिंग पर बात करते हुए कहा कि दोनों के बीच बहुत अच्छा रिश्ता है और प्यारा है। उन्होंने कहा कि आलिया जो कुछ भी करती हैं, पूरे दिल से करती हैं।

### भाभी की तारीफ में कही ये बात

रिद्धिमा कपूर साहनी ने आलिया भट्ट के साथ अपने रिश्ते पर भी बात की। उन्होंने अपनी भाभी की तारीफ करते हुए कहा, 'पापा इलाज के लिए चले गए और अगली सुबह ही मेरी दादी का निधन हो गया। तब आलिया ने सचमुच सबकुछ किया। वह मेरे साथ आई, खाने का इंतजाम किया। पूरे वक्त मेरे साथ रहीं। वह वाकई कमाल की हैं। रिद्धिमा ने जूम के साथ बातचीत के दौरान यह बातें कहीं। रिद्धिमा ने इस बात की भी तारीफ करती दिखीं कि आलिया कितनी सहजता से कपूर परिवार के साथ जुड़ गईं। उन्होंने कहा, 'वह मेरी मां के साथ भी बहुत प्यारी हैं'।

### आलिया के परिवार को बताया शानदार

रिद्धिमा साहनी ने आलिया भट्ट ही नहीं, उनके पूरे परिवार की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि आलिया की मां, पिता, बहन और यहां तक कि उनकी मौसी सभी लोग बहुत प्यारे हैं। उनके अच्छे व्यवहार पर बात करते हुए रिद्धिमा ने कहा कि आलिया हर काम पूरे दिल से करती हैं।

### कहा- 'एकदम डॉल है'

रिद्धिमा से जब उनके उस वायरल वीडियो के बारे में पूछा गया, जिसमें उन्होंने आलिया को 'डॉल जैसी' बताया। दरअसल, पैप्स ने रिद्धिमा से आलिया को लेकर पूछा था कि कैसी हैं? तब रिद्धिमा ने कहा, 'एकदम डॉल है'। अपने उस वीडियो को याद करते हुए रिद्धिमा ने कहा, 'आलिया सच में डॉल हैं और सुपरस्टार होने के अलावा एक बहुत प्यारी इंसान भी हैं'।

# गहरे शोध के बाद सामने आई 'द साबरमती रिपोर्ट': एकता कपूर

विक्रांत मैसी की फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रही है। हालांकि, फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ रहा है। गोधरा कांड पर बनी इस फिल्म को देश के प्रधानमंत्री से लेकर बड़े-बड़े नेताओं से सराहना मिल रही है। हाल ही में फिल्म की निर्माता एकता कपूर ने फिल्म पर किए



गए गहन शोध के बारे में बात की। आइए जानते हैं निर्माता ने फिल्म को लेकर क्या कहा?

### शोध में बिताए एक साल

एएनआई से बातचीत में निर्माता एकता कपूर ने 'द साबरमती रिपोर्ट' को लेकर कहा, हमने इस घटना पर एक साल तक शोध किया। मैंने अपने दोस्तों से दुर्घटना के बारे में पूछा, लेकिन किसी को भी साबरमती में क्या हुआ था, इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। उन्होंने आगे कहा, हमने पिछले शोध की समीक्षा करने और उन निष्कर्षों की तथ्य-जांच करने में एक साल बिताया। उसके बाद ही हमने फिल्म बनाने का काम शुरू किया। इसलिए मुझे इस फिल्म को बनाने पर गर्व है, जो इसके पीछे की सच्चाई को उजागर करती है।

### देशभर के दिग्गजों का मिला समर्थन

गोधरा कांड पर आधारित इस फिल्म ने हलचल मचा दी है। फिल्म को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर देश के कई बड़े नेताओं की सराहना मिल रही है। साथ ही उनके लिए फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग भी रखी जा रही है। गुरुवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ फिल्म देखी, जबकि उत्तर प्रदेश के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' भी स्क्रीनिंग में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साई और उपमुख्यमंत्री अरुण साओ ने रायपुर में एक विशेष स्क्रीनिंग के दौरान फिल्म देखी। उत्तर प्रदेश में भी फिल्म को टैक्स-फ्री घोषित किया गया है। गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कलाकारों के साथ स्क्रीनिंग में भाग लिया।

### इन राज्यों में टैक्स फ्री हुई फिल्म

फिल्म को देश के कई राज्यों में टैक्स फ्री कर दिया गया है। द साबरमती रिपोर्ट को उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, राजस्थान और हरियाणा में कर मुक्त किया गया है, ताकि दर्शक इस फिल्म का लुत्फ उठा सके। फिल्म में विक्रांत मैसी राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा मुख्य भूमिकाओं में हैं।

# ऐश्वर्या-अभिषेक के तलाक की खबरों के बीच अमिताभ की पोस्ट

## कहा- परिवार पर कम बोलता हूं, लोग ऐसी अफवाह फायदे के लिए उड़ाते हैं

ऐश्वर्या-अभिषेक की तलाक की खबरों के बीच अमिताभ बच्चन ने गुरुवार को अपने परिवार और निजी मुद्दों को अपने सोशल मीडिया पर एक खूबसूरत पोस्ट किया था।



ब्लॉग में शेयर किया। उन्होंने लिखा, 'मैं परिवार के बारे में बोलने से बचता हूं, लेकिन कुछ लोग इन मुद्दों को अपने फायदे के लिए उड़ाते हैं।' अमिताभ ने पोस्ट में बेटे-बहू का जिक्र तो नहीं किया है, लेकिन उनकी पोस्ट को तलाक के मुद्दे से जोड़ा जा रहा है।

दरअसल ऐश्वर्या ने बुधवार देर रात बेटी आराध्या के 13वें बर्थडे सेलिब्रेशन की तस्वीरें शेयर कीं। आराध्या का जन्मदिन 16 नवंबर को था। इसके सेलिब्रेशन में बच्चन परिवार से कोई भी शामिल नहीं हुआ। फोटो सामने आईं तो ऐश्वर्या-अभिषेक के तलाक की खबरों ने फिर तूल पकड़ लिया। कुछ घंटे बाद अमिताभ का ब्लॉग सामने आया।

### ऐश्वर्या ने अमिताभ बच्चन को किया था विश

1 नवंबर को ऐश्वर्या राय ने अपना 51वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। इस मौके पर न तो अभिषेक बच्चन ने उन्हें सोशल मीडिया पर बधाई दी और न ही बच्चन परिवार के किसी दूसरे सदस्य ने। हालांकि, 11 अक्टूबर को अमिताभ बच्चन के 82वें बर्थडे पर ऐश्वर्या ने उनके लिए

### परिवार का करीबी सूत्र बोला- तलाक की खबरें अफवाह

कुछ दिन पहले कई रिपोर्ट्स में अभिषेक और एक्ट्रेस निमृत कौर की लिंकअप की खबरों का जिक्र था। इस पर एक्टर के करीबी सूत्र का कहना था कि यह सारी बातें महज अफवाह हैं। अभिषेक और ऐश्वर्या राय तलाक नहीं ले रहे हैं। अभिषेक इस मुद्दे पर सफाई इसलिए नहीं दे रहे हैं, क्योंकि उन्हें किसी भी तरह के विवाद से दूर रहने के लिए कहा गया है।

कैसे तलाक की खबरों ने पकड़ा तूल?

जुलाई में अभिषेक बच्चन अपने परिवार के साथ अनंत-राधिका की शादी का हिस्सा बने थे। रेड कार्पेट पर अभिषेक का पूरा परिवार मौजूद था, हालांकि उस समय ऐश्वर्या और बेटी आराध्या उनके साथ नहीं थीं। अभिषेक के पहुंचने के कुछ समय बाद ऐश्वर्या रेड कार्पेट पर बेटी के साथ पहुंचीं और पैपराजी को पोज दिए। अलग-अलग एंट्री लेने के साथ-साथ वो पूरी शादी में साथ नहीं दिखे। इसके बाद ऐश्वर्या राय अपनी बेटी के साथ वैकेशन पर गई थीं, तब भी उनके साथ अभिषेक मौजूद नहीं थे।

# 'बिग बॉस 18' में बतौर गेस्ट नजर आएंगी हिना खान : कंटेस्टेंट को करेंगी मोटिवेट

## ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं एक्ट्रेस



एक्ट्रेस हिना खान 'बिग बॉस 18' में खास मेहमान बनकर नजर आएंगी। आज यानी की 22 नवंबर को वह 'वीकेंड का वार' एपिसोड के लिए शूट करेंगी। अपने मजबूत पर्सनालिटी और प्रेरणादायक सफर के लिए जानी जाने वाली हिना घर के कंटेस्टेंट्स को मोटिवेशन और पॉजिटिविटी का मैसेज देंगी।

हिना और सलमान खान के बीच गहरा रिश्ता है। 'बिग बॉस 11' के दौरान सलमान ने उनकी स्ट्रॉन्ग पर्सनालिटी की कई बार तारीफ की थी। उस सीजन में हिना ने अपने गेम और बेबाक अंदाज से सभी को इम्प्रेस किया था। सलमान और हिना को एक बार फिर 'बिग बॉस' के मंच पर साथ देखना ऑडियंस के लिए खास पल होगा।

कुछ महीने पहले हिना ने अपनी ब्रेस्ट कैंसर की स्टेज-3 की बात सबके सामने रखी थी। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी जर्नी शेयर की। उनकी कहानी हर उस इंसान के लिए प्रेरणा है, जो मुश्किल हालातों का सामना कर रहा है। ऑडियंस उम्मीद कर रहे हैं कि वह घर के कंटेस्टेंट्स को अपने एक्सपीरियंस से प्रेरित करेंगी और शो के उतार-चढ़ाव से डील करने की सलाह देंगी। हिना का बिग बॉस के साथ पुराना और खास रिश्ता रहा है। 'बिग बॉस 11' में वह पहले रनर-अप रहीं। उनके कॉन्फिडेंस और गेम प्लान ने फैंस का दिल जीता था। इस बार, मेहमान के तौर पर उनकी वापसी दर्शकों के लिए खास होगी।

हालांकि, हिना हाल ही में फैशन शोज में रैंप वॉक करती नजर आई थीं और उनकी हिम्मत को खूब सराहा गया। लेकिन यह उनकी पहली ऑन-स्क्रीन वापसी होगी। मेकर्स को उम्मीद है कि 'बिग बॉस 18' में उनकी मौजूदगी न केवल शो को खास बनाएगी बल्कि उनके फैंस के लिए भी प्रेरणा का काम करेगी।

# तलाक के बाद एआर रहमान ने साझा की पहली पोस्ट, जाहिर की इस बात की खुशी

संगीतकार एआर रहमान ने मंगलवार रात अपने प्रशंसकों को तब चौंका दिया जब उन्होंने और उनकी पत्नी सायरा बानो ने शादी के 29 साल बाद अलग होने की घोषणा की। अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर साझा किए गए उस पोस्ट के बाद रहमान अब तक चुप्पी साधे हुए हैं। हालांकि, शुक्रवार की सुबह संगीतकार ने अलगाव के बाद अपनी पहली सोशल मीडिया पोस्ट साझा की। इस पोस्ट में संगीतकार को खुशी जाहिर करते देखा गया है।

### एआर रहमान को मिली बड़ी जीत

दरअसल, एआर रहमान ने गुरुवार को एक बड़ी जीत हासिल की। उन्होंने मलयालम फिल्म 'द गोट लाइफ' में अपने काम के लिए हॉलीवुड म्यूजिक इन मीडिया अवार्ड्स 2024 में सर्वश्रेष्ठ स्कोर-विदेशी भाषा फिल्म का पुरस्कार जीता। इसी को लेकर रहमान ने अपनी खुशी जाहिर करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया।



### 'द गोट लाइफ' के लिए जीता अवॉर्ड

एआर रहमान ने आधी रात के बाद एक्स पर हॉलीवुड म्यूजिक इन मीडिया अवार्ड्स में विजेताओं की पूरी सूची पर एक बिलबोर्ड लेख साझा किया। उन्होंने इसके साथ लिखा, 'स्कोर- इंडिपेंडेंट फिल्म (विदेशी भाषा), द गोट लाइफ- एआर. रहमान।' पोस्ट को देखकर प्रशंसकों और साथी कलाकारों ने संगीतकार को बधाई दी। कई लोगों ने कहा कि इससे उन्हें 'ऑस्कर 2025' में सम्मानित किए जाने का मार्ग प्रशस्त हो गया।

### वीडियो जारी कर दिया धन्यवाद

गुरुवार शाम को रहमान ने एक वीडियो भी जारी किया। इसमें वह फिल्म की टीम और प्रशंसकों को उनके साथ खड़े रहने के लिए धन्यवाद देते नजर आए। उन्होंने कहा, 'एक विदेशी भाषा की फिल्म द गोट लाइफ के लिए सर्वश्रेष्ठ स्कोर का यह पुरस्कार प्राप्त करना एक अविश्वसनीय सम्मान है। मैं स्कोर को मान्यता देने के लिए हॉलीवुड म्यूजिक एंड मीडिया अवार्ड्स का बहुत आभारी हूं। यह प्रोजेक्ट प्यार का परिणाम था, और मैं इस पल को संगीतकारों और तकनीशियनों की अपनी अद्भुत टीम, निर्देशक ब्लेसी और उन सभी लोगों के साथ साझा करता हूं जो हमारे द्वारा जीवन में लाए गए दृष्टिकोण पर विश्वास करते थे।'

### रहमान-सायरा की शादी, अलगाव

यह पुरस्कार रहमान और उनकी पत्नी सायरा बानो द्वारा अलग होने की घोषणा के एक दिन बाद दिया गया है। रहमान और सायरा ने साल 1995 में शादी की और उनके तीन बच्चे हैं। मंगलवार की रात रहमान ने एक नोट जारी किया जिसमें लिखा था, 'हमें ग्रैंड थर्टी तक पहुंचने की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा लगता है कि सभी चीजों का एक अनदेखा अंत होता है। यहां तक कि भगवान का सिंहासन भी टूटे हुए दिलों के वजन से कांप सकता है। फिर भी, इस बिखराव में हम अर्थ तलाशते हैं। हमारे दोस्तों, आपकी दयालुता के लिए और इस नाजुक दौर से गुजरते समय हमारी निजता का सम्मान करने के लिए धन्यवाद।'

# स्वरा भास्कर ने ट्रोलर्स को लगाई फटकार

## पहनावे को लेकर किया गया था ट्रोल, बोलीं- पता नहीं था यह नेशनल लेवल की बहस का मुद्दा बनेगा

पिछले कुछ दिनों से स्वरा भास्कर को उनके पहनावे को लेकर ट्रोल



किया जा रहा है। अब इस मुद्दे पर स्वरा ने अपनी राय रखी है और ट्रोलर्स की फटकार भी लगाई है। दरअसल, पिछले कुछ हफ्तों से स्वरा भास्कर की फोटो मौलाना सज्जाद नोमानी के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इन फोटोज में स्वरा को सूट पहने और सिर पर दुपट्टा रखे देखा गया है। इन फोटोज के सामने आते ही स्वरा ट्रोलर्स के निशाने पर आ गईं। ट्रोलर्स ने उनके पहनावे पर तंज कसा और उन्हें 'रूढ़िवादी' कहकर मजाक उड़ाना शुरू कर दिया।कुछ लोगों ने स्वरा को डबल स्टैंडर्ड का भी टैग दिया। लोगों का कहना था कि स्वरा ने ऐसे मौलाना से मुलाकात की, जिन्होंने महिलाओं की शिक्षा के लेकर गलत बयान दिया था।

स्वरा अपने पति फहाद अहमद के साथ मौलाना नोमानी से मिलने उनके ऑफिस गई थीं। उनसे मिलने के बाद फहाद ने सोशल मीडिया हैंडल पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'जनाब हजरत मौलाना सज्जाद नौमानी साहब की खिदमत में हाजिर हुए और उन्होंने हमे खूब दुआओं से नवाजा।'

### लोग बोले- मुस्लिम से शादी के बाद बदला पहनावा

स्वरा भास्कर की इन फोटोज पर लोग कहने लगे कि मुस्लिम से शादी करने के बाद उनकी लाइफ स्टाइल पूरी तरह बदल गई है। पहले वो कैसे रहती थीं और अब सिर पर दुपट्टा रखना शुरू कर दिया है।

### स्वरा ने पोस्ट कर दिया जवाब

स्वरा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शादी के बाद की कुछ फोटोज शेयर करते हुए लिखा, 'मुझे अहसास नहीं था कि शादी के बाद मेरे पहनावे और लाइफ स्टाइल को लेकर नेशनल लेवल की बहस छिड़ जाएगी।

संघी कीड़ों को ज्यादा चारा देने के लिए शादी के बाद की मेरी कुछ और तस्वीरें भी हैं। मुझे खेद है कि फहाद अहमद एक रूढ़िवादी मुस्लिम पति के स्टीरियोटाइप में फिट नहीं बैठते।'

# वरुण धवन ने लिंकडिन पर बनाया प्रोफाइल, खुद को बताया- 'अभिनेता, निवेशक, असिस्टेंट डायरेक्टर'

बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन ने प्रोफेशनल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म लिंकडिन ज्वाइन किया है। अभिनेता ने 21 नवंबर को लिंकडिन पर नए चैप्टर की शुरू किया है। अपने एक्टिंग करियर को लेकर वरुण धवन ने कुछ बातें भी साझा की हैं। आइए आपको बताते हैं कैसी है वरुण धवन की प्रोफाइल।

### वरुण धवन ने लिखी ये बात

वरुण धवन ने लिंकडिन पर लिखा, सभी को नमस्कार। मैं इस समुदाय में शामिल होने के लिए उत्साहित हूं। एक दशक से ज्यादा समय से फिल्म उद्योग में काम करने वाले व्यक्ति के तौर पर, मुझे कड़ी मेहनत, टीमवर्क और लगातार विकसित होने के महत्व के बारे में बहुत कुछ सीखने का सौभाग्य मिला है।

### वरुण धवन ने खुद को बताया अभिनेता

इस प्लेटफॉर्म में वरुण धवन ने खुद को 'अभिनेता, निवेशक,



असिस्टेंट डायरेक्टर' बताया है। साथ ही यहां 300 करोड़ रुपये की 'मेगा हिट' फिल्मों में काम करने और कंटेंट-संचालित सिनेमा में कदम रखने के उनके अनुभव पर प्रकाश डाला गया है। उन्होंने बताया कि स्टूडेंट ऑफ द ईयर, बदलापुर और भेड़िया जैसी फिल्मों में काम किया है।

### साझा करेंगे कुछ खास चीजें

वरुण ने अपनी पोस्ट में कहा कि वे कुछ खास चीजें इस पेज पर साझा करना चाहेंगे, जो भी उन्होंने अपने करियर में अब तक सीखा है। वरुण धवन ने कहा, डायरेक्टर, अपने सह-कलाकरों से जो भी सीखा है, वो भी जल्द लिंकडिन पर साझा करेंगे। वरुण धवन ने कहा, अगर मैंने कुछ सीखा है, तो वह यह है कि सीखने के लिए हमेशा कुछ नया होता है, चाहे आप अपने करियर में कहीं भी हों। मैं उन सभी चीजों के बारे में यहां बात करने के लिए उत्साहित हूं।

### सिटाडेल में नजर आए वरुण धवन

अभिनेता वरुण धवन की फिल्म सिटाडेल हाल ही में ओटीटी पर रिलीज हुई है। इस फिल्म में सामंथा के साथ वे स्क्रीन साझा करते नजर आ रहे हैं। वरुण धवन की फिल्म को प्रशंसकों का प्यार मिल रहा है। 'सिटाडेल हनी बनी' 7 नवंबर को ओटीटी पर रिलीज हुई।

इस फिल्म के ट्रेलर से 90 के दशक की रोमांचक और दिलचस्प स्पाई थ्रिलर की झलक नजर आ रही है। इस फिल्म के ट्रेलर को प्रशंसक काफी पसंद कर रहे हैं। वरुण और सामंथा फिल्म में जासूस का किरदार निभा रहे हैं।

# शाहरुख खान ने की शुरुआती दिनों की याद, 'माता-पिता मेरे लिए चिंतित होंगे इसलिए मैंने मेहनत की

शाहरुख खान अक्सर अपने माता-पिता को लेकर बातें करते हैं। शाहरुख खान ने अपने माता-पिता के निधन के बाद अपने करियर को संवारा है। शाहरुख खान ने बातचीत के दौरान बताया कि उन्हें अपने करियर में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा था।

### ऐसे हुई करियर की शुरुआत

शाहरुख खान ने हाल ही में दुबई में ग्लोबल समिट में याद किया कि वे वैज्ञानिक बनने के लिए पढ़ाई कर रहे थे, फिर मैं इकोनॉमी पढ़ना चाह रहा था। मेरे पास रुपये नहीं था फिर मैंने मास कम्यूनिकेशन की पढ़ाई की। फिर मैंने मास्टर किया। फिर टीवी भारत में आ गया। मैंने इसमें काम किया और मुझे 1500 रुपये मिले। मुझे समझ आ गया कि ये काम है और मैंने काम करना शुरू कर दिया।

### माता-पिता आकाश से देखते हैं

शाहरुख खान 14 साल के थे, जब उनके पिता की मृत्यु हो गई। वे 24 साल के थे जब उनकी माता का निधन हो गया। अपने पिता को खोना दुखद था, लेकिन माता-पिता दोनों का न होना और भी दुख दाई होता है।



शाहरुख खान ने कहा कि वे मेरे माता पिता किसी तारे की तरह चमक रहे हैं, वे देख रहे हैं। मैं कभी न कभी उनसे जरूर मिलूंगा।

### माता-पिता के लिए सोचकर किया ये काम

शाहरुख खान ने कहा, मैं कभी सोचता हूं कि क्या वे मुझे लेकर चिंतित होंगे। जब 24 साल की उम्र में मैं अनाथ हो गया, वे सोचते होंगे अब ये कैसे रहेगा इसलिए मैंने बहुत मेहनत से काम किया। मैं सफलता पाकर आगे बढ़ता चला गया। मैं नहीं चाहता कि मेरे माता पिता मुझे लेकर चिंतित हों।

### अपने बच्चों के लिए सोचते हैं ये बात

मेरा चीजों को देखने का नजरिया थोड़ा अजीब है। अब मैं अपने बच्चों को लेकर चिंतित रहता हूं। उन्हें अच्छा स्वास्थ्य खुशी मिलनी चाहिए, जैसे वे जीते हैं। मेरे तीनों ही बच्चे बहुत ही खूबसूरत, प्यारे और परिश्रमी हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो शाहरुख खान अपनी बेटी सुहाना खान के साथ फिल्म 'किंग' में नजर आने वाले हैं।



# निर्मला सीतारमण ने दिया 'ब्रांड भारत' बनाने का मंत्र

## अगर मान गए बात तो आपकी तरक्की पक्की



नई दिल्ली, 23 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को एक कॉन्क्लेव में बातचीत करते हुए कहा कि अगर हम 'ब्रांड भारत' बनाना चाहते हैं, तो हमें सही क्या है, इस बारे में पश्चिम के फरमानों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम हजारों साल से वस्तुओं का उत्पादन कर रहे हैं, शोषण की बात कभी नहीं उठी। और अचानक एक पारंपरिक उद्योग जैसे, मान लीजिए, कालीन बनाने के काम के लिए आपको पश्चिम के खरीदारों से एक फरमान आया कि आप इन कालीनों को बनाने के लिए बच्चों का इस्तेमाल कर रहे हैं। हम इसे आपसे नहीं खरीदेंगे।

**सीतारमण ने दिया ये मंत्र**

सीतारमण ने कहा कि भारत में परिवार बच्चों को स्कूली शिक्षा से वंचित किए बिना शिल्पकार बनाने में लगे हुए हैं, क्योंकि जब तक शिल्प बहुत कम उम्र में नहीं सीखा जाता है, एक शिल्पकार कभी इसमें महारत हासिल नहीं कर सकता। ऐसे में हमें खड़े होकर कहना होगा कि हम उनकी शिक्षा का ख्याल रखते हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर नैतिक उत्पादन के लिए जिस तरह के कदम उठाने की जरूरत है, वे हमारी तरफ से अपने आप होने चाहिए, न कि पश्चिमी फरमानों के जारी होने के बाद किए जाने चाहिए।

**इस बात पर दिया ध्यान**

सीतारमण ने यह भी कहा कि हमारे मंदिरों और हमारे प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का महत्व अभी की तुलना में बहुत अधिक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों को यह बताने की जरूरत है कि प्राचीन काल से ही विज्ञान में भारत की ताकत अटूट रही है। सीतारमण ने कहा कि भारत के पास 'सुश्रुत संहिता' जैसे प्राचीन ग्रंथों की बदौलत ज्ञान का समृद्ध भंडार है। ये प्राचीन भारत के ब्रांड हैं, जिनका हम आज भी उल्लेख करते हैं।

**सरकार जल्द कर सकती है ऐलान**

कुछ दिन पहले ही निर्मला सीतारमण ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स बताया था कि मोदी सरकार मिडिल क्लास के लिए जल्द कुछ अच्छा ऐलान कर सकती है।

उन्होंने अपने पोस्ट में जवाब देते हुए कहा था कि मैं आपकी समझ और सराहना के लिए धन्यवाद करती हूं। महंगाई की आपकी चिंता को मैं समझती हूं। पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार एक जवाबदेही वाली सरकार है जो लोगों की बात सुनती और उन पर ध्यान देती है। आपका इनपुट हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

# अब शादी के साथ मिलेगी नौकरी भी, इस मैट्रिमोनी साइट ने शुरू की सर्विस



नई दिल्ली, 23 नवंबर (एजेंसियां)। भारत में दो मुद्दे सबसे बड़े हैं, पहला है नौकरी और दूसरा है शादी। ये दोनों ही आसानी से नहीं पूरे होते हैं। किसी को नौकरी नहीं मिलती है तो किसी की शादी नहीं होती है। इसी बात को ध्यान में रखकर दो दशक पहले मैट्रिमोनी डॉट कॉम की शुरुआत हुई और यहां लोगों को अपनी पसंद के लड़का-लड़की से शादी करने का मौका मिला।अब मैट्रिमोनी डॉट कॉम ने इससे हटकर नई शुरुआत की है। कंपनी अब शादी के लड़का-लड़की ढूंढने के अलावा आपकी नौकरी ढूंढने में भी मदद करेगी। इसके लिए कंपनी ने मेनीजॉब्स डॉट कॉम के नाम से एक अलग प्लेटफार्म शुरू किया है।वैवाहिक संबंध जोड़ने वाला मंच मैट्रिमोनी डॉट कॉम ने मैनीजॉब्स डॉट कॉम की शुरुआत के साथ घरेलू नौकरी बाजार उद्योग में प्रवेश किया है। मैट्रिमोनी डॉट कॉम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मुरुगावेल जानकीरमन ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी ने दो दशक से अधिक समय से वैवाहिक सेवाएं देने के बाद संभावित नौकरी चाहने वालों को ध्यान में रखकर मैनीजॉब्स डॉट कॉम मंच शुरू किया है। यह शुरुआत में तमिल और अंग्रेजी भाषाओं में उपलब्ध होगा।उन्होंने कहा, करीब दो दशक तक वैवाहिक सेवाएं देने के बाद पहली बार हम एक पूर्ण नौकरी मंच मैनीजॉब्स डॉट कॉम शुरू कर रहे हैं, जो पूरी तरह से एक अलग सेगमेंट है। यह नौकरी चाहने वालों के लिए भारत का पहला ग्रे कॉलर यानी दफ्तर और कारखानों में नौकरियों की जानकारी देने वाला मंच होगा।तमिलनाडु के उद्योग मंत्री टीआरबी राजा ने शहर में एक कार्यक्रम में मेनीजॉब्स डॉट कॉम की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने कहा, मैं उम्मीद करता हूं कि मैनीजॉब्स डॉट कॉम तमिलनाडु में ढेरों नौकरियों का सृजन करेगा।

# मस्क का दावा- जेफ बेजोस को उम्मीद थी की ट्रंप चुनाव हारेंगे; अमेजन संस्थापक बोले- 100 फीसदी सच नहीं



नई दिल्ली, 23 नवंबर (एजेंसियां)। जेफ बेजोस और अरबपति एलन मस्क के बीच तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। दरअसल, मस्क ने सोशल मीडिया पर बेजोस पर निशाना साधते हुए कहा था कि उन्होंने लोगों को टेस्ला और स्पेसएक्स के अपने शेयर इसलिए बेचने की सलाह दी थी क्योंकि उन्हें डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी चुनाव हारने की उम्मीद थी। हालांकि, कुछ ही घंटे बाद अमेजन के संस्थापक ने इस दावे का खंडन कर दिया था।

**इस बयान पर विवाद**

टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने गुरुवार को बताया कि उन्हें हाल ही में पता चला कि मार-ए-लागो में जेफ बेजोस सभी से कह रहे थे कि ट्रंप निश्चित तौर पर हार जाएंगे। इसलिए अपने टेस्ला और स्पेसएक्स स्टॉक को बेच देना चाहिए। इस पर द वाशिंगटन पोस्ट और एयरोस्पेस दिग्गज ब्लू ओरिजिन के भी मालिक ने दावे को सिरे से नकार दिया। अरबपति ने कहा, 'नहीं, यह 100 फीसदी सच नहीं है।'
वहीं मस्क ने हंसने वाली इमोजी के साथ तपाक से जवाब दिया, 'अच्छा, ठीक है फिर, तब मैं सही हूं।'

**ट्रंप को दी थी राष्ट्रपति चुनाव जीतने की बधाई**

गौरतलब है, जेफ बेजोस का छह नवंबर के बाद यह पहला ट्वीट है, जब उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप को बधाई देने के लिए माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म पर अपनी चार महीने की चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा, 'हमारे 45वें और अब 47वें राष्ट्रपति को असाधारण राजनीतिक वापसी और निर्णायक जीत पर बहुत-बहुत बधाई। हम सभी ट्रंप को अमेरिका का नेतृत्व करने और एकजुट करने में सफलता की कामना करते हैं।'

**इस वजह से भी सुर्खियों में रह चुके हैं**

इससे पहले, बेजोस उस समय सुर्खियों में छा गे थे, जब उन्होंने एलान किया था कि वाशिंगटन पोस्ट राष्ट्रपति पद के लिए समर्थन नहीं किया करेगा। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट में कहा गया था कि उन्होंने कमला हैरिस का समर्थन करने की योजना बनाई थी। जबकि बेजोस का कहना था कि मीडिया में विश्वास बहाल करने में मदद करने के लिए कार्रवाई आवश्यक थी।

# अमेरिकी अभियोजकों ने दाखिल किया रिश्वत का ब्योरा, सागर के मोबाइल फोन में घूस का पूरा विवरण




नई दिल्ली, 23 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी न्याय विभाग ने दिग्गज भारतीय कारोबारी गौतम अदाणी व अन्य पर सौर ऊर्जा अनुबंधों के लिए 2,236 करोड़ रुपये की रिश्वत देने के आरोपों के समर्थन में कुछ दस्तावेज अदालत को सौंपे हैं। इनमें बताया है कि गौतम अदाणी के भतीजे सागर अदाणी रिश्वत की पाई-पाई का हिसाब अपने मोबाइल फोन में रखते थे। किस अधिकारी को कितनी रिश्वत दी गई, उसके बदले में वह अपने क्षेत्र के लिए कितनी मेगावाट सौर ऊर्जा खरीदेगा, 2020 से अब तक का पूरा चिट्ठा सागर के मोबाइल नोट्स में सुरक्षित था।

**दाखिल दस्तावेज में रिश्वत का चिट्ठा दिया नाम**

अमेरिकी अभियोजकों ने कोर्ट में दाखिल दस्तावेज में इस हिसाब को 'ब्राइब नोट्स' यानी रिश्वत का चिट्ठा नाम दिया है। इन दस्तावेजों में यह भी कहा गया कि सागर ने अनुबंध हासिल करने के लिए प्रति मेगावाट रिश्वत की दर तय कर रखी थी। इनमें सागर के एक व्हाट्सएप चैट का भी जिक्र है, जिसमें पूछा गया कि 2020 से रिश्वत का खेल कैसा चल रहा है। जवाब में सागर ने बताया, हां...पर इन बातों को छिपाना बहुत मुश्किल है। अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग ने भी गौतम, सागर व अन्य के खिलाफ एक समानांतर सिविल मामला दायर किया है। एजेंसी सागर ने ही तैयार किया अदाणी ग्रीन का सौर व पवन ऊर्जा पोर्टफोलियो ब्राउन यूनिवर्सिटी, आइवी लीग कॉलेज से पढ़ाई पूरी करने के बाद सागर अदाणी 2015 में कारोबार में शामिल हुए। अदाणी ग्रीन एनर्जी के संपूर्ण सौर व पवन ऊर्जा पोर्टफोलियो को 30 वर्षीय सागर ने तैयार किया है। कंपनी की वेबसाइट के मुताबिक वर्तमान में अदाणी ग्रीन एनर्जी के सभी रणनीतिक और वित्तीय मामले सागर अदाणी के नियंत्रण में हैं। अमेरिकी अदालत में मामला बीते दो वर्षों में अदाणी समूह के लिए दूसरा बड़ा झटका है।

**अमेरिकी अभियोजकों का दावा**

अमेरिकी अभियोजकों ने दावा किया कि सागर ने अपने मोबाइल फोन में जो लेखा-जोखा दर्ज किया है उसमें सरकारी अधिकारियों के नाम संक्षिप्त शीर्षकों से कोड में लिखे गए हैं। 25 फरवरी, 2021 को एक व्हाट्सएप चैट में जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ छत्तीसगढ़ को ग्रीन पावर का संभावित खरीदार बताया। सागर ने लिखा, आपको बता दें कि हमने मंजूरी के लिए कीमत दोगुनी कर दी है। सागर ने जुलाई 2021 में ओडिशा के सरकारी अफसरों को 500 मेगावाट बिजली खरीदने के लिए राजी होने के बदले हजारों डॉलर की रिश्वत देने की बात लिखी है।

अगस्त 2021 में गौतम व सागर ने कई बैठकों के बाद 7,000 मेगावाट के बिजली सौदे के बदले में सीएम सहित आंध्र प्रदेश सरकार के अफसरों को घूस की पेशकश की। रिश्वत 1,750 करोड़ रुपये (लगभग 20 करोड़ डॉलर) थी। सागर खेल में शामिल अन्य लोगों से घूस में दी रकम को वापस वसूलने में भी अहम भूमिका निभाता था।

**अदाणी ग्रीन ने कमाए थे 422 करोड़**

अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) की शिकायत पर दायर केस के अनुसार, वर्ष 2020 की शुरुआत में सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने अदाणी ग्रीन एनर्जी और एक अन्य कंपनी एज्यूर पावर ग्लोबल को 12-गीगावाट सौर ऊर्जा परियोजना के लिए अनुबंध दिया था। सागर संचालित अदाणी ग्रीन एनर्जी के लिए यह एक बड़ा कदम था। एसईसी शिकायत के अनुसार, उस समय तक कंपनी ने अपने इतिहास में करीब 422 करोड़ (50 मिलियन) कमाए थे और कंपनी ने उस समय तक इतना लाभ नहीं कमाया था। हालांकि बाद में रुकावटें आने लगीं।

**2022 में भेजा था एज्यूर को समान्य पत्र**

अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार, 2022 में जांच शुरू करने के बाद सीईसी ने 17 मार्च, 2022 को एज्यूर को एक सामान्य जांच पत्र भेजा था। एज्यूर उस समय न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध था। पत्र में उससे हालिया अनुबंधों के बारे में पूछा गया था और पूछा गया था कि क्या विदेशी अधिकारियों ने कोई मूल्यवान चीज मांगी है।

# टमाटर से बनेगी शराब, एडिबल शीट्स भी होंगी तैयार!

## स्टार्टअप्स के नए आइडिया को मिली केंद्र से फंडिंग




नई दिल्ली,23 नवंबर (एजेंसियां)। प्याज की कीमतों पर काबू पाने के लिए पहली बार नासिक से दिल्ली, लखनऊ, गुवाहाटी सहित देश के प्रमुख शहरों में ट्रेन से प्याज भेजने के साथ केंद्र सरकार टमाटर के मामले में भी नए कदम उठा रही है। खेतों से बाजार तक टमाटर लाने में होने वाली बर्बादी घटाने और सप्लाई चेन को बेहतर करने के मोर्चे पर कंज्यूमर अफेयर्स मिनिस्ट्री ने टोमैटो ग्रैंड चैलेंज हैकाथॉन कराया। इसमें से 28 स्टार्टअप्स के अच्छे आइडिया को चुनकर उनको अपना बिजनेस बढ़ाने के लिए पैसा दिया गया। कंज्यूमर अफेयर्स सेक्रेटरी निधि खरे ने बताया कि पिछले साल एजुकेशन मिनिस्ट्री के साथ मिलकर जून में शुरू किए गए टीजीसी के तहत 1376 आइडिया आए थे। इनमें 28 स्टार्टअप्स चुने गए और 14 आइडिया के पेटेंट हो चुके हैं।

**एक से बढ़कर एक आइडिया**

निधि खरे ने बताया कि एक स्टार्टअप ने टमाटर से शराब बनाने का आइडिया पेश किया। दूसरी टमाटर से एडिबल शीट्स तैयार कर रही है। टीजीसी में फूड प्रोसेसिंग के लिए हाइब्रिड फोटो कैटालिक सोलर ड्राइंग टेक्नीक और टमाटर को जल्द खराब होने से बचाने के लिए स्मार्ट पोर्टेबल फ्रूट प्रिजर्वेशन सिस्टम बनाने से लेकर स्टोरेज तक से जुड़े आइडिया चुने गए।एक स्टार्टअप ने जीरो एनर्जी कूलिंग चैंबर यूनिट बनाई है, जिसमें टमाटर एक से दूसरी जगह ले जाने में ठंडा रखने के लिए बाहरी एनर्जी की जरूरत नहीं पड़ती। खरे ने कहा कि टीजीसी से जो आइडिया सामने आए हैं, उनसे टमाटर की सप्लाई चेन को बेहतर बनाने और बर्बादी घटाने के साथ उपभोक्ताओं और किसानों को फायदा होगा।

**दो लाख लाख टन से ज्यादा टमाटर का उत्पादन**

अक्टूबर में फूड इंफ्लेशन 10.87% पर पहुंच गई थी, जो पिछले साल जुलाई के बाद इसका सबसे ऊंचा स्तर है। वहीं, सब्जियों में महंगाई दर 42.2% के साथ 57 महीनों के ऊंचे स्तर पर पहुंच गई थी। कृषि मंत्रालय के तीसरे अग्रिम अनुमान के मुताबिक, 2023-24 में 213,20 लाख टन टमाटर उत्पादन का अनुमान है, जो 2022-23 के मुकाबले 4% अधिक होगा।

**अभी क्या है टमाटर और प्याज की कीमत?**

खुदरा बाजार में अभी टमाटर महंगा मिल रहा है।

बाजार में टमाटर की कीमत 50 से 80 रुपये प्रति किलो है। वहीं प्याज 50 से 70 रुपये प्रति किलो मिल रही है। हालांकि कई जगह टमाटर और प्याज की कीमत 90 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है।

# इस हफ्ते सोने-चांदी में रही तेजी: सोना 4,048 रुपए महंगा होकर 77,787 रुपए पर पहुंचा, चांदी 90,850 रुपए प्रति किलो बिक रही



नई दिल्ली, 23 नवंबर (एजेंसियां)। इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में बढ़त देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 16 नवंबर को सोना 73,739 रुपए पर था, जो अब (23 नवंबर) को 77,787 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 4,048 रुपए बढ़ी है। वहीं, चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को 87,103 रुपए पर थी, जो अब 90,850 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस तरह इस हफ्ते इसकी कीमत 3,747 रुपए बढ़ी है। वहीं 23 अक्टूबर को चांदी ने 99,151 रुपए और 30 अक्टूबर को सोने ने 79,681 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**महानगरों सोने की कीमत**

**दिल्ली:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,150 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 79,790 रुपए है।

**मुंबई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,000 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 79,640 रुपए है।

**कोलकाता:** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 73,000 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 79,640 रुपए है।

**चेन्नई:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,000 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 79,640 रुपए है।

**भोपाल:** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 73,050 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 79,690 रुपए है

**हैदराबाद:** सोने(गोल्ड) का रेट 24 कैरेट के लिए 78,820 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट के लिए 72,250 रुपये है।

**जून तक 85 हजार रुपए तक जा सकता है सोना**

केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि एक बड़ी रैली के बाद सोने में गिरावट आनी थी, वह आ चुकी है। कीमत 74 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम से नीचे आने की गुंजाइश कम है। अमेरिका के बाद यूके ने ब्याज दरों में कटौती की है। इससे गोल्ड ईटीएफ की खरीदारी बढ़ेगी। ऐसे में अगले साल 30 जून तक सोना 85 हजार10 ग्राम तक पहुंच सकता है।

# ट्रेन में पानी की बोतल पर वसूला जा रहा था ओवरचार्ज, यात्री ने कर दी 139 पर शिकायत, कैटरिंग कंपनी पर भारी जुर्माना

नई दिल्ली,23 नवंबर (एजेंसियां)। रेलवे के हेल्पलाइन नंबर 139 पर कॉल करके एक शिकायत पर न केवल तुरंत एक्शन लिया गया, बल्कि कैटरिंग कंपनी पर भारी जुर्माना भी लगाया गया। दरअसल, पूजा एक्सप्रेस ट्रेन में कैटरिंग स्टाफ यात्रियों से पानी की बोतल की कीमत एमआरपी से ज्यादा ले रहा था। एक यात्री इसकी शिकायत कर देता है। तुरंत एक्शन शुरू हो जाता है। नतीजा कंपनी को न केवल उन यात्रियों के अतिरिक्त पैसे वापस करने पड़ते हैं, जिन्होंने पानी की बोतल खरीदी थी, बल्कि इस कंपनी पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया जाता है। घटना 12 नवंबर की है। इस ट्रेन के थर्ड एसी कोच में कुछ लोग यात्रा कर रहे होते हैं।

सफर के दौरान कैटरिंग स्टाफ का एक मेंबर पानी की बोतल लेकर आता है। वह इस बोतल को 20 रुपये में बेच रहा होता है। वहां बैठे यात्री जब स्टाफ मेंबर से ओवर चार्जिंग की शिकायत करते हैं तो वह कहता है, '5 रुपये हमें भी चाहिए। हम ट्रेन में घूमते हैं।'

# कौन हैं सोरोस के लिए काम कर चुके स्कॉट बेसेन्ट? जिन्हें ट्रंप ने वित्त मंत्री पद के लिए चुना



वाशिंगटन, 23 नवंबर (एजेंसियां)। नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घाटे में कमी और विनियमन के पक्षधर और धन प्रबंधक रहे स्कॉट बेसेन्ट को अपना अगला वित्त मंत्री चुना है। बेसेन्ट पहले डेमोक्रेट्स के रहे हैं, बाद में वे ट्रंप के समर्थन में उतार आए। वे ट्रम्प के पहले कार्यकाल में कांग्रेस की ओर से स्वीकृत कर कटौती को आगे बढ़ाते हुए खर्चा घटाने पक्षधर रहे हैं। यदि सीनेट उनके नाम पर मुहर लगा देती है, तो वे देश के अगले वित्त मंत्री होंगे। ट्रम्प के दानदाता और सलाहकार बनने से पहले, बेसेन्ट ने 2000 के दशक की शुरुआत में विभिन्न डेमोक्रेटिक उद्देश्यों के लिए भी दान दिया। उन्होंने विशेष रूप से अल गोर के राष्ट्रपति पद के अभियान में अपना योगदान दिया था। उन्होंने डेमोक्रेट के एक प्रमुख समर्थक जॉर्ज सोरोस के लिए भी काम किया।सोरोस के लंदन स्थित निवेश परिचालन में भी बेसेन्ट की प्रभावशाली भूमिका थी। 1992 में पाउंड के विरुद्ध उन्होंने एक प्रसिद्ध दांव लगाया था। जिसके कारण ब्लैक वेडनसडे के दिन उन्हें भारी मुनाफा हुआ, उस दौरान पाउंड को अन्य यूरोपीय मुद्राओं से अलग कर दिया गया था। वह नियमित रूप से घाटे में कमी की वकालत करते हैं, साथ ही ट्रम्प की कर कटौती को बढ़ाने का भी समर्थन भी करते हैं।बेसेन्ट ने 2017 के कर कटौती और रोजगार अधिनियम के प्रावधानों को बढ़ाने का समर्थन किया है, जिस पर ट्रम्प ने अपने कार्यकाल के पहले वर्ष में हस्ताक्षर करके इसे कानून बना दिया था।विभिन्न आर्थिक विश्लेषणों के अनुसार विभिन्न कर कटौतियों की लागत 10 वर्षों में लगभग 6 ट्रिलियन डॉलर से 10 ट्रिलियन डॉलर के बीच है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य -दक्षिणायन- ऋतु -हेमन्त
महावीर निर्वाण संवत -2051, हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
सूर्योदय - 06-29
सूर्यास्त. - 17-35
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत-1955885125

| ग्रह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सूर्य- | वृश्चिक | मे |
| चंद्र- | सिंह | मे |
| मंगल | कर्क | मे |
| बुध- | वृश्चिक | मे |
| गुरु- | वृष | मे |
| शुक्र- | धनु | मे |
| शनि- | कुंभ | मे |
| राहु- | मीन | मे |
| केतु- | कन्या | मे |

| लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|
| वृश्चिक- | 05-54 | बजे |
| धनु---- | 08-08 | बजे |
| मकर... | 10-13 | बजे |
| कुंभ-- | 12-04 | बजे |
| मीन-- | 10-42 | बजे |
| मेष--- | 15-18 | बजे |
| वृष--- | 17-03 | बजे |
| मिथुन- | 19-04 | बजे |
| कर्क--- | 21-15 | बजे |
| सिंह--- | 23-28 | बजे |
| कन्या-- | 01-35 | बजे |
| तुला--- | 03-40 | बजे |

दिशाशूल -- पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
तिथि- नवमी 22-20 तक उपरान्त दशमी
मास - मार्गशीर्ष कृष्ण , रविवार 24 November
नक्षत्र - पूर्वाफाल्गुनी 22-16 तक उपरान्त उ.फाल्गुनी
योग - वैधृति 12-17 तक उप विष्कुंभ
करण- तैतिल 09-05 तक उप गर
विशेष:- व्रत -त्योहार - श्री जाम्बोजी पुण्य दिवस:

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 16:15 से 17:38 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | 06:29 - 07:51 | अशुभ | शुभ.. | 17:35 - 19:15 | शुभ |
| चंचल. | 07:51 - 09:15 | शुभ | अमृत | 19:15 - 20:51 | शुभ |
| लाभ | 09:15 - 10:39 | शुभ | चंचल | 20:51 - 22:27 | शुभ |
| अमृत | 10:39 - 12:03 | शुभ | रोग. | 22:27 - 24:03 | अशुभ |
| काल. | 12:03 - 13:27 | अशुभ | काल.. | 00:03 - 01:39 | अशुभ |
| शुभ. | 13:27 - 14:51 | शुभ | लाभ. | 01:39 - 03:16 | शुभ |
| रोग. | 14:51 - 16:15 | अशुभ | उत्पात | 03:16 - 04:52 | अशुभ |
| उत्पात | 16:15 - 17:35 | अशुभ | शुभ | 04:52 - 06:29 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,) अपने घर से जुडी किसी अच्छी खबर के लिए तैयार रहें । निवास स्थान में बदलाव संभव है या नया घर खरीदने की योजना को अंतिम रूप दे सकते हैं । अपनी सकारात्मक ऊर्जा का लाभ उठायें ।अगर आप कुछ समय से अपने घर या इसके किसी हिस्से को को नया रूप देने के बारे में सोच रहे हैं तो यह समय इसके लिए बहुत अच्छा है ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,) आप हंसी-मजाक के मूड में हैं । अपनी इस विशेषता को बनाएं रखें जो आपको मुश्किल समय में भी चिंतामुक्त रखती है । आप अपनी सक्रिय प्रवृति के कारण एक बिजनेस डील हासिल करने में कामयाब होंगे । कोई आपसे प्रोत्साहन चाहता है.उसके मेंटर बन जाएँ ।अपने करीबियों के साथ अच्छा वक़्त गुजरेगा ।| मछली खाते हुए सावधान रहें ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,) आपमें समर्पण की अद्भुत भावना आ गयी है । आपको परिवार से जुडी कई जिम्मेदारियां निभानी हैं और आप ऐसा बहुत अच्छे से करेंगे । जीवन की चुनातियों से निपटने के लिए आप अपने कौशलों को निखारने और अपनी छुपी हुई क्षमता को बाहर लाने के प्रयासों में जुटे हुए हैं । आपका सफ़र मुश्किल हो सकता है लेकिन आप इसका हरेक पल आनंद लेंगे।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,) आप आज ऊर्जा से भरे हैं,आपके आकर्षण और कुशलता से आज घर-ऑफिस में सब प्रभावित होंगे । अपने दोस्तों या किसी ख़ास के साथ बाहर घुमने जाकर मजे करें । दिन शांत और तनावरहित रहेगा । आज अच्छा वित्तीय लाभ होने की सम्भावना तो बनी हुई है,लेकिन अपने खरीदारी के खर्चों पर भी नजर रखें ।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,) आज का दिन समृद्धि के एक नए कार्यक्रम को शुरू करने के लिए बहुत अच्छा है । अगर आप किसी नयी परियोजना के बारे में काफी सोचकर भी किसी नतीजे तक नही पहुंच पाए हैं तो आज शुरूकर लें,आज आप जो भी करना शुरू करेंगे ,सफलता जरुर मिलेगी । आज होने वाली घटनाओं से आपके वित्त सम्बन्धी नजरिये में भी बदलाव आएगा और नकारात्मकता कम होगी ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) आपका व्यक्तित्व प्रतिभाशाली और प्रभावी है ,जो आज आपके हितेषियों तथा विरोधियों सहित सबके सामने आएगा । अपने शुभचिन्तकों की बातों पर ध्यान दें और बाकी सब बातों की उपेक्षा कर दें । आपके बड़े आपका साथ देंगे और जीवन के महत्वपूर्ण लक्ष्यों पर ध्यान फोकस करने में आपकी मदद करेंगे ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,) यह समय दोस्तों के साथ हल्का –फुल्का समय गुजारने के लिए बहुत अच्छा है । कोई पार्टी करें या शाम को मस्ती के साथ गुजरें,आप पार्टी की जान बने रहेंगे । इस दौरान आप किसी ऐसे व्यक्ति से भी मिलेंगे जिसकी रुचियाँ आप जैसी होंगी और वो आप जैसे कार्यकलापों का आनंद लेगा । आपको अपनी क्षमता का अनुभव भी होगा ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,) आज आपके विचार उलझे और बिखरे हुए से हैं । आप एक साथ बहुत सारी बातों के बारे में सोच रहे हैं । इसका परिणाम यह होगा की आज कोई भी काम पूरा नही कर पायेंगे । ध्यान को केन्द्रित रखने की जरुरत है । थोडा सा मानसिक अभ्यास करें और दूसरों से सलाह ना लें क्योंकि अलग-अलग सलाह से आप और भी उलझते जायेंगे ।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे) घर पर पवित्रता का वातावरण बना रहेगा और चिंताएं नही रहेंगी । इसीलिए अपने परिवार के साथ रहें और खुशियाँ बाँटें ।आपको जीवन में निराशा से दो दो हाथ करने का नया तरीका निकलना होगा ,जो आपके भीतर कई कारणों से भरी हुई है । आपकी भीतरी शक्ति समाधान तलाशने में मदद करेगी ।

**मकर** (भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी) आज आपके लिए गंभीरता से मेहनत करने का दिन है । आप काफी लम्बे समय से लटक रहा एक काम संतोषजनक ढंग से पूरा करने में सफल रहेंगे । इससे आपके अफसर प्रभावित होंगे । आज आप पर किसी प्रसिद्ध व्यक्ति की भी नजर पड़ेगी और इस बात का आपके भविष्य पर काफी प्रभाव पड़ेगा ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,) आज आप अपने संपर्क में आने वाले हर व्यक्ति के साथ प्रेमपूर्ण व्यवहार करेंगे । कोई आपकी उदारता से प्रभावित होकर दिन के अंत तक आपसे अपनी भावना का इजहार कर सकता है हालाँकि अभी भी आपके मन में कडवे अनुभव भरे हुए हैं । लेकिन अब समय आ गया है की आप सारी नकारात्मकता को दूर करके एक नयी शुरुआत करें ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची) आपके मन में कुछ ऐसा चल रहा है जिससे आप परेशानी महसूस कर रहे हैं,आप पिछली कुछ बातों के बारे में सोचकर परेशान हैं ।अपने किसी करीबी दोस्त या सम्बन्धी के साथ अपनी भावनाएं बांटिये,आपको काफी अच्छा महसूस होगा । ये सारी घटनाएँ आपको मजबूत बनाने के लिए हैं ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# कल्पना-मंईयां से हारी भाजपा

रांची, 23 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड में हेमंत सोरेन की लगातार दूसरी बार सत्ता में वापसी तय हो गई है। शनिवार को आए चुनावी नतीजों में आईएनडीआईए ब्लॉक ने 81 सीटों में से 56 सीटों पर आगे है, जो बहुमत के आंकड़े 41 से 15 सीट अधिक है। आईएनडीआईए ब्लॉक में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) 33 और कांग्रेस 16, राजद 5 और भाकपा माले 2 सीटों पर आगे है। आईएनडीआईए अपने गढ़ संथाल और कोल्हान को बचाने में कामयाब रहा है। घुसपैठ और रोटी-बेटी-माटी के दम पर राज्य की सत्ता में वापसी का दंभ भरने वाली भाजपा 22 सीटों पर सिमट गई है। जो पिछली बार यानी 2019 से 3 सीट कम है।

आईएनडीआईए की जीत के पीछे कई फैक्टर रहे हैं, लेकिन सबसे बड़ा फैक्टर मंईयां सम्मान योजना और कल्पना सोरेन रहीं है। इसके अलावा जेएमएम ने टिकट बांटने में सावधानी बरती और अपने क्षेत्र में फोकस नेताओं को तरजीह दी। साथ ही विपक्ष को उसके घुसपैठ के मुद्दे में ही फंसा दिया।

## हेमंत का जेल जाना सत्ता के लिए बना रामबाण




**जेएमएम की जीत के कारण**

**मंईयां ने हेमंत की बचाई नैया**

राज्य की 81 में से 29 विधानसभा सीटों पर महिला वोटर पुरुष से अधिक हैं। यही कारण है कि चुनाव में आईएनडीआईए की मंईयां दीदी योजना की काट में भाजपा ने गोगी दीदी योजना लाने का वादा किया। मंईयां में महिलाओं को हर माह 2500 रुपए तथा गोगो दीदी में 2100 रुपए देने का वादा है।

यहां आईएनडीआईए को सत्ता में रहने का फायदा मिला, क्योंकि हेमंत सरकार ने चुनाव से पहले 1000 रुपए जारी कर दिया और चुनाव बाद 2500 करने का ऐलान कर दिया। इस पर महिलाओं ने ज्यादा भरोसा जताया। पहले चरण की वोटिंग के पहले रात में ही एक फंड और जार कर दिया। 29 महिला बहुल सीटों में से आईएनडीआईए 28 सीटों पर आगे है।

**कल्पना सोरेन का काट नहीं खोज पाई भाजपा**

पति हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद राजनीति में आईं कल्पना सोरेन ने अपने भाषण और पब्लिक कनेक्ट के तरीकों से लोगों को अपने पक्ष में कर लिया। आईएनडीआईए ब्लॉक के प्रत्याशियों में सबसे ज्यादा डिमांड कल्पना सोरेन की ही रही। उनकी सधी हुई भाषा और सहज, सरल अंदाज ने लोगों को जोड़ा। कल्पना ने 100 से अधिक जनसभा की। उन्होंने सिर्फ जेएमएम उम्मीदवारों के लिए ही चुनावी सभा नहीं की, बल्कि कांग्रेस-आरजेडी और भाकपा-माले के प्रत्याशियों के लिए भी वोट मांगा। वहीं, भाजपा को महिला नेता की कमी खली। लोगों के अंदर कल्पना के प्रति रुझान के कारण ही भाजपा उन पर सीधा हमला करने से बचती रही। पूरे चुनाव प्रचार में हेमंत सोरेन भाजपा को आदिवासी विरोधी बताने पर अड़े रहे।

# रायपुर दक्षिण उपचुनाव में सुनील सोनी की बड़ी जीत

## 46 हजार से अधिक वोटों से आकाश को हराया, धनेंद्र साहू बोले- जनता को पैसा चाहिए



रायपुर, 23 नवंबर (एजेंसियां)। रायपुर दक्षिण उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने बड़ी जीत दर्ज की है। सुनील सोनी ने कांग्रेस के आकाश शर्मा को 46,167 वोटों से हरा दिया है। सुनील सोनी को कुल 89,220 वोट मिले हैं। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी आकाश शर्मा के पक्ष में 43,053 वोट पड़े हैं। पोस्टल बैलेट से भाजपा को 161 और कांग्रेस को 76 वोट मिले। महापौर एजाज ढेबर और प्रमोद दुबे के वार्ड में भी भाजपा को लीड मिली। बीजेपी में जहां जश्न का माहौल है वहीं कांग्रेस भवन में सन्नाटा है। इस पर कांग्रेस नेता धनेंद्र साहू बोले- जनता को पैसा चाहिए। तस्वीर पहले राउंड से ही साफ हो गई थी। सुनील सोनी निर्णायक बढ़त की तरफ बढ़ रहे थे। बिल्कुल टक्कर की स्थिति नहीं दिख रही थी। हर राउंड में भाजपा आगे रही। वहीं आकाश शर्मा हर राउंड में पीछे रहे। जिस वक्त छत्तीसगढ़ में उपचुनाव हो रहे थे, ठीक उससे पहले पूरे प्रदेश में कांग्रेस के बड़े मुद्दे थे। इस पर उन्होंने सवाल भी उठाए लेकिन रायपुर दक्षिण में बृजमोहन अग्रवाल के नाम और भारतीय जनता पार्टी के निशान ने फिर काम कर दिया। सूरजपुर कांड, बलरामपुर कांड, बलौदाबाजार कांड, कवर्धा कांड समेत कई स्थानों पर कानून को लेकर कांग्रेस ने सवाल खड़े किए। रायपुर में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति बहुत खराब होने का मुद्दा उठाया, लेकिन कोई खास फर्क नहीं पड़ा। माना जा रहा था कि रायपुर दक्षिण में सुनील सोनी पहली पसंद नहीं थे। इसका कारण था कि सभी चाहते थे कि दूसरे चेहरे को मौका मिले। एक ही चेहरे को बार-बार मौका न दिया जाए। इस वजह से केदार गुप्ता, मीनल चौबे, मृत्युंजय दुबे जैसे कई नाम उम्मीदवारों में शामिल थे, लेकिन ये नाराजगी कहीं से भी बाहर नहीं आई, लेकिन बृजमोहन अग्रवाल सुनील सोनी के लिए लगे रहे।

# कृषि मंत्री रामविचार नेताम सड़क हादसे में घायल

## पिकअप से कार की टक्कर, ग्रीन-कॉरिडोर बनाकर लाया गया रायपुर, सिर-हाथ में चोट, पर खतरे से बाहर

रायपुर, 23 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ सरकार के कृषि मंत्री रामविचार नेताम शुक्रवार को सड़क हादसे में घायल हो गए। वे कवर्धा-बेमेतरा के रास्ते से रायपुर लौट रहे थे। तभी हाईवे में उनकी कार पिकअप से टकरा गई। मंत्री की गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है उनके सिर पर चोट आई है और बाएं हाथ में फ्रैक्चर है। हादसा रायपुर-बेमेतरा मार्ग पर जेवरा गांव के पास हुआ। गंभीर हालत में मंत्री राम विचार नेताम को रायपुर लाया गया है। उन्हें पचपेड़ी नाका स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समेत कई मंत्रियों ने अस्पताल पहुंचकर उनका हाल जाना। रामविचार नेताम से मिलने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि, चिंता की बात नहीं है। उनकी हालत सामान्य है। उनके साथ जो एक और शख्स से थे उन्हें थोड़ी ज्यादा चोट आई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने डॉक्टर को मंत्री के इलाज की तमाम तैयारियां करने के निर्देश दिए। रायपुर कलेक्टर और एसएसपी भी हालात को मॉनिटर कर रहे हैं। एंबुलेंस के जरिए ग्रीन कॉरिडोर तैयार कर मंत्री को रायपुर लाया गया। फिलहाल मंत्री नेताम की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। उनके सिर और हाथ में चोट लगी है। मंत्री राम विचार नेताम शुक्रवार को कवर्धा दौरे पर थे। यहां से वे रायपुर वापस आ रहे थे, इसी दौरान हादसे का शिकार हो गए। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लिखा कि, मैं प्रभु श्री राम से उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। 15 नवंबर को बिलासपुर में पूर्व मंत्री डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी की कार को तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से टक्कर मार दी थी। हादसे में पूर्व मंत्री बाल-बाल बच गए। उनके ड्राइवर ने मस्तूरी थाने में हादसे की शिकायत दर्ज कराई है। इस पर पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुट गई है। शुक्रवार की सुबह पूर्व मंत्री किसी काम से पचपेड़ी गए थे। सुबह करीब 11 बजे वे अपनी कार से बिलासपुर लौट रहे थे। उनकी कार जोंधरा चौक के पास पहुंची थी। इसी दौरान जांजगीर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी।

# प्रधान आरक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार

## एसीबी की कार्रवाई, 10 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा



दुर्ग, 23 नवंबर (एजेंसियां)। दुर्ग के स्मृति नगर पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक रामकृष्ण सिंन्हा को एसीबी ने रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी ने आरक्षक के पास से रिश्वत में लिए गए दस हजार रुपए जब्त कर लिए हैं।

दरअसल, छत्तीसगढ़ में एंटी करप्शन ब्यूरो ने रिश्वतखोरी के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया है। इसी के तहत ये कार्रवाई शुरू की गई है। एसीबी ने जनता से भ्रष्टाचार की शिकायतें दर्ज कराने की अपील की है।

जानकारी के मुताबिक प्रधान आरक्षक के खिलाफ दुर्ग के नेहरू नगर इलाके में रहने वाले एक बी फार्मा के छात्र ने शिकायत की थी। छात्र ने बताया था कि कुछ दिन पहले एक विवाद को लेकर उसके खिलाफ शिकायत की गई थी। इस प्रकरण को खत्म करने के एवज में छात्र से आरक्षक बीस हजार रुपए की मांग कर रहा था। जिसके बाद छात्र ने पूरे मामले की शिकायत एसीबी से की थी।

# सातवीं के छात्र का गला काटकर मर्डर

## सिर पर गहरे चोट के निशान, 2 स्टूडेंट्स से पूछताछ, एक ने लगा ली फांसी

कोरिया, 23 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में 7वीं के छात्र का गला काटकर मर्डर कर दिया गया। छात्र के सिर पर भी गहरे चोट के निशान मिले हैं। बताया जा रहा है कि पिछले 4 दिन से लापता था। जंगल में उसकी लाश मिली है। मौके से चाकू भी मिला है। मामला पटना थाना क्षेत्र के चंपाझर का है। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस ने मर्डर केस में 2 छात्रों को पूछताछ के लिए पटना थाने बुलाया था। पूछताछ के बाद उसमें से एक 14 वर्षीय छात्र ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

दरअसल, चंपाझर निवासी अमन सिंह (12) कक्षा सातवीं का छात्र था। 20 नवंबर को वह साइकिल से ब्रेड बेचने निकला, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रिश्तेदारों और स्कूल के दोस्तों से पूछताछ की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद छात्र के पिता रमेश सिंह ने 20 नवंबर की शाम पटना थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस एक्टिव हो गई। उससे जुड़े हर किसी से पूछताछ की, लेकिन कुछ खास पता नहीं चला।

22 नवंबर तक छात्र का पता नहीं चला तो परिजन और ग्रामीण थाने पहुंचे। पुलिस पर छात्र के गुमशुदगी मामले में कार्रवाई नहीं करने को लेकर आक्रोश जताया। पुलिस ने शुक्रवार को साथ में ब्रेड बेचने वाले ग्राम चंपाझर निवासी कक्षा नवमीं में अध्ययनरत छात्र परमेश्वर सिंह (14) और एक अन्य छात्र को पूछताछ के लिए पटना थाने बुलाया था।

पूछताछ में दोनों छात्रों ने गुमशुदा छात्र अमन सिंह के संबंध में जानकारी होने से इनकार किया तो पुलिस ने उन्हें शाम को छोड़ दिया। पूछताछ के बाद छोड़े गए छात्र परमेश्वर सिंह ने बीती रात अपने घर में फांसी लगा ली।

परिजनों ने सुबह छात्र परमेश्वर की लाश फंदे से झूलते देखा। उन्होंने फौरन पटना पुलिस और ग्रामीणों को मामले की जानकारी दी। छात्र के पिता सुशील सिंह ने बताया कि कि पुलिस पूछताछ के बाद परमेश्वर सिंह सहमा हुआ था। रात को वह सोने चला गया था। छात्र के सुसाइड के बाद पुलिस हरकत में आई। गुमशुदा छात्र अमन सिंह की साइकिल जिस मकान में मिली थी, उसके आसपास शनिवार को खोजबीन शुरू की गई।

# जॉइंट डायरेक्टर से दिनदहाड़े लूट

## बिलासपुर में 2 बाइक सवार छीनकर भागे थैला बेटी की शादी के लिए निकाले थे साढ़े 3 लाख

बिलासपुर, 23 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के जॉइंट डायरेक्टर से दिनदहाड़े लूट हो गई। बताया जा रहा है कि बाइक सवार लुटेरे 3 लाख 50 हजार रुपए लूटकर भाग गए। वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। लुटेरे अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। मामला सदर बाजार का है। मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित वैवाहिक आयोजन को लेकर गहने खरीदने आए थे। पैसों से भरा थैला लेकर पैदल चल रहे थे, तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार 2 युवकों ने उनका थैला छीन लिया। लूट की यह वारदात शहर के सबसे व्यस्ततम इलाका सदर बाजार में हुई है। दरअसल, सरकंडा के खमतराई में रहने वाले अवनीश सोनी कोनी स्थित आईटीआई के जॉइंट डायरेक्टर हैं। उनके परिवार में बेटी की शादी है। गुरुवार को वो अपने बेटे को लेकर मध्यनगरी चौक स्थित बैंक गए, जहां से 3 लाख 50 हजार रुपए निकालकर बेटे के साथ सदर बाजार पहुंचे। इस दौरान उनका बेटा कार में ही बैठा था। जॉइंट डायरेक्टर अवनीश सोनी को अचानक हुई इस घटना के बाद कुछ समझ नहीं आया। उन्होंने तत्काल शोर मचाते हुए घटना की जानकारी लोगों को दी, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। इस बीच बाइक सवार लुटेरे भाग निकले। भीड़भाड़ वाले बाजार में लूट की वारदात सामने आते ही पुलिस के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस की टीम ने शहर के अलग-अलग चौक-चौराहों पर नाकेबंदी भी की, लेकिन पुलिस लुटेरों को पकड़ने में नाकाम रही। सदर बाजार में पूरे दिन लोगों की भीड़ लगी रहती है। विशेषकर शाम को जाम की स्थिति बन जाती है, जिस समय लूट की वारदात हुई, उस समय भी बाजार में लोगों की चहल-पहल थी।

# बलरामपुर ट्रिपल मर्डर, मां-बेटी दोनों का था लव अफेयर

## मोख्तार और आरिफ ने कुल्हाड़ी-चाकू से मारा, गर्लफ्रेंड पर दूसरे लड़कों से संबंध का था शक

बलरामपुर, 23 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में मां, बेटी और बेटे की हत्या मामले में नया खुलासा हुआ है। आरोपी मोख्तार का झाड़-फूंक को लेकर उस परिवार में आना जाना था। इसी दौरान उसका महिला से प्रेम संबंध बन गया। वहीं आरोपी के भाई आरिफ का महिला की बेटी से प्रेम संबंध था। महिला की बेटी मुस्कान ने शादी से इनकार कर दिया था। इसके अलावा लड़की के दूसरे लड़कों से भी अफेयर का शक था। इसी को लेकर दोनों भाइयों ने ट्रिपल मर्डर को अंजाम दिया। इससे पहले सिर्फ आरोपी मोख्तार को ही गिरफ्तार किया गया था। उसने बताया था कि, भाई आरिफ मुस्कान और परिवार पर पैसे खर्च कर रहा था। घर में पैसे नहीं भेज रहा था। इसके चलते मुस्कान और उसके परिवार को खत्म कर दिया। मां, बेटी और बेटे की हत्या मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी मोख्तार और उसके भाई आरिफ को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार आरिफ को प्रेमिका का संबंध दूसरे लड़कों से होने का संदेह था, जिससे वह नाराज था। मुस्कान ने शादी से इनकार कर दिया था। मोख्तार और आरिफ ने मिलकर हत्या की साजिश रची थी। पुलिस ने फरार आरिफ को महाराष्ट्र से 4 दिनों पहले हिरासत में लिया था।

मोख्तार 26 सितंबर को कुसमी पहुंचा था। उसने मां, बेटी और बेटे को बेतला नेशनल पार्क, गढ़वा घूमाने की बात कही। तीनों तैयार हो गए तो उन्हें बाइक में बैठाकर वह चांदो के रास्ते बलरामपुर पहुंचा। चांदों में चारों की मुलाकात आरिफ से भी हुई थी। आरिफ वहां से करचा चला गया था। वहां से वह रात को मोख्तार के घर बलरामपुर पहुंचा।

कुसमी थाना प्रभारी संत लाल आयाम ने बताया कि मोख्तार के घर में आरिफ के पहुंचने पर पांचों ने साथ में खाना खाया। जब कौशल्या, मुस्कान एवं मिंटू सो गए तो आरिफ ने प्रेमिका मुस्कान के पेट में चाकू मार दिया। उसकी चीख सुनकर कौशल्या जाग गई तो मोख्तार ने उसके और मुस्कान के सिर पर कुल्हाड़ी के पास से वार कर दिया। मां-बेटी बेहोश हो गए तो दोनों भाई उन्हें लेकर घर के बाहर आए और कुल्हाड़ी से गले पर भी वार किया। इस बीच 5 साल के मिंटू की भी नींद खुल गई तो दोनों भाइयों ने उसके भी सिर पर वार कर उसे मार डाला। हत्या के बाद मोख्तार और आरिफ ने तीनों के शव को एक-एक कर खेत के नाले में फेंक दिया। शवों को फेंकने के बाद घर में फैले खून को साफ कर दोनों भाग निकले। मोख्तार वहां से चैनपुर, झारखंड चला गया। वहीं आरिफ भी भाग गया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हत्या में इस्तेमाल टांगी और चाकू बरामद किया है।

# रांची में भाजपा से सीपी सिंह जीते

## धनबाद में बीजेपी की जीत, झरिया में रागिनी सिंह जीतीं, बोकारो में बिरंची नारायण हारे




रांची, 23 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड की 81 सीटों का चुनाव परिणाम आने लगा है। अब यह स्पष्ट हो गया है इंडिया गठबंधन की सरकार बनने वाली है। रांची से भाजपा के सीपी सिंह और झरिया से भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह ने चुनाव जीता। धनबाद से भी भाजपा के राज सिन्हा ने जीत दर्ज करवाई। वहीं, जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा सीट पर जदयू के सरयू राय ने जीत दर्ज की।

बोकारो से भाजपा प्रत्याशी बिरंची नारायण और कांग्रेस उम्मीदवार श्वेता सिंह के बीच टक्कर थी। इसमें श्वेता सिंह ने जीत दर्ज किया। वहीं, बेरमो में कांग्रेस के कुमार जयमंगल सिंह ने चुनाव जीता। रांची विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी सीपी सिंह ने चुनाव जीत लिया। उनके सामने झामुमो उम्मीदवार महुआ माझी थीं। सीपी सिंह 1997 से लगातार इस सीट पर जीत दर्ज करा रहे हैं। वहीं, झामुमो प्रत्याशी महुआ माझी राज्यसभा सांसद भी है। झारखंड की हॉट सीट में शामिल जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा सीट पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक बन्ना गुप्ता चुनाव हार गए। वो कांग्रेस से चुनाव मैदान थे। इस सीट से जदयू के सरयू राय ने चुनाव जीता। इस सीट पर सरयू राय ने 2014 में बन्ना गुप्ता को हराया था। वहीं, 2019 में सरयू राय जमशेदपुर पूर्वी से चुनाव लड़कर तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास को परास्त किया था। धनबाद विस सीट पर भाजपा के राज सिन्हा से कांग्रेस उम्मीदवार अजय दुबे का सीधा मुकाबला है। 2014 और 2019 के विधानसभा चुनाव में राज सिन्हा ने धनबाद से जीत कर विधायक बने थे। झरिया विधानसभा क्षेत्र झारखंड का हॉट चुनावी सीट है। यहां कांग्रेस की पूर्णिमा नीरज सिंह और भाजपा की रागिनी सिंह में मुकाबला था। इस बार रागिनी सिंह ने चुनाव जीता। दोनों ही रिश्ते में देवरानी-जेठानी हैं। इस सीट से 2019 में पूर्णिमा नीरज सिंह ने जीत हासिल की थी। बोकारो विधानसभा सीट से भाजपा के बिरंची नारायण और कांग्रेस की श्वेता सिंह के बीच सीधा मुकाबला था। श्वेता सिंह ने चुनाव में जीत हासिल की।

# झारखंड में नई सरकार बनते ही तेज होगी नियुक्ति प्रक्रिया

## मिल सकती है नई शराब नीति, पांच हजार महिला उद्यमियों को मिलेंगे मुफ्त ई-वाहन

रांची, 23 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड में नई सरकार बनने के बाद एक दर्जन से अधिक लंबित विषयों पर फैसला होने की संभावना है। इसमें जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति समेत एक दर्जन से अधिक बड़े फैसले शामिल हैं।

एनडीए या इंडिया, जिसकी भी सरकार बनेगी, वह नियुक्ति प्रक्रिया को प्राथमिकता देगी। जल्द ही खाली पदों पर नियुक्ति शुरू किए जाने की संभावना है। वहीं, राज्य को नई शराब नीति मिल सकती है। सखी मंडल के 5000 महिला उद्यमियों को मुफ्त ई-वाहन मिलेंगे। जेपीएससी अध्यक्ष का पद पिछले तीन माह से खाली है। इस कारण 600 से अधिक पदों के लिए हुई परीक्षा का रिजल्ट अटका हुआ है। अध्यक्ष की नियुक्ति होते ही 342 पदों पर बहाली के लिए सिविल सेवा मुख्य परीक्षा, विश्वविद्यालयों के 322 सहायक प्राध्यापक और अधिकारियों के लिए हुई परीक्षा



का रिजल्ट आ जाएगा।

नई सरकार के बनने के बाद राज्य को नई शराब नीति मिल सकती है। सरकार शराब से संबंधित नियमों और नीतियों को फिर से निर्धारित कर सकती है। शराब नीति में सुधार या बदलाव से शराब की बिक्री, वितरण, और नियमन के तरीके में बदलाव हो सकता है। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग ने चुनाव घोषणा से पहले शराब की बिक्री से संबंधित नई नियमावली बनाकर सहमति के लिए राजस्व पर्षद को भेजा था। नई उत्पाद नीति में खुदरा शराब का व्यवसाय निजी हाथों में देने का प्रस्ताव है।

राजस्व पर्षद ने यह कहकर उसे लौटा दिया था कि इस पर पहले विधि विभाग व वित्त विभाग से सलाह ली जाए। इसके बाद ही नई नियमावली से संबंधित फाइल पर्षद को सहमति के लिए भेजी जाए। इसी दौरान राज्य में चुनाव की घोषणा हो गई। इस कारण आचार संहिता लागू होने से फिर बात आगे नहीं बढ़ सकी। अब इस विषय पर निर्णय हो जाने की संभावना है। चुनाव घोषणा से पूर्व ग्रामीण विकास विभाग ने झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के माध्यम से सखी मंडलों को ई-वाहन देने का फैसला लिया था। इसे कैबिनेट में भेजे जाने की तैयारी चल रही थी। इसी बीच आचार संहिता लागू हो गई। सखी मंडल से जुड़ी ग्रामीण निर्धन परिवारों की उद्यमी महिलाओं के बीच 5000 ई-वाहन बांटी जाएंगे। इस पर अब निर्णय हो जाने की संभावना है। एनडीए व इंडिया ने धान का एमएसपी बढ़ाने का वादा किया है। हालांकि, टाइम लाइन नहीं दी गई है। धान की फसल कट रही है। इसलिए, दिसंबर में ही एमएसपी बढ़ाने का फैसला लेने की संभावना है।

# हिमंत-शिवराज फेल, घुसपैठ फुस्स

## चंपाई भी नहीं भर पाए रघुवर का दिया सीएनटी एक्ट का घाव

रांची, 23 नवंबर (एजेंसियां)। भाजपा का झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा फुस्स हो गया है। शनिवार को आए 81 विधानसभा सीटों के रिजल्ट में भाजपा 21 सीटों पर सिमट गई है। जो 2019 के मुकाबले 4 सीट कम है। भाजपा की सबसे बड़ी हार एक बार फिर आदिवासी सीटों पर हुई है। 28 आदिवासी रिजर्व सीटों में से पार्टी सिर्फ एक सीट सरायकेला ही जीत पाई है। 2019 में भी पार्टी 2 सीट पर ही जीत पाई थी। हालांकि, तब एनडीए में ना आजसू थी और ना बाबूलाल मरांडी। चुनावी आंकड़े बताते हैं कि आदिवासियों का भरोसा भाजपा पर अभी तक नहीं लौट पाया है। वह अब भी रघुवर दास के सीएनटी एक्ट में बदलाव की कोशिशों को नहीं भूल पाए हैं। यह घाव चंपाई सोरेन के भाजपा में आने से भी नहीं भरा है।

भाजपा की आदिवासी रिजर्व सीटों पर करारी हार हुई है। इसका मतलब है कि रघुवर दास के सीएनटी एक्ट (छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम) में बदलाव की कोशिशें आदिवासियों को आज भी याद है। इसकी भरपाई चंपाई सोरेन भी नहीं कर पाए हैं। आंकड़े बताते हैं कि 2014 के पहले तक भाजपा आदिवासी रिजर्व सीटों पर ठीक-ठाक प्रदर्शन करती थी, लेकिन 2014 में किए गए प्रयोग से पार्टी को बड़ा धक्का लगा है। 2009 में भाजपा 28 आदिवासी रिजर्व सीटों में से 9, 2014 में 11 सीटें जीती थी। यह आंकड़ा 2019 में घटकर दो पर आ गया। और इस बार यानी 2024 में एक पर है।

दरअसल, नवंबर 2016 में तात्कालीन सीएम रघुवर दास ने सीएनटी एक्ट की धारा 46 में बदलाव का प्रस्ताव पास किया था। इस बदलाव के तहत आदिवासियों की जमीन के नेचर को बदला जा सकता था। उन्होंने राज्य में उद्योग लगाने को लेकर ऐसा किया था। हालांकि, आदिवासियों के बीच मैसेज गया कि एक्ट में बिजनेसमैन को फायदा पहुंचाने के लिए संशोधन हो रहा है। इस बदलाव से बिजनेसमैन जब चाहे सरकार से सीधे जमीन ले लेगा। इसका भारी विरोध हुआ। तब रघुवर सरकार को संशोधन का प्रस्ताव वापस लेना पड़ा था। एक इंटरव्यू में रघुवर दास ने कहा था, 'झामुमो, कांग्रेस आदिवासियों का विकास नहीं चाहते हैं। सीएनटी एक्ट में संशोधन सरकारी योजनाओं को लेकर जमीन के लिए किया जा रहा था। संशोधन में यह बात पूरी तरह से स्पष्ट भी थी। इस संशोधन से किसी भी निजी संस्था या संस्थान को लाभ नहीं होने वाला था।' भाजपा चुनाव प्रचार में आक्रामक तो रही, लेकिन आदिवासी चेहरे की कमी खली।

# कड़ाके की ठंड से 2 लोगों की मौत

## सरगुजा समेत 5 जिलों में शीतलहर का अलर्ट, मैनपाट 6 डिग्री के साथ सबसे ठंडा

रायपुर, 23 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में गुलाबी ठंड ने दस्तक दे दी है। आने वाले चार-पांच दिनों 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जा सकती है। वहीं कड़ाके की ठंड के बीच 2 लोगों की मौत हो गई। पहली मौत अंबिकापुर में शुक्रवार और दूसरी मौत बिलासपुर में हुई है। वहीं मैनपाट 6 डिग्री के साथ सबसे ठंडा और दुर्ग 30.4 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा। वहीं मौसम विभाग ने मुताबिक उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं के चलते अगले 24 घंटों में बलरामपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सूरजपुर, सरगुजा समेत 5 जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है।

वहीं इस महीने के अंत तक रायपुर का तापमान 14 डिग्री तक पहुंचने के आसार हैं।

# भारत से पहले चीन जाने के फैसले पर ओली घिरे

## विपक्ष का आरोप– चीन कार्ड खेल रहे, नेपाली पीएम बोले– भारत के साथ अच्छे रिश्ते



काठमांडू, 23 नवंबर (एजेंसियां)। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने भारत के बजाय चीन की यात्रा करने के फैसले का बचाव किया है। उन्होंने इसे बेतुका बताया। काठमांडू टाइम्स के मुताबिक ओली 2 से 6 दिसंबर तक की आधिकारिक यात्रा पर चीन जा रहे हैं। भारत के बजाय पहले चीन जाने के फैसले पर उनकी आलोचना हो रही है।

नेपाल में यह परंपरा रही है कि जो नए प्रधानमंत्री बनते हैं, वह सबसे पहले भारत का दौरा करते हैं। इस परंपरा को तोड़ने के सवाल पर ओली ने कहा- ओली ने चीन की अपनी आगामी यात्रा की सफलता पर भी भरोसा जताया। उन्होंने कहा, मैं अचानक यात्रा नहीं कर रहा, वापस लौटने के बाद मैं खुद इसकी रिपोर्ट दूंगा। उन्होंने कहा कि वे कर्ज मांगने के लिए चीन नहीं जा रहे। वे नेपाल की प्रोडक्टिविटी बढ़ाना चाहते हैं।

केपी ओली पहली बार अगस्त 2015 में नेपाल के पीएम बने थे। इसके बाद उन्होंने फरवरी 2016 में भारत का दौरा किया था। एक महीने बाद मार्च में उन्होंने चीन की यात्रा की थी। ओली अब तक चार बार नेपाल के पीएम बन चुके हैं। वे 2015 में 10 महीने, 2018 में 40 महीने और 2021 में तीन महीने तक पद पर रहे। ओली ने इस साल जुलाई में चौथी पर पीएम पद की शपथ ली थी।

हालांकि, ओली ने अपने पिछले कार्यकाल में कई भारत विरोधी कदम उठाए थे। उनके समय में ही नेपाल सरकार ने विवादित नक्शा जारी किया था। इसके अलाव उन्होंने कई भारत विरोधी बयान भी दिए थे। इस बार केपी शर्मा ओली को न्योता न भेजने के पीछे माना जा रहा है कि भारत की नेपाल को लेकर नीतियों में बदलाव आया है। काठमांडू पोस्ट ने अधिकारियों के हवाले से बताया है कि पीएम ओली यात्रा के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और ली कियांग से मुलाकात करेंगे। इस दौरान ओली की कोशिश होगी कि चीन सरकार नेपाल को दिया गया लोन माफ कर दे। चीन ने पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए नेपाल को करीब 17 हजार करोड़ का लोन दे रखा है। रिपोर्ट के मुताबिक इससे पहले 23 अगस्त को नेपाल के वित्तमंत्री बिष्णु पौडेल भी चीन से लोन को माफ करने की अपील कर चुके हैं। उन्होंने कहा था पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से इतनी कमाई नहीं हो पा रही है, जिससे चीन को उसका कर्ज चुकाया जा सके। इसके अलावा ओली इस दौरे पर बीआरआई प्रोजेक्ट पर भी बातचीत कर सकते हैं। नेपाल में इसे लागू किए जाने को लेकर विवाद है। सरकार में सहयोगी नेपाली कांग्रेस चीन के मंहगे कर्ज का विरोध कर रही थी। हालांकि, अब वो इस मामले पर शांत है। इससे पहले प्रचंड सरकार ने बीआरआई से लोन लेने पर बचती रही, लेकिन अब मौजूदा सरकार इसे आगे बढ़ाने पर जोर दे रही है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक नेपाल और चीन के बीच बीआरआई प्रोजेक्ट पर 2017 में करार हुआ था। इसे मुताबिक नेपाल में चीनी पैसे से 9 प्रोजेक्ट्स पर काम होना था, लेकिन 7 साल बीत जाने के बाद भी अभी तक नेपाल में कोई भी प्रोजेक्ट शुरू नहीं हो पाया है। दरअसल, इससे पहले की सरकार चाहती थीं कि चीन नेपाल को कर्ज के बजाए आर्थिक मदद के रूप में पैसा दे। लेकिन चीन इससे इनकार कर रहा था। वित्त मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक चीन को डर है कि अगर वह नेपाल को यह छूट दे देता है तो बाकी देश भी उससे कर्ज माफ करने की मांग शुरू कर देंगे। बीबीसी के मुताबिक पहली बार भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 26 जनवरी, 1960 को गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने के लिए नेपाल के प्रधानमंत्री बिशेश्वर प्रसाद कोइराला को न्योता भेजा था। उस समय भारत ने नेपाल को 18 करोड़ रुपये की मदद दी थी। इसी साल अप्रैल में कोइराला ने चीन का भी दौरा किया और चीनी नेता माओत्से तुंग से मुलाकात की थी।

# भारत के पास हिंद महासागर में 'पाताल के रास्ते' का खुल गया रहस्य

## समंदर में बने विशालकाय गड्ढे की सच्चाई

लंदन, 23 नवंबर (एजेंसियां)। हमारी धरती अपने अंदर तमाम रहस्यों को समेटे हुए हैं। समंदर के रहस्य तो ऐसे हैं जिन्होंने वैज्ञानिकों को भी हैरान कर दिया है। ऐसा ही एक रहस्य भारत के पास स्थित हिंद महासागर के अंदर मौजूद है, जहां पानी के बीच एक विशाल गड्ढा नजर आता है। यह एक विशाल महासागरीय क्षेत्र है, जहां समंदर में कहीं और तुलना में समुद्र का स्तर 348 फीट (106 मीटर) कम है। 1948 में खोजे गए इस रहस्यमय गड्ढे को वैज्ञानिकों ने ग्रेविटी होल नाम दिया था। इसकी उत्पत्ति हाल ही तक रहस्य बनी रही थी, लेकिन अब इससे पर्दा हट गया है।

**क्या है ये विशालकाय गड्ढा?**

समंदर में पानी के बीच यह विशालकाय गड्ढा प्रकृति की अनोखी रचना है, जो 31 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। यह समुद्री क्षेत्र भारत के दक्षिण-पश्चिम में 1200 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। समंदर के बीच मौजूद इस रहस्यमय गड्ढे को पाताल के दरवाजा भी कहा जाता रहा है। हालांकि, वैज्ञानिकों का कहना है कि इस क्षेत्र में गुरुत्वाकर्षण खिंचाव इतना कमजोर है कि पानी का स्तर बाकी के हिस्से की तुलना में नीचे चला गया है।

खोज के बाद से ही वैज्ञानिक इसकी उत्पत्ति को समझने की कोशिश करते रहे हैं, लेकिन इसका उत्तर 2023 में मिला। जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, इस क्षेत्र का निर्माण 14 करोड़ साल पहले हुआ था।

# बांग्लादेश-हिंदू रैली में जा रही बस पर हमला, 20 घायल

ढाका, 23 नवंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश के रंगपुर में शुक्रवार 22 नवंबर को सनातन जागरण मंच की तरफ से एक रैली का आयोजन किया गया था। रैली में शामिल होने पहुंची एक बस रास्ते में हमला किया गया। हमले में 20 लोग घायल हुए हैं, इनमें से 3 गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

माहीगंज कॉलेज के मैदान में हुई इस रैली का मकसद हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार, उत्पीड़न, और मठों व मंदिरों पर हमलों के विरोध करना था। रैली में शामिल लोग 8 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन करने पहुंचे थे। रैली के मुख्य अतिथि चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी ने देश में हिंदुओं के साथ भेदभाव का आरोप लगाया।

चिन्मय दास ने कहा कि 1971 के स्वतंत्रता संग्राम में जान बचाने के लिए देश छोड़कर जाने वाले में 70% हिंदू थे। उनके घरों और संत्तियों को लूटा गया था। आजादी के इतने सालों बाद भी ये सिलसिला जारी है।

चिन्मय दास ने आरोप लगाया कि 5 अगस्त के बाद देश में आंतकियों, उग्रवादियों और नेताओं को जेल से छोड़ा गया है। लेकिन किसी भी हिंदू को नहीं छोड़ा गया है। हिंदू किसी राजनीतिक पार्टी के समर्थक नहीं हैं। भविष्य में हिंदू उस पार्टी को वोट करेंगे, जो लोकतंत्र को बनाए रखेगी।

उन्होंने कहा कि आज 3 करोड़ सनातनी एकजुट हैं। चिन्मय दास ने 21 नवंबर की रात प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि उन्हें रंगपुर के होटल से निकलने के लिए कहा गया था। पुलिस ने उनसे कहा कि हमें यहां नहीं रखा जा सकता है।

# ट्रूडो बोले-पीएम मोदी को निज्जर हत्या की जानकारी नहीं थी

## मीडिया रिपोर्ट्स को गलत बताया, कहा– इन्फॉर्मेशन लीक करने वाले अधिकारी अपराधी

टोरंटो, 23 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने उन मीडिया रिपोर्ट को पूरी तरह गलत बताया है, जिनमें आरोप लगाया गया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पहले से हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की साजिश के बारे में पता था। ट्रूडो ने इस रिपोर्ट को लीक करने वाले अपने ही खुफिया अधिकारियों को अपराधी बताया।

शुक्रवार को मीडिया से बात हुए ट्रूडो ने कहा कि, बदकिस्मती से हमने देखा है कि टॉप सीक्रेट इन्फॉर्मेशन लीक करने वाले अपराधी लगातार गलत कहानियां पेश करते हैं। हमने विदेशी हस्तक्षेप की राष्ट्रीय जांच कराई, जिससे यह बात सामने आई है कि



मीडिया को इन्फॉर्मेशन लीक करने वाले अपराधी होने के साथ-साथ भरोसे लायक भी नहीं हैं।

कनाडा की एक सरकारी वेबसाइट पर पोस्ट बयान में, ट्रूडो की सीक्रेट एडवाइजर नैथली ड्रोइन ने कहा हमें ऐसे कोई सबूत नहीं मिले हैं जो यह बताते हों कि पीएम मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर और एनएसए अजीत डोभाल कनाडा के भीतर किसी आपराधिक गतिविधि से जुड़े थे, या उन्हें इसके बारे में पहले से कोई जानकारी थी। इससे इतर बाकी जो कुछ भी कहा जा रहा है वो महज अटकलबाजी और गलत है। कुछ दिन पहले कनाडाई अखबार द ग्लोब एंड मेल की एक रिपोर्ट में कनाडा के खुफिया अधिकारी के हवाले से दावा किया गया था कि पीएम मोदी, एस जयशंकर और अजीत डोभाल को निज्जर की हत्या का प्लान पहले से पता था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा था कि, इस तरह के 'बेतुके' और हास्यास्पद बयानों को उसी तरह खारिज किया जाना चाहिए, जिसके वे हकदार हैं। इस तरह की गलतबयानी हमारे पहले से ही तनावपूर्ण संबंधों को और नुकसान पहुंचाएगी। कनाडाई अखबार की रिपोर्ट से पहले ब्राजील के जी20 समिट के दौरान पीएम मोदी और कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो की साथ में तस्वीर आई थी, जिसके बाद माना जा रहा था कि इससे दोनों देशों के रिश्तों में जमी बर्फ पिघलने की शुरुआत हो सकती है। इस मुलाकात के अगले दिन ही ट्रूडो सरकार ने भारत आने वाले यात्रियों की सुरक्षा जांच को बढ़ा दिया था। इस वजह से यात्रियों को एयरपोर्ट पर कड़ी सुरक्षा जांच से होकर गुजरना पड़ रहा था।

# अमेरिका ने डिफेंस कंपनियों को सुरक्षा बढ़ाने के लिए कहा

वाशिंगटन, 23 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने डिफेंस कंपनियों से सुरक्षा बढ़ाने के लिए कहा है। खुफिया एजेंसियों ने डिफेंस कंपनियों पर रूस की तरफ से नुकसान पहुंचाने या दूसरे खतरे की आशंका जताई है। यह चेतावनी हाल ही में यूरोप में हुई तोड़फोड़ की घटनाओं की बाद जारी की गई है। इन घटनाओं का जिम्मेदार रूस को ठहराया गया था। नेशनल काउंटर इंटेलिजेंस एंड सिक्योरिटी सेंटर द्वारा जारी इस चेतावनी में उन कंपनियों को सतर्क रहने के लिए कहा है जो यूक्रेन जंग में रूस के खिलाफ हथियार मुहैया करा रही हैं। अमेरिकी कंपनिया दूसरे देशों में भी प्रोडक्शन का काम करती हैं, उन्हें भी सतर्क रहने के लिए कहा गया है। अमेरिका और यूरोप के खुफिया अधिकारियों के मुताबिक रूस ने हाल ही में यूरोप की डिफेंस कंपनियों, लॉजिस्टिक्स और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर तोड़-फोड़ की घटनाओं को अंजाम दिया है।

# पाकिस्तान में शिया मुस्लिमों ने सुन्नियों से लिया बदला

## भारी हिंसा में 47 लोगों की मौत पाकिस्तानी झंडा फाड़कर फेंका

इस्लामाबाद, 23 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम स्थित बागन बाजार में शिया और सुन्नी मुस्लिमों के बीच भारी हिंसा देखने को मिल रही है। शुक्रवार की रात को शिया मुस्लिमों ने सुन्नी इलाकों में भारी हथियारों के साथ हमला बोल दिया। शिया मुस्लिमों ने सुन्नियों के घरों को जला दिया और कई लोगों को मौत के घाट उतार दिया। पिछले दो दिनों की हिंसा में अब तक 47 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि बीती रात ही 20 लोगों की मौत हो गई है। आलम यह है कि शिया मुस्लिमों ने पाकिस्तान के एक विशाल झंडे को भी उतारकर उसकी जगह पर अपना झंडा लहरा दिया। इस सांप्रदायिक हिंसा को देखते हुए पूरे इलाके में कर्फ्यू लगा दिया गया है।

पाकिस्तानी प्रशासन ने हिंसा को रोकने के लिए इलाके में मोबाइल सेवा को भी बंद कर दिया है। पैराचिनार इलाके में सभी बिजनस और शैक्षणकि संस्थानों को बंद कर दिया गया है। यह पूरा इलाका अफगानिस्तान की सीमा के पास है और यहां पर पहले भी बड़े पैमाने पर शिया-सुन्नी हिंसा हो चुकी है। शुक्रवार को हजारों की तादाद में शिया मुस्लिम शहर की सड़कों पर उतर आए। इससे पहले करीब 200 गाड़ियों के काफिले के साथ शिया मुस्लिम पेशावर से पैराचिनार जा रहे थे। इस दौरान बगान कस्बे में सुन्नी हथियारबंद गुटों ने भारी हथियारों से हमला बोल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि चारों ओर से सुन्नी गुटों ने गोलियां बरसाना शुरू कर दिया जिससे बड़ी तादाद में लोग हताहत हो गए। यह पूरा हमला करीब 30 मिनट तक चला। डॉन अखबार के मुताबिक 16 अन्य लोग घायल हैं जिसमें से 11 लोगों हालत गंभीर है। इस हिंसा के बाद शिया मुस्लिम गुट भड़के हुए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस इस काफिले के साथ चल रही थी लेकिन सुरक्षा मुहैया कराने में विफल रही। कुर्रम के डेप्युटी कमिश्नर ने मरने वालों के आंकड़े की पुष्टि की है। इस हिंसा के बाद पूरे इलाके में भारी विरोध प्रदर्शन चल रहा है। एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक पूरे इलाके में हालात बहुत ही ज्यादा तनावपूर्ण हैं और इसी वजह से मोबाइल सेवा को बंद कर दिया गया है।

सुन्नियों के हमले में मारे गए लोगों को दफनाए जाने के बाद शिया आगबबूला हो गए और उन्होंने पाकिस्तानी सेना के दो चौकियों को फूंक दिया। कुर्रम में शिया और सुन्नी के बीच खूनी हिंसा का पुराना इतिहास रहा है। इससे पहले जुलाई और सितंबर महीने में भी दोनों के बीच जमकर संघर्ष हुआ था।


# पुतिन ने हाइपरसोनिक मिसाइलें के मास प्रोडक्शन का ऑर्डर दिया

## यूक्रेन पर मिसाइल दागने के अगले दिन मिलिट्री प्रमुखों से मिले, बोले– परीक्षण जारी रखेंगे

मॉस्को, 23 नवंबर (एजेंसियां)। रूस की नई इंटरमीडिएट मिसाइल के हमले के बाद पश्चिमी देशों में तनाव पैदा हो गया है। इसके चलते यूक्रेन और नाटो के बीच मंगलवार (26 नवंबर) को इमरजेंसी बैठक होगी। यह बैठक जेलेंस्की की अपील पर हो रही है। बैठक ऐसे वक्त में हो रही है जब 33 महीनों से जारी जंग में पहली बार रूस ने यूक्रेन के निप्रो शहर पर हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया है। वहीं, यूक्रेन ने रूस पर पश्चिमी देशों से मिले खतरनाक हथियार दागे हैं।

इस बीच रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने 'ओरेश्निक' मिसाइलों की ज्यादा टेस्टिंग करने की धमकी दी है। उन्होंने रूसी मिलिट्री प्रमुखों के साथ बैठक में यह बात कही। रूस ने गुरुवार को ही यूक्रेन के निप्रो शहर पर एक इंटरमीडिएट मिसाइल को दागा था। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने इसे मिसाइस का टेस्ट बताया है। इस मिसाइल का नाम ओरेश्निक है। दरअसल 18 नवंबर को बाइडेन ने यूक्रेन को रूस पर अमेरिकी हथियारों से हमला करने की मंजूरी दी थी। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच संघर्ष बढ़ गया है।

इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा कि रूसी मिसाइल के खतरों के बीच वे कोशिश कर रहे हैं कि मित्र देशों से अपडेटेड एयर-डिफेंस सिस्टम मिल सके। जेलेंस्की ने कहा है कि गुरुवार को निप्रो शहर पर रूस की नई बैलेस्टिक मिसाइल से हमला यह बताता है कि रूस युद्ध को और गंभीर करना चाहता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जेलेंस्की अमेरिकी टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (थाड) हासिल करना चाहते हैं या अपने पैट्रियट एंटी-बैलिस्टिक मिसाल डिफेंस सिस्टम को अपग्रेड करना चाहते हैं। चीन ने रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध में शामिल सभी पक्षों से शांत रहने, संयम बरतने और बातचीत के जरिए तनाव को कम करने की अपील की है। ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा दोनों पक्षों को सीजफायर के लिए बातचीत करनी चाहिए। प्रवक्ता ने कहा कि यूक्रेन मुद्दे पर चीन की साफ नीति रही है। वे राजनीतिक तरीके से मामले का निपटारा करने और माहौल बिगड़ने से रोकने के समर्थक हैं।



पुतिन ने गुरुवार को यूक्रेन पर मिसाइल हमले के कुछ ही घंटे बाद देश के नाम संबोधन दिया था। उन्होंने कहा था कि पश्चिमी हमले के जवाब में रूस ने 'नई' इंटरमीडिएट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल की टेस्टिंग की है। पुतिन ने कहा कि हमें उनके खिलाफ हमला करने का अधिकार है, जो हम पर हमला करते हैं।

पुतिन ने मिसाइल का नाम 'ओरेश्निक' बताया। उन्होंने कहा कि यह ढाई से तीन किमी प्रति सेकेंड की रफ्तार से टारगेट पर हमला करती है। पुतिन ने पश्चिमी देशों को चेतावनी दी कि मॉस्को यूक्रेन की मदद करने वाले किसी भी देश के सैन्य ठिकानों पर हमला कर सकता है। देश के नाम संबोधन में पुतिन ने कहा कि हमें उनके खिलाफ हथियारों का इस्तेमाल करने का अधिकार है जो हमारे खिलाफ हथियारों का इस्तेमाल करते हैं।

# लाओस में घूमने आए छह विदेशी पर्यटकों की दूषित शराब पीने से मौत

बैंकॉक, 23 नवंबर (एजेंसियां)। एशियाई देश लाओस में एक के बाद एक पर्यटकों की मौत की खबर सामने आई है। यहां खराब शराब पीने से छह पर्यटकों की मौत हो चुकी है। कुछ रिपोर्ट्स में ये सामने आया है कि पर्यटकों ने मेथनॉल युक्त इंजेक्शन लिया था, जिसका इस्तेमाल कभी-कभी बार इथेनॉल (शराब) के सस्ते विकल्प के रूप में करते हैं। लाओस सरकार ने वांग विएंग में हुई विदेशी पर्यटकों की मौत पर दुख जताया है। मरने वालों में तीन महिलाएं और एक ब्रिटिश वकील शामिल हैं। अब तक 19 साल की दो ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं और 28 साल की ब्रिटिश महिला सिमोन व्हाइट की मौत हो गई है। वे लाओस के वांग विएंग शहर में एक बार में गए थे। यह लोग करीब एक दर्जन विदेशियों के समूह में शामिल थे, जो बीमार पड़ गए और उन्हें 12 नवंबर के तुरंत बाद अस्पताल ले जाया गया।

# अमेरिका-कनाडा सीमा पार करते हुए ठंड से हुई थी गुजराती परिवार की मौत


## भारतीय मूल का 'डर्टी हैरी' दोषी



वॉशिंगटन, 23 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका में मानव तस्करी के आरोप में एक भारतीय मूल के व्यक्ति समेत दो लोगों को दोषी ठहराया गया है। साल 2022 में अमेरिका-कनाडा की सीमा पर एक भारतीय परिवार की ठंड से मौत हो गई थी। इस मामले में अमेरिकी राज्य मिनेसोटा की ज्यूरी ने भारतीय मूल के हर्ष कुमार रमनलाल पटेल, जिसे डर्टी हैरी के नाम से भी जाना जाता है, दोषी ठहराया गया है। हर्ष कुमार के साथ ही फ्लोरिडा निवासी स्टीव शैंड को भी दोषी माना गया है। डर्टी हैरी और स्टीव शैंड ही मानव तस्करी के अवैध संचालन का हिस्सा थे, जिसने बड़ी संख्या में लोगों को अवैध रूप से अमेरिका में दाखिल कराया। पटेल (29) और शैंड (50) को मानव तस्करी से संबंधित चार मामलों में दोषी ठहराया गया है और दोनों को इन मामलों में अधिकतम 20 साल की सजा सुनाई जा सकती है। उल्लेखनीय है कि 19 जनवरी 2022 को गुजरात के निवासी जगदीश पटेल (39 वर्षीय), उनकी पत्नी वैशाली बेन (30 वर्षीय), बेटी विहांगी (11 वर्षीय) और तीन साल का बेटा धार्मिक अमेरिका कनाडा सीमा पर स्थित कनाडा के मैनिटोबा प्रांत के एमर्सन शहर के पास मृत पाए गए थे। सभी की ठंड के चलते मौत हुई थी। गुजरात के ये परिवार हर्ष कुमार पटेल और स्टीव शैंड की योजना के मुताबिक ही अमेरिका में दाखिल होने की कोशिश कर रहा था। sपरिवार मूल रूप से गुजरात के गांधीनगर जिले के डिंगुचा गांव का रहने वाला था। पटेल और उनकी पत्नी कथित तौर पर स्कूल टीचर थे और स्थानीय मानकों के हिसाब से उनका परिवार काफी संपन्न था।

# वित्तीय संकट से जूझ रहे पाकिस्तान में वित्त और उर्जा मंत्रालय में ठनी

## आईएमएफ की इस शर्त पर है विवाद




इस्लामाबाद, 23 नवंबर (एजेंसियां)। वित्तीय संकट से जूझ रहे पाकिस्तान में आईएमएफ की एक शर्त को लेकर वित्त और ऊर्जा मंत्रालय आपस में भिड़ गए हैं। दरअसल, आईएमएफ ने 7 अरब अमेरिकी डॉलर के समझौते को लेकर पाकिस्तान के सामने जनवरी तक औद्योगिक बिजली संयंत्रों को गैस आपूर्ति कम करने की शर्त रखी थी। लेकिन इसे पूरा करने को लेकर अब पाकिस्तान के वित्त और ऊर्जा मंत्रालय में विवाद हो गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हाल ही में इसे लेकर पीएम शहबाज शरीफ के आवास पर एक बैठक हुई थी, जहां ऊर्जा मंत्रालय की पेट्रोलियम डिवीजन ने दावा किया कि वित्त मंत्रालय ने कार्यक्रम वार्ता के समय अपनी आपत्तियों के बावजूद शर्तों को स्वीकार कर लिया। इस डिवीजन ने आगे दावा किया कि अचानक कनेक्शन कटने से सरकार और उद्योगों को 427 अरब रुपये का नुकसान हो सकता है।

वहीं, दूसरी ओर वित्त मंत्रालय का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ वार्ता के समय पेट्रोलियम डिवीजन ने उसकी शर्त पर अपनी सहमति दी थी। लेकिन अब जबकि शर्त को अमलीजामा पहनाने की बात है तब वह अपनी स्थिति बदल रहा है। बता दें कि दोनों के बीच यह विवाद तब सामने आया है जबकि ऊर्जा मंत्रालय ने यह आकलन जारी किया था कि उद्योगों को गैस से बिजली पर पूरी तरह से स्थानांतरित करने में लगभग दो साल लगेंगे। मामले से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री ने इस मुद्दे पर कम से कम दो बैठकें की हैं, जबकि पिछले हफ्ते आईएमएफ के साथ भी चार बैठकें हुईं। आईएमएफ ने 7 बिलियन अमेरिकी डॉलर के पैकेज के बदले में लगभग 40 शर्तों पर सहमति के साथ पाकिस्तान ने सितंबर में उद्योगों द्वारा घरेलू बिजली उत्पादन के लिए गैस की आपूर्ति को स्थायी रूप से रोकने के लिए हस्ताक्षर किये थे। लेकिन कुछ ही हफ्तों में मंत्रालयों में आपस में विवाद हो गया है। वहीं, पेट्रोलियम डिवीजन का अनुमान है कि अगर आपूर्ति अचानक बाधित हो जाती है तो सैकड़ों अरब रुपये का नुकसान होगा। इसमें आवासीय उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर गैस की आपूर्ति करने के लिए औद्योगिक उपभोक्ताओं से वसूली जाने वाली 100 अरब रुपये की क्रॉस-सब्सिडी भी शामिल है। आईएमएफ सौदे के अनुसार, गैस क्षेत्र में सुधार सभी क्षेत्रों में मूल्य सामान्यीकरण और कैप्टिव पावर उन्मूलन पर केंद्रित होगा। आईएमएफ गिरती बिजली की खपत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से औद्योगिक उपभोक्ताओं को राष्ट्रीय बिजली ग्रिड में स्थानांतरित करना चाहता है।

# यूक्रेन युद्ध का खौफ, रूसी एस-400 का काल खरीदेगा यह नाटो देश

## अमेरिका को दे रहा अरबों डॉलर का ऑर्डर

मास्को, 23 नवंबर (एजेंसियां)। यूक्रेन युद्ध में रूसी हाइपरसोनिक मिसाइलों की बारिश से नाटो देश खौफ में हैं। इस भीषण युद्ध के बीच रूस के एक और पड़ोसी देश रोमानिया ने अमेरिका को बड़ा ऑर्डर दे रहा है। रोमानिया अमेरिका से 6.4 अरब डॉलर में 32 एफ-35ए फाइटर जेट खरीदने जा रहा है। यूरोप के नाटो देशों को डर सता रहा है कि यूक्रेन युद्ध यूरोप के अन्य हिस्सों में फैल सकता है। इसको खतरे को देखते हुए पोलैंड से लेकर रोमानिया तक अमेरिका को बड़े पैमाने पर विमानों और अन्य घातक हथियारों का ऑर्डर दे रहे हैं। अमेरिका के एफ-35 पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर जेट हैं जो रेडॉर को मात देने में सक्षम हैं। यह रूसी एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम का काल माना जाता है।

अमेरिका की कंपनी लॉकहीड मार्टिन ने कहा कि रोमानिया की वायुसेना में एफ-35 फाइटर जेट




के शामिल होने से नाटो की प्रतिरोधक क्षमता काफी बढ़ जाएगी। इससे रणनीतिक, ऑपरेशनल और रणनीतिक बढ़त हासिल होगी। रोमानिया ने इस डील को ऐसे समय पर मंजूरी दी है जब यूरोप में एक बार फिर से युद्ध गहरा गया है। रोमानिया का यह सौदा उसके इतिहास में सबसे बड़े रक्षा सौदों में शामिल होगा। एफ-35 को दुनिया के सबसे अच्छे, घातक और कनेक्टेड लड़ाकू विमानों में गिना जाता है।


**रोमानिया को कब मिलेंगे अमेरिकी एफ-35 जेट?**

रोमानिया अब दुनिया का 20वां ऐसा देश है जो एफ-35 खरीदने जा रहा है। इस डील के बाद रोमानिया अब उन यूरोपीय और नाटो देशों में शामिल हो जाएगा जिनके पास यह अत्याधुनिक स्टील्थ मल्टीरोल लड़ाकू विमान होने जा रहा है। इन देशों में बेल्जियम, चेक रिपब्लिक, डेनमार्क, फिनलैंड, इटली, नीदरलैंड, पोलैंड, जर्मनी, स्विटजरलैंड, नार्वे और ब्रिटेन शामिल हैं। रोमानिया में अमेरिका की राजदूत ने कहा कि रोमानिया को यह फाइटर जेट साल 2030 तक मिल जाएंगे। अभी रोमानिया के पास एफ-16 फाइटर जेट हैं।

**यूक्रेन को रूस में मिली बड़ी जीत, हिटलर के बाद कब्जाई सबसे ज्यादा जमीन**

रोमानिया को उम्मीद है कि एफ-16 फाइटर जेट अगले 10 साल तक अभी सक्रिय रहेंगे, तब तक उन्हें एफ-35 फाइटर जेट मिल जाएंगे। अमेरिकी राजदूत ने कहा कि रोमानिया के इस सौदे से न केवल उसे फायदा होगा बल्कि नाटो गठबंधन को भी इसका फायदा होगा।

रोमानिया एफ-35 की मदद से अपनी सीमाओं को सुरक्षित रख पाएगा। अमेरिका ने एफ-35 को रूस और चीन को ध्यान में रखकर बनाया है। वहीं इससे टक्कर के लिए रूस सुखोई-57 फाइटर जेट के निर्माण को तेजी से आगे बढ़ा रहा है।



# राजस्थान उपचुनाव : भाजपा ने 7 में से 5 सीटें जीती

## कांग्रेस की एक सीट पर जीत



जयपुर, 23 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में हुए सात उपचुनावों के परिणाम स्पष्ट संकेत देते हैं कि राज्य की सियासत में भाजपा ने मजबूत स्थिति बना ली है। इन चुनावों में भाजपा ने पांच सीटों पर जीत दर्ज की है, जबकि कांग्रेस को सिर्फ दौसा सीट पर संतोष करना पड़ा। इसके अलावा, चौरासी सीट पर भारतीय आदिवासी पार्टी (बीएपी) ने जीत हासिल कर यह साबित कर दिया है कि क्षेत्रीय दल भी राजनीतिक परिदृश्य में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने में सक्षम हैं।

भाजपा के लिए यह जीत न केवल राज्य में उनके संगठनात्मक ढांचे की मजबूती को दर्शाती है, बल्कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले कांग्रेस को चुनौती देने का मंच भी तैयार करती है। झुंझुनूं, खींवसर, देवली-उनियारा, सलूंबर और रामगढ़ सीटों पर भाजपा की जीत पार्टी की रणनीतिक सफलता का प्रमाण है। खींवसर में भाजपा ने हनुमान बेनीवाल की पत्नी कनिका बेनीवाल को हराकर एक प्रतीकात्मक जीत हासिल की है। यह न केवल बेनीवाल परिवार की राजनीति को चुनौती देने वाला कदम है, बल्कि क्षेत्रीय क्षत्रपों को भाजपा के खिलाफ सावधान रहने की चेतावनी भी है। वहीं, सलूंबर में आखिरी राउंड में बाजी पलटकर शांता मीना की जीत ने भाजपा के ₹ग्रासरूट₹ मैनेजमेंट की सफलता को रेखांकित किया है।

**कांग्रेस के लिए चेतावनी**

कांग्रेस के लिए यह उपचुनाव परिणाम स्पष्ट रूप से राज्य में पार्टी की गिरती साख का संकेत है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच खींचतान का असर संगठन पर साफ दिखाई देता है। भाजपा ने जहां एकजुटता के साथ चुनाव लड़ा, वहीं कांग्रेस के अंदरूनी मतभेद पार्टी को कमजोर कर रहे हैं।

**क्षेत्रीय दलों का उभार**

भारतीय आदिवासी पार्टी (बीएपी) की चौरासी सीट पर जीत एक नया सियासी संदेश देती है। यह आदिवासी इलाकों में कांग्रेस और भाजपा दोनों के लिए चुनौती है। यह जीत दिखाती है कि पारंपरिक पार्टियों के प्रति असंतोष को छोटे दल अपने पक्ष में बदलने में सक्षम हैं।

**भविष्य की राजनीति पर प्रभाव**

इन परिणामों ने भाजपा को राज्य में ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। कांग्रेस को यदि आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों में अपनी स्थिति मजबूत करनी है, तो उसे तुरंत अपने संगठन को दुरुस्त करना होगा। भाजपा की यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय नेतृत्व की रणनीतियों के प्रति जनता के विश्वास का भी संकेत है। राजस्थान की सियासत में यह उपचुनाव परिणाम एक नए अध्याय की शुरुआत करता है।

# चौरासी विधानसभा सीट से अनिल कटारा जीते

डूंगरपुर, 23 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान की चौरासी विधानसभा क्षेत्र को आज अपना नया विधायक मिल चुका है। शनिवार को मतगणना के दौरान भारत आदिवासी पार्टी के अनिल कटारा ने अपने झंडे गाढ़ दिए हैं। बता दें कि अनिल कटारा ने यह चुनाव 23,842 मतों से जीत लिया है। वहीं, भाजपा के अनुभवी चेहरे कारीलाल ननोमा दूसरे नंबर पर रहे।

वहीं, कांग्रेस के महेश रोत तीसरे स्थान पर रहे। बता दें कि कटारा ने मतगणना शुरू होने के साथ ही अपनी बढ़त बना ली थी, जो कि लगातार जारी रही। किसी भी राउंड में कटारा पिछड़ते हुए नजर नहीं आए थे। उन्होंने सभी 18 राउंड में अपनी बढ़त कायम रखी थी। किसी भी राउंड में भाजपा या कांग्रेस प्रत्याशी उनको टक्कर देते नजर नहीं आए।

# झुंझुनू में कांग्रेस को झटका-भांबू ने बडे अंतर से जीत दर्ज की, क्यों हारे ओला





झुंझुनू, 23 नवंबर (एजेंसियां)। झुंझुनू विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव की मतगणना पूरी हो चुकी है। इस विधानसभा सीट पर 22 राउंड की काउंटिंग में बीजेपी ने रिकॉर्ड जीत दर्ज की है। बीजेपी प्रत्याशी राजेन्द्र भांबू को 89599 वोट मिले हैं। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी अमित ओला को 42599 वोटों से पीछे छोड़ा हैं। ओला को कुल 47000 वोट मिले। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी पूर्व राजेन्द्र सिंह गुढ़ा को 38610 वोट मिले हैं।

बता दें कि इससे पहले झुंझुनू उपचुनाव की मतगणना के 15 राउंड पूरे होने तक भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र भांबू को 61145 वोट मिले थे। वहीं, कांग्रेस के अमित ओला को 30300 और निर्दलीय प्रत्याशी पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा को 29891 वोट मिले। इसी के साथ झुंझुनू सीट पर भाजपा जीत की ओर बढ़ती गई। भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल नजर आने लगा। कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। बैंड बाजे की धुन पर जमकर नाचे। जमकर आतिशबाजी की गई। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार करते नजर आए।

**कांग्रेस-बीजेपी दोनों को करनी पड़ी मशक्कत**

गौरतलब है कि झुंझुनूं सीट पर यह उपचुनाव कांग्रेस सांसद बृजेन्द्र सिंह ओला के विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद खाली हुई थी। ओला के बेटे अमित ओला को कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं बीजेपी ने राजेंद्र भांबू को मैदान में उतारा। निर्दलीय उम्मीदवार राजेंद्र सिंह गुढ़ा पहले शिवसेना से जुड़े थे। गुढ़ा को मिलने वाले वोटों कांग्रेस और बीजेपी दोनों के लिए महत्वपूर्ण साबित हुए।

# भाई जगमोहन बोले-जब अपने ही हो जाएं बेवफा तो क्या कीजिए



दौसा, 23 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान उपचुनावों की बहुचर्चित सीट दौसा में भजनलाल सरकार के कैबिनेट मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के भाई जगमोहन मीणा चुनाव हार गए हैं। जगमोहन मीणा को कांग्रेस प्रत्याशी दीनदयाल बैरवा ने 2300 मतों से अंतर से चुनाव हराया है। लेकिन नतीजे आने के साथ ही जगमोहन ने एक बयान देकर सियासी गलियारों में हलचल मचा दी है। उन्होंने हार का ठीकरा बीजेपी पर ही फोड़ दिया है। जगमोहन ने इशारों में कहा कि यह स्पष्ट हो चुका है कि हार के क्या कारण रहे। ये आपको भी मालूम है। जब अपने ही बेवफा हो जाएं तो क्या कीजिए।

यह सीट बीजेपी से ज्यादा किरोड़ीलाल मीणा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बनी हुई थी। लेकिन वह यहां अपनी प्रतिष्ठा नहीं बचा पाए। इसके पीछे कारण भितरघात को भी माना जा रहा है। क्योंकि यहां मीणा के भाई को टिकट दिए जाने पर किसी ने सरेआम तो मुखालफत नहीं कि लेकिन अंदरखाने पार्टी में रोष बताया जा रहा है। ऐसी चर्चा थी कि मतदान वाले दिन यहां बीजेपी के कार्यकर्ताओं में कोई उत्साह नहीं था। किरोड़ीलाल पूरे मुकाबले में अकेले पड़ गए थे। दौसा में बीजेपी की हार से अब यहां नए सियासी समीकरण बनने के आसार हो गए हैं। किरोड़ीलाल मीणा के दबदबे वाले इलाके में ही उनकी हार से उन पर सवाल उठेंगे।

# उदयपुर में थाना टीडी पुलिस की कार्रवाई

## 10 टन 400 किलो ग्राम अवैध खेर की लकड़ी से भरा ट्रक जब्त, दो अभियुक्त गिरफ्तार



उदयपुर, 23 नवंबर (एजेंसियां)। उदयपुर जिले की थाना टीडी पुलिस ने नाकाबंदी में गुजरात से उदयपुर आ रहे एक आयशर ट्रक से 10 टन 400 किलोग्राम अवैध खेर की गीली लकड़ी जब्त कर दो आरोपियों तिजारा निवासी वारिस और रामगढ़ जिला अलवर निवासी राहुल खान को गिरफ्तार किया है।

एसपी योगेश गोयल ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाडा व वृताधिकारी वृत गिर्वा सूर्यवीर सिंह के सुपरविजन में एसएचओ फैलीराम मय टीम द्वारा नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक लाल रंग का आईसर ट्रक गुजरात से उदयपुर की तरफ आ रहा है, जिसमे अवैध खेर की लकड़ी हो सकती है। सूचना पर संदिग्ध लग रहे वाहनों की सघनता से तलाशी ली गई। इसी दौरान मुखबिर के बताए अनुसार एक लाल रंग का ट्रक आता दिखा, जिसे पुलिस ने रुकवाने का ईशारा किया तो चालक ट्रक को भगा ले गया। नाकाबंदी कर रही पुलिस की टीम ने पीछा कर बड़ी मुश्किल से ट्रक को रुकवाया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम-पता वारिश निवासी तिजारा व पास बैठे व्यक्ति ने राहुल खान निवासी रामगढ़ जिला अलवर बताया। ट्रक के ऊपर से तिरपाल को हटाकर देखा तो अंदर खेर की गीली लकडी भरी हुई थी। जिसके कोई वैध कागजात आरोपियों के पास नहीं मिले। इस पर दोनो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान जारी है। इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल करतार सिंह व कांस्टेबल चंद्र कुमार की विशेष भूमिका रही।

# जोधपुर में रिटायर्ड एडिशनल एसपी के घर में लूट

## नौकरों ने बहू को नशीला पदार्थ खिलाया सोने-चांदी के गहने लेकर भागे

जोधपुर, 23 नवंबर (एजेंसियां)। जोधपुर में रिटायर्ड एडिशनल एसपी के घर में काम करने वाले 2 नौकरों ने लूट की वारदात की। आरोपियों ने घर में मौजूद रिटायर्ड एसपी की बहू को ग्रीन टी में नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश किया। इसके बाद सोने-चांदी के गहने लेकर फरार हो गए। नौकरों ने लूट के लिए बाहर से साथी बुलाए थे। रिटायर्ड एसपी अपने परिवार के साथ गुरुवार शाम गांव में शादी अटैंड करने गए थे। परिवार जब घर से निकला तब सब कुछ सही था। शुक्रवार को दोपहर 12.30 बजे उनकी पुत्र वधु त्वरिता का कॉल उनके बेटे लोकेंद्र के पास आया। त्वरिता की आवाज स्पष्ट नहीं थी लेकिन उसने यह बता दिया नौकर कीमती सामान चुरा ले गए उसे चाय में कुछ नशीला पदार्थ दिया गया है । इस पर रिटायर्ड एसपी ने पुलिस को सूचना दी। वह बेटे लोकेंद्र के साथ घर पहुंचे तो उनकी बहू बेहोशी की हालत में मिली। लूट की जानकारी मिलने पर पुलिस तुरंत एक्टिव हुई और आरोपियों का पीछा कर बिलाड़ा से पकड़ लिया। घटना बीजेएस इलाके की है।

# लव मैरिज से नाखुश परिजन फिल्मी स्टाइल में उठा ले गए बेटी, चीखता रहा पति और परिवार



बालोतरा, 23 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के बालोतरा जिले में एक चौंका देने वाली घटना सामने आई है. यहां लव मैरिज करने वाली युवती का अपहरण कर लिया गया है. लड़की को आरोपियों ने ऑटो रिक्शा से खींचा और फिर सड़क पर घसीटते हुए ले गए. घटना के वक्त लड़के का परिवार चिल्लाता रहा. बड़ी बात यह है कि हाईकोर्ट ने लव मैरिज के बाद नवविवाहित जोड़े को पुलिस प्रोटेक्शन भी दे रखा था।

पूरे घटनाक्रम को लेकर युवती के पति कुलदीप ने पुलिस सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं. कुलदीप का दावा है कि पुलिस ने उन्हें किसी तरह की सुरक्षा नहीं दी, इसलिए युवती के घरवाले ही उसे इस तरह से उठाकर ले गए. दरअसल, बालोतरा जिले के रहने वाले कुलदीप ने पास ही के कस्बे की रहने वाली मंजू से कुछ दिन पहले 11 नवंबर को ही हनुमान मंदिर में शादी की थी, लेकिन इस शादी से लड़की के घरवाले नाखुश थे. पति का शादी के बाद हमने हाईकोर्ट से सुरक्षा की गुहार लगाते हुए एसपी से भी मुलाकात की थी. लेकिन पुलिस ने हमें किसी तरह की सुरक्षा नहीं दी. शुक्रवार को हम टैक्सी में सवार होकर मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे. इसी दौरान पत्नी के परिवार के लोग उसे मारपीट कर जबरदस्ती उठाकर ले गए.

**20 सेकेंड का वीडियो वायरल**

पिछले कुछ घंटे से सोशल मीडिया पर इस घटना का एक वीडियो भी जमकर वायरल हो रहा है. इस वीडियो में स्कॉर्पियो से आए बदमाश एक टैक्सी को रुकवाते हैं और फिर टैक्सी में सवार युवती को जबरदस्ती नीचे उतारकर सड़क पर घसीटते हुए स्कॉर्पियो में डालते हैं. इस दरम्यान लड़की चिल्लाती रहती है. लड़के के परिवार के लोग विरोध करते हैं तो स्कॉर्पियो सवार बदमाश उनके साथ भी मारपीट करते हैं. आसपास के लोग यह देखकर दंग रह जाते हैं. इस पूरे मामले पर बालोतरा के एसपी कुंदन कंवरिया ने आजतक को बताया कि घटना के बाद एसआईटी का गठन कर पुलिस ने पूरी रेंज में नाकाबंदी करवाई गई है. आज पुलिस इस पूरे मामले से पर्दा उठाएगी.

# राजस्थान और महाराष्ट्र के परिणामों पर बोले शेखावत जनता ने मोदीजी के विजन पर मुहर लगाई है



जयपुर, 23 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की जीत पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मतदाताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान उपचुनाव में भाजपा का भगवा ध्वज अन्य दलों से बहुत ऊंचा रहा है, क्योंकि ईश्वर स्वरूप जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी पर अटूट विश्वास है। शनिवार को उपचुनाव की मतगणना के बाद अपनी प्रतिक्रिया में शेखावत ने कहा कि अमित शाह जी और जेपी नड्डा जी की संगठन क्षमता ने फिर से अपना प्रभाव दिखाया है। संवेदनशील मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का नेतृत्व पुनः प्रमाणित हुआ है। हरेक कार्यकर्ता साथी को इस विजय क्रम को बनाए रखने का श्रेय जाता है, जिनके परिश्रम से जनता-जनार्दन का स्नेहाशीष कायम है। महाराष्ट्र के नतीजों पर केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि देवतुल्य जनता ने मोदीजी के विजन पर मुहर लगाई है। इन नतीजों से साफ है कि महाराष्ट्र महायुति के साथ विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है। अपने बचाव के लिए अलगाव को बढ़ावा देने वाली पार्टियों को आत्मचिंतन करना चाहिए। वोट के लिए तुष्टीकरण और समाज में वैमनस्य पैदा कर जनता का दिल नहीं जीता जाता।

# क्या राजस्थान के स्टूडेट्स को नहीं मिलेंगे फ्री स्वेटर-जूते

## शिक्षामंत्री मदन दिलावर बोले-सीएसआर फंड आने पर ही उपलब्ध कराए जाएंगे



जयपुर, 23 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को सर्दी में स्वेटर और जूते के लिए थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- फिलहाल शिक्षा विभाग स्टूडेंट्स को फ्री स्कूल ड्रेस ही देगा। अगर हमारे पास पर्याप्त सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी) फंड आएगा, तभी स्टूडेंट्स को स्वेटर और जूते उपलब्ध कराए जाएंगे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा-राजस्थान के शिक्षा विभाग द्वारा स्टूडेंट्स को फ्री स्वेटर और जूते (शूज) देने की घोषणा नहीं की गई है। शिक्षा विभाग द्वारा जो यूनिफॉर्म स्टूडेंट्स को दी जाती है। उसके साथ हम सीएसआर एक्टिविटी के तहत स्वेटर और जूते (शूज) स्टूडेंट्स को देने की कोशिश करेंगे।

**कांग्रेस ने स्टूडेंट्स के साथ निकली दुश्मनी**

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- कांग्रेस की पूर्व सरकार ने काफी पाप किए हैं। यहां बिल्डिंग नहीं थी, वहां उन्होंने स्कूल खोल दिए। जहां इंग्लिश मीडियम में पढ़ाने वाले नहीं थे। वहां उन्होंने इंग्लिश मीडियम स्कूल का बोर्ड लगा दिया। यह कांग्रेस ने राजस्थान के स्टूडेंट के साथ सबसे बड़ी शत्रुता की है। जहां बिल्डिंग नहीं थी, टीचर नहीं थे। फिर भी उस स्कूल को इंग्लिश मीडियम बना दिया। पूर्व कांग्रेस सरकार ने हिंदी मीडियम स्कूलों से आधे टीचर इंग्लिश मीडियम स्कूलों में भेज दिए।

इससे न हिंदी मीडियम स्कूल वाले स्टूडेंट्स पढ़ पाए और न ही इंग्लिश मीडियम स्कूल वाले स्टूडेंट्स की पढ़ाई हो पाई। इससे राजस्थान के स्टूडेंट्स का बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। सीधे शब्दों में कहूं तो कांग्रेस ने राजस्थान के स्टूडेंट से दुश्मनी निकालने का काम किया है। कांग्रेस स्टूडेंट्स को पढ़ने नहीं देना चाहती थी। उनसे स्टूडेंट की पढ़ाई अच्छी नहीं जा रही थी। बल्कि, पूर्व सरकार स्टूडेंट्स की पढ़ाई को डिस्टर्ब करने का काम कर रही थी।

# कोटा में हॉस्टल की छठी मंजिल से कूदा स्टूडेंट

कोटा, 23 नवंबर (एजेंसियां)। कोटा में एक और जेईई स्टूडेंट ने हॉस्टल की छठी मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया। छात्र मध्य प्रदेश के अनूपपुर का रहने वाला था। घटना शुक्रवार दे रात तीन बजे ओल्ड राजीव गांधी नगर इलाके की है।

स्टूडेंट ने पहले बालकनी में लगे नेट को कोटा फिर 70 फीट की ऊंचाई से छलांग लगा दी। डीएसपी योगेश शर्मा ने बताया- स्टूडेंट विवेक कुमार (18) पुत्र इंद्रदेव कुमार ने सुसाइड किया है। घटना के बाद स्टूडेंट को हॉस्टल संचालक निजी हॉस्पिटल लेकर गए थे। इसके बाद पुलिस व एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची थी।

**इसी साल अप्रैल में कोटा आया था स्टूडेंट**

पुलिस ने शनिवार सुबह हॉस्टल में स्टूडेंट के कमरे की तलाशी ली है। पेरेंट्स को घटना की जानकारी देने के बाद हॉस्टल संचालक और हॉस्टल में रह रहे स्टूडेंट्स से भी पूछताछ की जा रही है। शव को एमबीएस हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है।स्टूडेंट इसी साल अप्रैल में एमपी से आया था।

## राजस्थान यूनिवर्सिटी में पेट्रोल से जले टीचर की मौत

**आग लगने के बाद इधर-उधर दौड़ रहा था, कैंपस में खेल रहे बच्चों ने दी थी जानकारी**

जयपुर, 23 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान यूनिवर्सिटी में 21 नवंबर को जले ग्रेड थर्ड टीचर की शनिवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। ऋतिक पिछले दो दिनों से जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के बर्न वार्ड में एडमिट था। जयपुर के बस्सी के बड़वा गांव का रहने वाला ऋतिक मल्होत्रा राजस्थान यूनिवर्सिटी के फिजिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट का पूर्व छात्र था। वह 22 नवंबर को ही पीटीआई के पद पर जॉइनिंग करने वाला था। गुरुवार को कैंपस में वह पेट्रोल से जल गया था। वहां मौजूद दूसरे स्टूडेंट्स ने उसे जलते हुए देखा था।

# 2 करोड़ के आईफोन चोरी का खुलासा


## दोस्त निकला मास्टरमाइंड, पांच गिरफ्तार



जयपुर, 23 नवंबर (एजेंसियां)। जयपुर के जवाहर नगर स्थित हॉटस्पॉट मोबाइल शोरूम से 2 करोड़ रुपये के आईफोन चोरी के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है. पुलिस ने शोरूम मालिक रमींद्र सिंह मखीजा के 10 साल पुराने दोस्त को इस चोरी का मास्टरमाइंड बताया है. इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें चोरी का माल खरीदने वाला एक व्यक्ति भी शामिल है. पुलिस के अनुसार, यह चोरी 6 नवंबर को हुई थी. तीन चोरों ने शोरूम का शटर तोड़कर 120 नए आईफोन, 150 पुराने आईफोन, आईपैड, और मैकबुक समेत करीब 2 करोड़ रुपये का सामान चुरा लिया. घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि फुटेज के आधार पर जांच शुरू हुई. चोरों ने चोरी के बाद एक बाइक का इस्तेमाल किया, जिसे 50 किलोमीटर दूर छोड़ दिया और फिर एक किराए की कार में सवार हो गए. कार के रजिस्ट्रेशन नंबर से पता चला कि वह इंदौर की एक रेंटल एजेंसी से ली गई थी. कंपनी से किराए पर कार लेने वाले का पता किया और इंदौर में चारों चोरों को पकड़ लिया। गिरफ्तार चोरों ने पूछताछ में बताया कि चोरी का माल मुंबई में समीर अहमद शेख नाम के शख्स को बेचना था. चोरी के माल की बरामदगी के लिए तुरंत पुलिस की एक टीम मुंबई भेजी गई और समीर अहमद शेख को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने इंदौर से मास्टरमाइंड सफान खान और उसके साथियों रामभरोसे पटेल, जतिन हाडा और राजेश उर्फ खन्ना को गिरफ्तार किया। इनसे पूछताछ में माल मुंबई में समीर अहमद शेख को बेचे जाने की जानकारी मिली. समीर को मुंबई से गिरफ्तार किया गया और 1.50 करोड़ रुपए की कीमत का चोरी का माल बरामद हुआ. पूछताछ में पता चला कि चोरी के आईफोन बांग्लादेश भेजने की योजना पहले से ही तैयार थी. पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# कोडंगल में यह फार्मा सिटी नहीं, बल्कि औद्योगिक गलियारा है : सीएम



हैदराबाद, 23 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। लागाचेरला घटना को लेकर तेलंगाना राज्य में हर तरफ से आलोचना का सामना कर रही कांग्रेस सरकार के सामने आने के बाद, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने इस परियोजना पर स्पष्टता दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार कोडंगल में फार्मा सिटी नहीं, बल्कि केवल औद्योगिक गलियारा स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि औद्योगिक गलियारा स्थापित करने का उद्देश्य कोडंगल विधानसभा क्षेत्र में युवाओं और महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा, कोडंगल के विधायक के रूप में, निर्वाचन क्षेत्र का विकास मेरी जिम्मेदारी है। मैं अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को क्यों परेशान करूंगा। वाम दलों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को सचिवालय में रेवंत रेड्डी से मुलाकात की और लागाचेरला घटना पर मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा। वामपंथी दलों के नेताओं के साथ बातचीत के दौरान रेवंत रेड्डी ने लागाचेरला घटना पर अपनी भावनाएं साझा कीं। मुख्यमंत्री ने आगे स्पष्ट किया कि केवल प्रदूषण मुक्त उद्योग ही स्थापित किए जाएंगे और भूमि अधिग्रहण के लिए मुआवजे में वृद्धि पर भी विचार किया जाएगा।

# तेलंगाना सरकार शहरी प्रदूषण संकट को रोकने के लिए प्रतिबद्ध : उत्तम

हैदराबाद, 23 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिंचाई, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने शहरी क्षेत्रों में बढ़ते प्रदूषण संकट से निपटने की अपनी रणनीति के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा देने के लिए तेलंगाना सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। शनिवार को एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया (एएससीआई) में रैप इको मोटर्स द्वारा 'मेक इन इंडिया' उत्पाद 'ई-राजा एल-5 सेगमेंट इलेक्ट्रिक ऑटो' के लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए, उत्तम कुमार रेड्डी ने शहरी प्रदूषण को दूर करने के लिए तत्काल और दीर्घकालिक दोनों उपायों की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य, आर्थिक उत्पादकता और पर्यावरणीय स्थिरता को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। मंत्री ने दिल्ली जैसे शहरों में खतरनाक रुझानों की ओर इशारा किया, जहां सड़कों पर वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण वायु गुणवत्ता तेजी से खराब हो रही है। उन्होंने कहा, वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन शहरी प्रदूषण में सबसे बड़ा योगदान देता है, जिससे श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि, जीवन प्रत्याशा में कमी और समग्र स्वास्थ्य की स्थिति बिगड़ती है। यह एक ऐसा संकट है जिसके लिए त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता है।

दिल्ली की वायु गुणवत्ता आपातकाल के साथ समानताएं बताते हुए उन्होंने चेतावनी दी, अनियंत्रित प्रदूषण हमारे शहरों को एक समान स्वास्थ्य और पर्यावरणीय आपदा में धकेल सकता है, जिससे लोगों को रहने लायक परिस्थितियों में रहने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। तेलंगाना ऐसी स्थिति को रोकने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने बताया कि अपनी हरित गतिशीलता पहल के हिस्से के रूप में, तेलंगाना सरकार ने दोपहिया, तिपहिया (ऑटोरिक्शा और हल्के माल वाहक) और इलेक्ट्रिक बसों सहित विभिन्न श्रेणियों में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए सड़क कर और पंजीकरण शुल्क पर 100 प्रतिशत छूट लागू की है। ये प्रोत्साहन अग्रिम लागत को कम करने और व्यक्तियों और व्यवसायों दोनों के लिए ईवी स्वामित्व को सुलभ बनाने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि राज्य ने तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा संचालित इलेक्ट्रिक बसों को अतिरिक्त सहायता दी है, जिन्हें अनिश्चितकालीन छूट प्राप्त है। इसके अलावा, कर्मचारी परिवहन के लिए इलेक्ट्रिक बसों का उपयोग करने वाले निजी उद्योगों को दिसंबर 2026 तक कर छूट का लाभ मिलता है।

रेड्डी ने कहा, यह प्रदूषणकारी डीजल और पेट्रोल वाहनों को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने और उनकी जगह स्वच्छ इलेक्ट्रिक विकल्प लाने की एक बड़ी रणनीति का हिस्सा है। पारंपरिक वाहनों के कारण बढ़ती स्वास्थ्य लागत और पर्यावरण क्षरण को कम करने के लिए यह एक आवश्यक कदम है। मंत्री उत्तम ने वायु प्रदूषण के स्वास्थ्य परिणामों के बारे में विस्तार से बताया, जिसमें जहरीली हवा के लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण फेफड़ों की बीमारियों, हृदय संबंधी बीमारियों और अन्य स्थितियों के बढ़ते मामलों का हवाला दिया गया।

उन्होंने कहा, प्रदूषण अब केवल एक पर्यावरणीय चिंता नहीं है, यह एक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल है। हमारा स्वास्थ्य ढांचा पहले से ही तनावग्रस्त है, और प्रदूषण से संबंधित बीमारियों के इलाज का आर्थिक बोझ आसमान छू रहा है। उन्होंने इस मुद्दे को आर्थिक उत्पादकता से भी जोड़ा, यह बताते हुए कि खराब वायु गुणवत्ता पर्यटन को हतोत्साहित करती है, वायु शोधन के लिए ऊर्जा लागत को बढ़ाती है, और जीवन की गुणवत्ता को कम करती है। उन्होंने कहा, स्वच्छ तेलंगाना न केवल जीवन स्थितियों में सुधार करेगा, बल्कि निवेश, व्यवसाय और पर्यटन के लिए सकारात्मक छवि भी बनाएगा।

# पर्याप्त बस सेवाओं की कमी से छात्रों, यात्रियों को परेशानी

हैदराबाद, 23 नवम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। अपनी बढ़ती आबादी और विस्तारित बुनियादी ढांचे के लिए जाना जाने वाला एक व्यस्त महानगर हैदराबाद, सार्वजनिक परिवहन की एक महत्वपूर्ण समस्या का सामना कर रहा है। शहर के कई प्रमुख क्षेत्रों में पर्याप्त और सीधी बस सेवाओं की कमी के कारण कई यात्री, विशेष रूप से छात्र, संघर्ष कर रहे हैं।

कई छात्रों के लिए, अपने घरों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच आवागमन के लिए किफायती सार्वजनिक परिवहन आवश्यक है। हालाँकि, सीधे बस मार्गों की कमी और बसों की सीमित उपलब्धता के कारण उनके लिए समय पर अपने गंतव्य तक पहुँचना मुश्किल होता जा रहा है।

अलवाल, उप्पल, माधापुर , इब्राहिमपट्टनम, कुकटपल्ली , शादनगर, केशमपेट, अट्टापुर, अमंगल जैसे इलाकों के छात्रों ने बसों की कम संख्या और कॉलेजों और विश्वविद्यालयों तक पहुँचने के लिए कई कनेक्शन लेने की ज़रूरत के बारे में चिंता व्यक्त की है। मेट्रो बसों को सामान्य बसों की तुलना में ज़्यादा संख्या में चलाया जा रहा है। इसी तरह मेहंदीपट्टनम, बहादुरपुरा, रेतिबौली, किशनबाग और अन्य इलाकों के यात्रियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उप्पल की छात्रा राधिका ने कहा कि मुझे गाचीबोवली में अपने कॉलेज जाने के लिए हर दिन दो बसें बदलनी पड़ती हैं, जिसमें न केवल बहुत समय लगता है बल्कि थकान भी होती है। बसें अक्सर भीड़ भरी होती हैं और देरी होना आम बात है। यह निराशाजनक है क्योंकि हम हर दिन सड़क पर घंटों बिताते हैं।

